आवश्यकता
शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी
एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता
की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 121 ● नई दिल्ली, शनिवार, 05 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 बाल विवाह उन्मूलन को लेकर अररिया अनुमंडल के टेंट ...

## ख़ास ख़बर

### गृह सचिव अजय भल्ला को 22 अगस्त 2024 तक एक साल का सेवा विस्तार मिला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को शुक्रवार को 22 अगस्त, 2024 तक एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश से यह जानकारी मिली। यह इस पद पर उनका चौथा सेवा विस्तार है। असम-मेघालय कैडर के 1984 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी भल्ला को अगस्त 2019 में गृह सचिव नियुक्त किया गया था। भल्ला को 60 वर्ष की उम्र पूरी होने पर नवंबर 2020 में सेवानिवृत्त होना था। उनका कार्यकाल पहली बार 17 अक्टूबर, 2020 को 22 अगस्त, 2021 तक बढ़ाया गया था।

### बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रोहित देव ने पद से इस्तीफा दिया

**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रोहित देव ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ के न्यायमूर्ति देव ने अदालत में कई वकीलों की मौजूदगी में यह घोषणा की। उसके बाद आज के लिए उनके समक्ष सूचीबद्ध मामले निस्तारित मान लिए गए। अदालत कक्ष में मौके पर मौजूद एक वकील के अनुसार न्यायमूर्ति देव ने इस्तीफा देने की वजह स्पष्ट नहीं की है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह अपने आत्म सम्मान के विरुद्ध काम नहीं कर सकते।

### प्रधानमंत्री मोदी देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक ऐतिहासिक पहल के तहत छह अगस्त को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी।प्रधानमंत्री जिन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशीला रखेंगे, उनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 55-55, बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात और तेलंगाना के 21-21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के 18-18 स्टेशन शामिल हैं। इनमें हरियाणा के 15 और कर्नाटक के 13 स्टेशन भी शामिल हैं।पीएमओ ने कहा कि इस पुनर्विकास परियोजना की लागत 24,470 करोड़ रुपए होगी और इससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान होंगी।मोदी अक्सर अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रावधान पर जोर देते हैं और रेलवे लोगों के परिवहन का पसंदीदा साधन है। पीएमओ ने कहा कि उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व को प्राथमिकता दी है। बयान में कहा गया है कि इस दृष्टिकोण से निर्देशित होकर।,309 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई। इस योजना के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री द्वारा 508 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी जा रही है। पीएमओ ने कहा, इन स्टेशनों का पुनर्विकास 24,470 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किया जाएगा।

# राहुल की दोषसिद्धि पर रोक, लोकसभा सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में शुक्रवार को उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी। लोकसभा अध्यक्ष अब उनकी सदस्यता बहाल कर सकते हैं या राहुल गांधी शीर्ष अदालत के आदेश के परिप्रेक्ष्य में एक सांसद के रूप में अपनी सदस्यता बहाल करने की अपील कर सकते हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने का आग्रह किया। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल मई 2024 में समाप्त हो रहा है। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने राहुल गांधी को दोषी ठहराते समय कोई कारण नहीं बताया, सिवाय इसके कि उन्हें अवमानना मामले में शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी थी।
शीर्ष अदालत ने राफेल मामले के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ उनकी चौकीदार चोर है टिप्पणी को गलत तरीके से बताने के लिए राहुल गांधी द्वारा बिना शर्त माफी के बाद उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद करते हुए भविष्य में उन्हें और अधिक सावधान रहने की चेतावनी दी थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां तक दोषसिद्धि का सवाल है, भारतीय दंड संहिता की धारा 499 (मानहानि) के तहत दंडनीय अपराध के लिए सजा अधिकतम दो



साल की कैद या जुर्माना या दोनों है और निचली अदालत ने अधिकतम दो वर्ष की सजा सुनाई। पीठ ने कहा, अवमानना मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई चेतावनी के अलावा निचली अदालत के न्यायाधीश द्वारा इसके (दोषसिद्धि) लिए कोई अन्य कारण नहीं बताया गया। केवल निचली अदालत के न्यायाधीश द्वारा सुनाई गई।

### यह संविधान और लोकतंत्र की जीत है : खरगे

मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बाद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि यह संविधान की और लोकतंत्र की जीत है तथा यह उम्मीद अभी बाकी है कि न्याय मिल सकता है। खरगे ने यहां संवाददाताओं से कहा आज खुशी का, बड़ा दिन है। यह सिर्फ राहुल गांधी की ही जीत नहीं है। यह संविधान की जीत है, लोकतंत्र की जीत है, यह वायनाड के लोगों और मतदाताओं की जीत है और भारत की जनता की जीत है। सत्यमेव जयते। कांग्रेस अध्यक्ष ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा हम फैसले का स्वागत करते हैं। अभी संविधान जिंदा है। न्याय मिल सकता है और यह उम्मीद अभी बाकी है।

### ममता बनर्जी ने फैसले का स्वागत किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्चतम न्यायालय के उस फैसले की सराहना की। इससे गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बनर्जी ने ट्वीट किया, मैं राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाली की खबर से खुश हूं। यह हमारी मातृभूमि के लिए एकजुट होकर लड़ने और जीतने के विपक्षी गठबंधन इंडिया के संकल्प को और मजबूत करेगा। न्यायपालिका की जीत। वहीं, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के ट्वीट को साझा करते हुए कहा, नैतिक ब्रह्मांड का चक्र लंबा है लेकिन यह न्याय की ओर झुकता है। उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना करते हुए इसे लोकतुत्र की जीत बताया।


### सत्य की हमेशा जीत होती है, मैं समर्थन के लिए लोगों को धन्यवाद देता हूं: राहुल गांधी



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि के मामले में उच्चतम न्यायालय से राहत मिलने के बाद शुक्रवार को कहा कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है। गांधी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों सच्चाई की जीत होती ही है। मुझे क्या करना है, उसे लेकर मेरे मन में स्पष्टता है। उन्होंने लोगों को उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले गांधी ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, वह भारत की अवधारणा (आइडिया ऑफ इंडिया) की रक्षा करने का अपना कर्तव्य निभाते रहेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, चाहे कुछ भी जाए, मेरा कर्तव्य वही रहेगा। भारत की अवधारणा की रक्षा करना।

# चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने दो-तिहाई दूरी तय की

## आज चंद्रमा की कक्षा में करेगा प्रवेश




**एजेंसी/ बेंगलुरु**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को कहा कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने 14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद से चंद्रमा की लगभग दो-तिहाई दूरी तय कर ली है।चंद्रयान-3 को प्रक्षेपित किए जाने के बाद से उसे कक्षा में ऊपर उठाने की प्रक्रिया को पांच बार सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। एक अगस्त को अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा से ऊपर उठाकर चंद्रमा की ओर बढ़ाने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया गया और यान को ट्रांसलूनर कक्षा में डाल दिया गया। इसरो के अनुसार कल, एक और महत्वपूर्ण प्रयास में अंतरिक्ष यान को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया जाएगा।
राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिक्ष यान को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित करने की प्रक्रिया पांच अगस्त को शाम करीब सात बजे के लिए निर्धारित है। इसरो ने कहा कि यह प्रयास तब किया जाएगा जब चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पास होगा। इससे पहले, उसने कहा था कि वह 23 अगस्त को चंद्रयान-3 की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने की कोशिश करेगा।

## ज्ञानवापी मस्जिद

# एएसआई के वैज्ञानिक सर्वे को कोर्ट की हरी झंडी



**एजेंसी/ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी। यद्यपि मुस्लिम पक्ष ने शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान एएसआई सर्वेक्षण की कवायद को पुराने घाव को हरा किया जाना बताया। सर्वेक्षण यह तय करने के लिए किया जा रहा है कि क्या 17वीं शताब्दी की मस्जिद का निर्माण एक हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एएसआई को सर्वेक्षण के दौरान किसी भी तरह की तोड़फोड की कार्वाई से मना कर दिया।
पीठ ने एएसआई और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों का संज्ञान लिया कि सर्वेक्षण के दौरान कोई खुदाई नहीं की जाएगी और न ही संरचना को कोई नुकसान पहुंचाया जाएगा। पीठ ने कहा, ‟सॉलिसिटर जनरल के जरिए एएसआई की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि (विवादित) स्थल पर कोई खुदाई किए बिना और संरचना को कोई नुकसान पहुंचाए बिना सर्वेक्षण का काम पूरा किया जाएगा” पीठ ने कहा, ‟यह नहीं कहा जा सकता कि सीपीसी (नागरिक प्रक्रिया संहिता) के आदेश 26 नियम 10ए के तहत निचली अदालत का आदेश प्रथम दृष्टया क्षेत्राधिकार के बिना है” शीर्ष अदालत ने कहा कि एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के साक्ष्य मूल्य को मुकदमे में सुनवाई के दौरान परीक्षण से गुजरना है और इस पर जिरह करने और आपत्तियां दर्ज कराने का रास्ता अब भी खुला है।
न्यायालय ने कहा कि इसलिए, ऐसा नहीं समझा जाना चाहिए कि एएसआई की रिपोर्ट अपने आप में विवादग्रस्त मामलों का निर्धारण करती है।

### सभी भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से ही देश सशक्त होगा : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि हिंदी की स्थानीय भाषाओं से प्रतिस्पर्धा नहीं है और सभी भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से ही देश सशक्त होगा। यहां राजभाषा पर संसदीय समिति की 38वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक मंचों पर हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं को गर्व के साथ प्रस्तुत करते हैं। 10 भाषाओं में इंजीनियरिंग और मेडिकल पाठ्यक्रम शुरू करने की पहल की है ।

# संसद भले ही उन्हें राहत दे दे, लेकिन राहुल पर खतरा बना हुआ है: भाजपा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि संसद अभी कुछ हद तक कुछ कर सकती है लेकिन कांग्रेस नेता पर अब भी खतरा बना हुआ है, क्योंकि उनके खिलाफ कई अन्य आपराधिक मानहानि के मामले लंबित हैं। राहुल गांधी को बड़ी राहत देते हुए शीर्ष अदालत ने 2019 के मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी। इस फैसले ने उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल करने का



मार्ग प्रशस्त कर दिया है।लोकसभा अध्यक्ष अब राहुल की सदस्यता को बहाल कर सकते हैं या फिर गांधी सांसद के रूप में अपनी सदस्यता बहाल करने की मांग कर सकते हैं। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक ट्वीट में कहा, बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी? मालवीय ने कहा कि गांधी के खिलाफ कई अन्य आपराधिक मानहानि के मामले लंबित हैं, जिनमें स्वतंत्रता सेनानी के परिवार द्वारा दायर आदरणीय वीर सावरकर पर कीचड़ उछालने का हाई प्रोफाइल मामला भी शामिल है।भाजपा नेता ने कहा, नेशनल हेराल्ड घोटाले में राहुल गांधी भी अपनी मां सोनिया गांधी के साथ आरोपी हैं और फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से किसी भी मामले में दोषी ठहराए जाने पर गांधी को फिर से अयोग्य ठहराया जा सकता है।

### मैंने कुछ गलत नहीं किया, इसी बात ने मुझे जेल में सकारात्मक बने रहने में मदद की: परेरा

**मुंबई।** मादक पदार्थ मामले में शारजाह की एक जेल से 27 दिन की कैद के बाद रिहा होने वाली अभिनेत्री क्रिसन परेरा ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया और इसी बात ने उन्हें जेल में सकारात्मक बने रहने में मदद की। परेरा जेल से रिहा होने के बाद मुंबई लौट आई हैं और कामना की कि किसी को भी इस अनुभव से नहीं गुजरना पड़े।परेरा (27) ने सड़क दो में अभिनय किया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और उनकी मदद के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

# भारत ने बढ़ती ईंधन कीमतों के प्रभाव से अपने को बचाए रखा : पुरी

**एजेंसी/ अहमदाबाद**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता के बावजूद भारत ने पेट्रोलियम उत्पादों की किफायती कीमत को बरकरार रखा और पड़ोसी देशों तथा कई बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के मुकाबले पिछले दो वर्ष में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी की गई। उन्होंने कुछ संवाददाताओं के साथ बातचीत में तेल की कीमतों को लेकर सरकार की आलोचना करने पर विपक्ष को आड़े हाथ लिया और कहा कि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले पेट्रोल और डीजल की कीमत अधिक है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों में पेट्रोलियम उत्पादों पर मूल्यवर्धित कर (वैट) में कमी की गई है ताकि कीमत को नीचे लाया जा सके। मंत्री ने यह भी कहा कि भारत अपनी तेल शोधन क्षमताओं का विस्तार करने की प्रक्रिया में है। पुरी ने व्यापार और विदेश नीति के क्षेत्र में मोदी सरकार की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत पहले से ही दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेलशोधन केंद्र है, लेकिन केंद्र सरकार इसे अब दूसरा सबसे बड़ा रिफाइनिंग केंद्र बनने जा रही है।

# जब राज्यसभा में सभापति धनखड़ ने कांग्रेस सदस्य दीपेंद्र हुड्डा से मांगी गुरु दक्षिणा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राज्यसभा में पिछले कई दिनों से विभिन्न मुद्दों पर जारी हंगामे और शोरगुल के बीच शुक्रवार को उस समय कुछ देर के लिए माहौल खुशनुमा हो गया जब सभापति जगदीप धनखड़ ने एक सदस्य से गुरु दक्षिणा मांग ली।उन्होंने यह गुरु दक्षिणा कांग्रेस के सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा से मांगी। उन्होंने गुरु दक्षिणा के रूप में हुड्डा से सदन के एक सदस्य को उनकी तरफ से जन्मदिन का उपहार भेंट करने को कहा।दरअसल, यह वाक्या उस समय हुआ जब धनखड़ सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर



आज के दिन जन्म लेने वाले कुछ सदस्यों को बधाई दे रहे थे। इस क्रम में उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सदस्य मनोज झा का नाम लिया और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। झा के अलावा सभापति ने वेंकटरमण राव मोपीदेवी (वाईएसआर कांग्रेस पार्टी) और इमरान प्रतापगढ़ी (कांग्रेस) को जन्मदिन की बधाई दी। सभापति ने उल्लेख किया कि हुड्डा अजमेर के मेयो कॉलेज के छात्र रहे हैं और इस नाते उनके पास कांग्रेस नेता का अभिभावक होने का विशेषाधिकार है क्योंकि वहीं से उन्होंने भी पढ़ाई की है।उन्होंने कहा, इसलिए गुरु दक्षिणा के तौर पर हुड्डा दिन के अंत तक प्रोफेसर झा को अपनी जेब से मेरी ओर से उपहार देंगे... आम आदमी पार्टी के सुशील कुमार गुप्ता द्वारा इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उनके इतना कहते ही सदन में ठहाके गूंज उठे। गुरु दक्षिणा शिक्षा पूरी करने के बाद अपने शिक्षक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की एक प्राचीन भारतीय परंपरा है।

**खुलासा** (माकपा) की केरल इकाई के सचिव एम.वी. गोविंदन का खुलासा

# यह कभी नहीं कहा कि भगवान गणेश एक मिथक हैं : माकपा नेता

**तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली**



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की केरल इकाई के सचिव एम.वी. गोविंदन ने शुक्रवार को कहा कि न तो उन्होंने और न ही विधानसभा अध्यक्ष ए.एन. शमसीर ने कभी कहा कि भगवान गणेश एक मिथक हैं। माकपा नेता ने इस मुद्दे पर राजनीतिक विरोधियों और मीडिया के एक वर्ग द्वारा चलाए गए गलत अभियान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश और अल्लाह दोनों अपने-अपने धर्मावलंबियों की आस्था का हिस्सा हैं और उन्हें (गोविंदन) यह कहने की कोई जरूरत नहीं है कि वे सिर्फ मिथक हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की शिक्षा नीति की आलोचना करते हुए एर्नाकुलम जिले के एक स्कूल में अपने संबोधन के दौरान हिंदू देवता के बारे में शमसीर की कथित टिप्पणियों पर प्रभावशाली नायर समुदाय के संगठन एनएसएस सहित हिंदू संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है, जिसके बाद गोविंदन का यह बयान आया है। नई दिल्ली में गोविंदन ने संवाददाताओं से कहा कि माकपा हमेशा सच्चे आस्थावान लोगों के साथ रही है। उन्होंने कहा कि केरल का समाज, जो इतिहास और विज्ञान को एक साथ लेकर आगे बढ़ता है, पार्टी के रुख से अच्छी तरह वाकिफ है।
गोविंदन का बयान हाल ही में एक प्रेस वार्ता के दौरान उनकी कथित विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अभियान के मद्देनजर आया है। गोविंदन ने कहा, मैंने ऐसा कभी नहीं कहा...आप कृपया प्रेसवार्ता का वीडियो दोबारा देखें।

# मणिपुर: संयुक्त बलों ने तलाशी अभियान चला अवैध बंकर नष्ट किए

**एजेंसी/ इंफाल**

मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि विभिन्न जिलों में हाल में हुई हिंसा के बाद संयुक्त बलों ने संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाकर सात अवैध बंकरों को नष्ट किया। मणिपुर सरकार ने आम लोगों को आवश्यक सामान खरीदने की सुविधा देने के लिए इंफाल ईस्ट और वेस्ट जिलों में शुक्रवार को सुबह पांच बजे से सात घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी है। पुलिस ने ट्वीट कर कहा, सुरक्षा बलों ने राज्य के संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। कौत्रुक पहाड़ी क्षेत्र में संयुक्त सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाकर सात अवैध बंकर को नष्ट कर दिया।

## खास ख़बर

# डी.आर.डी.ए. सभा भवन में एक दिवसीय हुई कार्यशाला



**अररिया।**समाहरणालय स्थित डी.आर.डी.ए. सभा भवन में आज GIZ द्वारा समर्थित ERADA परियोजना की एक दिवसीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, महात्मा गाँधी नरेगा, जीविका, कृषि, बागवानी, पशु चिकित्सा, मत्स्य कार्यालय के जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के रानीगंज के पदाधिकारियों एवं प्रसार कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला की शुरुआत करते हुए उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार ने कहा की महात्मा गाँधी नरेगा और जीविका एवं अन्य अनुसांगिक कार्यालयों को आपसी समन्वय के साथ गाँव के किसानों, दैनिक मजदूरों, महिलाओं के आजीविका के विकास हेतु विशेष प्रयास करना होगा। इसके बाद ERADA प्रोजेक्ट के राज्ज

# यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है- इंतखाब आलम



**नई दिल्ली/अररिया।**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डॉक्टर नरेश कुमार ,इंतखाब आलम,अबू ताहिर अली व्यापारी मोहन प्रकाश राजोरा, ने संयुक्त बयान जारी कर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी के फैसले का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की है. उन्होंने कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है और माननीय सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से श्री राहुल गांधी के सदस्य को पुनः बहाल करना न्याय की जीत है इन्होंने कहा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है अब श्री राहुल गांधी जी की सदस्यता बहाल होगी और 2024 का चुनाव लड़ेंगे भी चुनाव लड़ाएंगे भी यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है. बहुत-बहुत बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं।

# सभी करणी सैनिक को एक जुट होकर संगठन के विस्तार पर काफ़ी बल देने का जिलाध्यक्ष ने दिया निर्देश



**बिहारीगंज।**श्री राष्टीय राजपूत करणी सेना मधेपुरा के जिलाध्यक्ष डॉक्टर विक्रम सिंह के नेतृत्व में करणी सेना की एक टीम आज बिहारीगंज प्रखंड अंतर्गत मधुकरचक गांव में संगठनात्मक दौरा किया

इस दौरान संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने मधुकरचक के जिला परिषद सदस्य संजय सिंह के आवास पर एक बैठक आयोजित किया बैठक में शैलेंद्र सिंह पूर्व जिला परिषद सदस्य अतुल सिंह विनोद सिंह करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह जिला प्रवक्ता निर्भय सिंह जिला कोषाध्यक्ष मनीष सिंह एवं बिहारीगंज प्रखंड अध्यक्ष कुलकुल सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर व्यापक चर्चा हुई जिसमें जिलाध्यक्ष डॉक्टर बिक्रम सिंह के अलावा कई वक्ताओं ने अपने शब्दों को रखा और सभी करणी सैनिक को एक जुट होकर संगठन के विस्तार पर काफ़ी बल देने का निर्देश दिया ।

# एडीजे सह डीएलएसए सचिव ने मंडल कारा व पर्यवेक्षक गृह का किए निरीक्षण, मंडल कारा का निरीक्षण कर उनके अधीक्षकों को दिये आवश्यक कई निर्देश

### एडीजे रवि कुमार ने निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों व उनके बच्चों के खानपान की ली सुधि





**अररिया।**शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह के निर्देश पर सिविल कोर्ट के एडीजे सह डीएलएसए सेक्रेटरी रवि कुमार ने मंडल कारा अररिया सहित पर्यवेक्षक गृह का औचक निरीक्षण किये। औचक निरीक्षण के क्रम में जेल मे बंद सज़ावार व विचाराधीन बंदियों से रूबरू हुए।

वही पर्यवेक्षक गृह में अररिया, मधेपुरा व किशनगंज से आये बच्चों से मुलाकात किये। इसके बाद एडीजे रवि कुमार ने कई मामलो मे मंडल कारा व पर्यवेक्षक गृह कर अधीक्षको को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। मंडल कारा अररिया मे प्रवेश करते हुए एडीजे रवि कुमार के साथ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मुकेश कुमार व जेएम मिथिलेश कुमार दास का स्वागत बंदियों द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट के साथ किया। जेल के विभिन्न वार्डो मे अच्छी बागवानी व साफ सफाई देखकर एडीजे सह डीएलएसए सचिव रवि कुमार काफी प्रभावित हुए।एडीजे सह डीएलएसए सचिव रवि कुमार जेल में बने बंदियो के रहने वाले वार्ड क्रमशः गंगा खंड, यमुना खंड, सरस्वती खंड, ब्रह्मपुत्र खंड, कृष्णा-कावेरी खंड, तरुण खंड, बुजुर्ग खंड, गोदावरी महिला खंड के अलावा सुरक्षा सेल, अंडा सेल, चिकित्सालय, विद्यालय, पुस्तकालय, भोजनालय, हाई सिक्योरिटी सेल, उच्च श्रेणी महिला व पुरुष सेल सहित डीएलएसए लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किये. कई बंदियों से रूबरू भी हुये।वही, जेल में बंद महिलाओं व पुरुषों से मिलकर उनके खाने पीने, रहने आदि व्यवस्था की भी जानकारी लिये. साथ ही महिला वार्ड में रह रहे सभी बच्चों की सुधि भी लिए।जेल इंस्पेक्शन के समय एडीजे सह डीएलएसए सेक्रेटरी रवि कुमार के साथ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मुकेश कुमार व ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मिथिलेश कुमार दास, जेल विजिटिंग अधिवक्ता विनीत प्रकाश, प्रभारी जेल अधीक्षक मृत्युंजय सिंह, सहायक जेलर क्रमशः प्रेरणा पटेल, कुन्दन कुमार, सहायक अधीक्षक शत्रुघ्न मंडल, जेल चिकित्सक नीरज कुमार, बड़ा बाबू शैलेंद्र कुमार व हमीदा खातून, डीएलएसए कर्मी नीरज झा, जेल हवलदार अनिल कुमार सिंह, दफा जमादार वकील प्रसाद यादव, बड़ा जमादार धर्मेंद्र सिंह,गेट वार्डर यदुनाथ कुमार व उपेन्द्र देव, महिला कक्षपाल कविता कुमारी व सुनीता कुमारी, जेल पीएलवी पप्पू सिंह व दिलीप यादव मौजूद दिखे। वही, ऑब्जर्वेशन होम का निरीक्षण के क्रम में एडीजे सह डीएलएसए सेक्रेटरी रवि कुमार ने वहाँ मौजूद सभी बच्चो के खानपान, रहने सहने से लेकर पठन पाठन की जानकारी ली।मौके पर प्रभारी अधीक्षक विकास कुमार, जेजेबी के पुरूष सदस्य दीपक कुमार वर्मा उर्फ रिंकू व महिला सदस्या अन्नु कुमारी परिवीक्षा अधिकारी मनोज पासवान, गृह पिता क्रमशः संतोष विजेन्द्र कुमार व पंकज कुमार, परामर्शी लक्खी कुमारी, जेजेबी पेशकार प्रभा शंकर मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा, शिक्षक रवि कुमार, संगीत शिक्षक अरुण साहू, शाहीन नाज़, पारा मेडिकल कर्मी रिंका कुमारी, सुमित ठाकुर, अजित कुमार उपस्थित दिखे।

# बी एन एम वी परीक्षा केन्द्र साहुगढ़ मधेपुरा में डिग्री पार्ट वन सब्सिडियरी पेपर में 35 परीक्षार्थी रहे एब्सेंट



**मधेपुरा।**भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा की अंगीभूत ईकाई बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में स्नातक पार्ट वन की परीक्षा प्रथम पाली एवम द्वितीय पाली में कदाचार मुक्त एवम शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। विश्वविद्यालय द्वारा इस परीक्षा सेंटर पर तीन कॉलेज मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा, विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम मधेपुरा एवम संत अवध कॉलेज का यहां केन्द्र बनाया गया है। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाचार्य डा.अरविंद कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त परीक्षा ली गई। शुक्रवार को फर्स्ट सिटिंग में जंतु विज्ञान के कुल 16 एवम गृह विज्ञान में 332 में 320 परीक्षार्थी परीक्षा दिए। गृह विज्ञान में 12 छात्राएँ अनुपस्थित रही जबकि द्वितीय पाली सब्सिडियरी पेपर भूगोल विषय में 876 के जगह 853 की उपस्थिति रही। इस विषय में 23 स्टूडेंट्स एब्सेंट रहे। इधर विश्वविद्यालय से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक डा.अशोक कुमार ने शुक्रवार को भी चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। इस मौके पर परीक्षा हॉल में उनके साथ प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार, डा. मृत्युंजय कुमार अध्यक्ष शिक्षक संघ, परीक्षा नियंत्रक डा. प्रभाकर कुमार , डा. सत्येंद्र कुमार, डा.धर्मेन्द्र कुमार, डा अरूण कुमार साह, डा आर के वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अजमेरी खातुन को बनी जोकीहाट महिला राजद की प्रखंड अध्यक्षा



**जोकीहाट ।**शुक्रवार को राष्टीय जनता दल अररिया महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्षा श्रीमती आरसी प्रवीण उर्फ लवली नवाब ने एक सादे समारोह में अजमेरी खातुन को जोकीहाट प्रखंड कि प्रखंड अध्यक्षा मनोनीत किया।श्रीमती लवली नवाब ने कहा कि आदरणीय लालू यादव जी ने जो महिलाओं को सम्मान देने का काम किया, गरीबों, वंचितों, दलितों, शोषितों को आवाज देने का काम किया। आज हम महिलाएं उनके विचारों और संघर्षों को गांव-गांव, जन-जन तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। श्रीमती लवली नवाब ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था उनके शासनकाल में महिलाओं की स्थिति बदतर हो चुकी है। महिलाओं की आबरू को तार-तार किया जा रहा है और केंद्र सरकार कुंभकरणी नींद सो रही है। आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा सरकार को मुंह तोड़ जवाब देने का काम करेगी।

# लवली नवाब को पुन: जिला राजद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष का मिला कमान



**अररिया।**लवली नवाब जी को पुनः राजद महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर राष्टीय जनता दल अररिया के जिलाध्यक्ष श्री मनीष यादव, प्रधान महासचिव श्री मनोज विश्वास,जिला महासचिव राजद,मो0, कमालेहक,आपदा प्रबंधन मंत्री बिहार सरकार शाहनवाज आलम, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश पासवान,जिला पार्षद, इश्तियाक आलम, प्रवक्ता,पूर्व सांसद श्री सरफराज आलम,राजद युवा नेता श्री अविनाश आनंद,राजद जिला प्रवक्ता श्री राम नारायण विश्वास, श्री जगदीश झा गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष श्री सरवर आलम, जिला कोषाध्यक्ष श्री सुधीर यादव, नगर अध्यक्ष सुशील कुमार विश्वास, वरिष्ठ नेता श्री लाल मोहन यादव, अररिया प्रखंड अध्यक्ष मो0नसीम, युवा राजद जिलाध्यक्ष गौरव कुमार उर्फ बिट्टू राय, प्रधान महासचिव मोहतसीम अख्तर,नगर अध्यक्ष मीर तनवीर आलम अररिया महिला प्रखंड अध्यक्षा श्रीमती फूल कुमारी देवी ,फूलोदास,सोनी खातुन, पिंकी जयसवाल, मंजू देवी, अजमेरी खातुन, सभी अररिया राजद सह परिवार की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया है।श्रीमती लवली नवाब ने राजद महिला प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती रितु जयसवाल जी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश नेतृत्व ने मुझ पर दुबारा विश्वास कर जिला की जिम्मेदारी दी है मैं उनके विश्वास पर खड़ी उतरने के लिए जी-जान से मेहनत करूंगी और राजद के विचारों और संघर्षों को गॉव-गॉव तक पहुंचाने का संकल्प लेने का उन्होंने विश्वास दिलाया।

# रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा 7 अगस्त को अररिया में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन



**अररिया ।**अररिया के एक होटल में राष्टीय लोक जनता दल के प्रदेश महासचिव सुभाष चंद्रवंशी ,चंदन बागची, रमेश मेहता ,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पार्टी के जिला अध्यक्ष विभाष चंद्र मेहता ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 7 अगस्त 2023 को अररिया के टाउन हॉल में अररिया जिला राष्टीय लोक जनता दल का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की गई है जिसका उद्घाटन पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री उपेंद्र कुशवाहा जी करेंगे । इनके साथ पार्टी के दर्जनों नेता सम्मेलन में शामिल होंगे।

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उक्त नेताओं ने कहा कि माननीय श्री उपेंद्र कुशवाहा जी बिहार में सामाजिक न्याय की धारा को समाप्त नहीं होने देने का संकल्प के साथ बिहार को नया विकल्प देने का काम करेंगे ।उक्त नेताओं ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बिहार को पुनः जंगल राज की ओर ले जाना चाहते हैं लेकिन राष्टीय लोक जनता दल के राष्टीय अध्यक्ष श्री उपेंद्र कुशवाहा जी के नेतृत्व में राष्टीय लोक जनता दल का एक-एक कार्यकर्ता बिहार में जंगलराज नहीं आने देने को लेकर सघन अभियान चलाएंगे ।



आज बिहार के किसान नौजवान बेरोजगार श्री उपेंद्र कुशवाहा जी के प्रति आशा भरी निगाहों से देख रहा है । इसलिए राष्टीय लोक जनता दल के कार्यकर्ताओं की जवाबदेही बढ़ जाती है । हमारे राष्टीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा जी ने संकल्प लिया जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी देने का ।सम्मेलन की सफलता के लिए पार्टी के नेताओं के द्वारा लगातार अररिया जिला में जनसंपर्क अभियान चल रहा है ।उक्त नेताओं ने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था चौपट है भ्रष्टाचार चरम पर है तथा दबे कुचले समाज का लोग भयभीत हैं पुनः जंगलराज ना आ जाए ।

इसलिए बिहार में एक विकल्प की आवश्यकता थी । जो उपेन्द्र कुशवाहा जी के नेतृत्व में बिहार के जनता को मिला है। उक्त नेताओं ने अररिया जिला के आम जनों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रानी मेहता वरिष्ठ नेता राजीव राणा सुजीत मेहता उपेंद्र कुमार चितरंजन दास दिलीप राम वीरेंद्र पासवान आदि शामिल थे।

# पनोरमा स्टार सीजन 6 को लेकर कॉरपोरेट ऑफिस में एमडी संजीव मिश्रा का प्रेस कॉन्फ्रेंस आज, आगामी 24, 25, 26 नवंबर 2023 को होना है पनोरमा स्टार सीजन 6 का कार्यक्रम



**पूर्णियां।**पूर्णियां में पनोरमा ग्रुप की तरफ से एक बार फिर से बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसको लेकर शहर के जिला स्कूल रोड स्थित कारपोरेट कार्यालय में पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजन किया है। प्रेस वार्ता में आगामी पनोरमा स्टार सीजन 6 को लेकर जानकारी देंगे।पनोरमा ग्रुप हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय पनोरमा स्टार सीजन 6(विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता) , प्रोपर्टी फेयर,मिस एंड मिसेज बिहार एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है. जिसमें देश की नामचीन हस्तियां शामिल होंगी. यह कार्यक्रम आगामी 24, 25, 26 नवंबर 2023 को होना है । कंपनी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पनोरमा स्टार प्रतियोगिता के माध्यम से स्पोर्ट्स, सिंगिंग, डांसिंग, एवं विभिन्न विधाओं में विजेताओं को पुरस्कृत करेगी,.बिहार की जानी-मानी रियल इस्टेट कंपनी है पनोरमा बता दें, पनोरमा ग्रुप अब बिहार की जानी-मानी रियल इस्टेट कंपनी हो गई है। हाल ही में कंपनी ने अपना शानदार 7 साल पूरे किये हैं। पिछले साल भी पनोरमा ग्रुप ने पनोरमा स्टार सीजन का आयोजन किया था। प्रेस कांफ्रेंस को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली है। इस आशय की जानकारी पैनोरमा ग्रुप के अभिषेक एवम दीपक दिलवर ने दी।

**अभियान** | नीतीश तेजस्वी सरकार के कुशासन व अराजकता का बोलबाला है।

# महाठगबंधन सरकार अपने न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत जंगलराज पार्ट 3 को स्थापित करने में ऐतिहासिक कदम उठाएं- आकाश राज



**अररिया।**बिहार को क्रिमनल स्टेट बनाना महागठबंधन सरकार के कॉमन मिनिमम प्रोग्राम का हिस्सा है जिस कारण राज्य की स्थिति दिन प्रतिदिन बंगाल और धारा 370 हटने से पहले वाले कश्मीर से भी बदतर होती जा रही है। उक्त बातें,भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने भाजयुमो जिला अध्यक्ष आकाश राज के साथ राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत युवा मोर्चा जोगबनी नगर अध्यक्ष घनश्याम राम एवं बथनाहा मंडल अध्यक्ष जुगेश यादव के अगुवाई में जोगबनी व बथनाहा नगर मंडल में अभियान की शुरुआत करते हुए कही।कहा की बीते 11 महीने के कार्यकाल में महाठगबंधन सरकार अपने न्यूनतम साझा कार्यक्रमके तहत जंगलराज पार्ट 3 को स्थापित करने में ऐतिहासिक कदम उठाएं है। जिसमें 10 लाख सरकारी नोकरी मांगने के सवाल पर वाले बेरोजगार छात्र युवाओं पर लाठी चार्ज तुष्टिकरण के नीति के तहत सनातन आस्था के साथ खिलवाड़,मंदिरों में तोड़ फोड़ जगह जगह हत्या, फिरौती, डकैती, बलात्कार, दुराचार बिजली मांगने पर गोली मारने नाबालिग से,गैंगरेप दलित बच्ची का अपहरण जैसे अनेकों जघन्य अपराध की उपलब्धि हासिल की है। कहा कि चाचा भतीजा सरकार के इन उपलब्धियों पर बिहार की जनता करारा जबाब देगी और इंसाफ करेगी। इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष आकाश राज जिला महामंत्री दीपक मंडल जिला मंत्री अर्णव सिंह सत्यम कुमार जिला मिडिया प्रभारी अविनाश झा आदि ने कहा कि जंगलराज में अन्याय और अत्याचार के खिलाफ बोलने का अधिकार किसी को नही है चहुँ और नीतीश तेजस्वी सरकार के कुशासन व अराजकता का बोलबाला है। भाजयुमो नेताओं ने युवा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस जन विरोधी लाठी गोली की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संगठित होकर कलम से प्रहार करें और बिहार में भाजपा सरकार बनाने हेतु संकल्पित हो।इस मौके पर भाजयुमो जोगबनी नगर अध्यक्ष,घनश्याम राम बथनाहा मंडल अध्यक्ष जुगेश यादव,पिंटू पासवान,मुकेश राम, सत्यम राम, पियूष सहनी, हेमन्त राय, आशुतोष चौधरी, नितीश शर्मा, विमल साह, करण साह, रजनीकांत यादव, आशीष राय, अविनाश साह, विकाश राय, रमेश, विक्रम चौधरी,प्रमोद शर्मा, दिवाकर ठाकुर,प्रणव ठाकुर ,मनीष सोनी, गौरव गुप्ता, अमित साह रवि आर्या, पवन यादव, सोनू दास, रूपम दास, रंजन पंडित, ऋतु पंडित विशाल यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आम जन मौजूद थे।

# अभाविप ने राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के निमित्त किया पोस्टर का विमोचन



**अररिया।**शुक्रवार 4 अगस्त को शिवपुरी स्थित स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया द्वारा 7 अगस्त से 29 अगस्त तक चलाए जाने वाले परिषद के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के निमित्त पोस्टर का विमोचन किया गया. इस अवसर पर परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफ़ेसर एमपी सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने 74 वर्ष के कालखंड में अनेकों उतार-चढ़ाव को झेलते हुए आज देश ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है. यह ऐसे ही नहीं हुआ है बल्कि यह लाखों परिषद कार्यकर्ताओं के त्याग तथा तपस्या का परिणाम है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उसने देश को एक ऐसा छात्र संगठन दिया जो कई वर्षों की साधना में तप कर तैयार हुआ है. यह छात्रों का ऐसा संगठन है जो लगातार कई युवा पीढ़ियों को देश एवं समाज के प्रति जागृत करके आया है तथा भविष्य के पीढ़ियों के भी साथ चलकर उन्हें ऐसी प्रेरणा एवं कार्य करने का अवसर देने की क्षमता रखता है. इस अवसर पर एमपी सिंह ने छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि "सदस्यता अभियान" का हिस्सा बने और स्वयं को पंजीकृत कर औरों को भी संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित करें. यह संगठन आपके महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेगा. पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में नगर मंत्री अंकित कुमार झा, विश्वजीत कुमार, नीतीश कुमार, अभिषेक कुमार ठाकुर, सौरभ कुमार, रूपेश कुमार, प्रिंस कुमार, रवि राज तथा प्रीतम कुमार झा सहित दर्जनों परिषद सदस्य उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

# राजद द्वारा मदन पासवान बने सुपौल जिले के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाती प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**ललन कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, मरौना, सुपौल/**जिले में मरौना प्रखंड के मदन पासवान को सुपौल जिले के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाती जिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनित किए जाने को लेकर मरौना प्रखंड के दर्जनों कार्यकताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव,उप मुख्य मंत्री तेजस्वी यादव अनुसूचित जाती प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष साधु पासवान,सहित अन्य नेता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मदन पासवान को मरौना राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्य नारायण यादव,सरोजा बेला पंचायत के अशोक कुमार यादव, सरपंच लक्ष्मी नारायण यादव,महावीर मस्ताना,माणिक लाल यादव, कविता कुमारी,देवेंद्र कुमार ठाकुर उर्फ रवीन्द्र ,राम नारायण यादव,दुर्गा ठाकुर, अजीत कुमार, सचिन कुमार,राजेश कुमार,प्रदीप कुमार,नारायण यादव,जीतन यादव, कपलेश्वर यादव,उपेंद्र यादव,एकता यादव, सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ताओ ने बधाई दी है।

# डीएम ने जाति आधारित गणना के कार्यों की समीक्षा



**डॉ बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली,सुपौल/** जिले के निर्मली प्रखंड में डीएम कौशल कुमार ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जाति आधारित गन्ना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को न्यायालय द्वारा मिले आदेश के आलोक में अधूरा पड़े जाति आधारित गणना को युद्ध स्तर पर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को लगातार क्षेत्र में चल रहे गणना कार्य की मॉनिटरिंग करने की बात कही। डीएम ने सबंधित अधिकारी को क्षेत्र में सर्वेक्षण कर सभी प्रगणकों को 2 दिनों के अंदर सभी डाटा प्रखंड कार्यालय को समर्पित कराना सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। डीएम ने बताया कि जाति आधारित गणना की समीक्षा प्रतिदिन जिला स्तर से की जा रही है। सभी प्रगति रिपोर्ट मुख्यालय को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने ऑनलाइन के माध्यम से गणना के लिए बनाए गए एप पर सभी डाटा को अपलोड करने का आदेश प्रगणक को दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी प्रखंड पर्यवेक्षक एवं प्रगणक फील्ड में रहकर कार्यों का निष्पादन करेंगे। कार्य में शिथिलता बरतने वाले को चिन्हित कर चार्ज पदाधिकारियों सह बीडीओ को कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मौके पर एसडीएम संजय कुमार सिंह, बीडीओ मो.जफरुद्दीन, सीओ मुकेश कुमार, बीईओ मधुसुधन प्रसाद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# पुलिस द्वारा अलग-अलग जगहों से तीन पियक्कड़ को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल/** जिले के निर्मली थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से शराब के नशे में तीन पियक्कड़ को पकड़कर शुक्रवार को कोर्ट भेज दिया. थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि नदी थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव के वार्ड नं. 10 निवासी ननकू मुखिया, निर्मली वार्ड नं 2 निवासी लक्ष्मण सदाय व रसुआर गांव निवासी दुर्गानंद कुमार को गस्ती पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से शराब के नशे में पकड़कर थाना लाया गया. जहा मेडिकल जांच में शराब शेवन की पुष्टि हुई. पुलिस कागजी परिक्रिया के बाद तीनों पियक्कड़ को कोर्ट भेज दिया गया है.

# श्री लोकेश कुमार सिंह ,सचिव,विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ,पटना द्वारा जाती आधारित गणना,2022 से सम्बंधित संचालित कंट्रोल रूम का किया गया निरीक्षण

IRAD Software पर इन्ट्री किये जाने पर सड़क दुर्घटना मुआवजा भुगतान करने में भी आसानी होगी।







**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर सुपौल/**जिले में सदर प्रखंड, सुपौल के सभागार में श्री लोकेश कुमार सिंह, सचिव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा जाति आधारित गणना, 2022 से संबंधित संचालित कॅन्ट्रोल रुम का निरीक्षण किया गया तथा संबंधितों के साथ समीक्षा बैठक भी की गयी।

बैठक में श्री कौशल कुमार, भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान गणना पदाधिकारी, सुपौल, श्री राशीद कलीम अंसारी, अपर समाहर्त्ता सह अपर प्रधान गणना पदाधिकारी, सुपौल, अनुमंडल पदाधिकारी - सह - अनुमंडल गणना पदाधिकारी, सुपौल, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुपौल एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सचिव द्वारा जाति आधारित गणना, 2022 के द्वितीय चरण में प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि गणना का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी, सुपौल के द्वारा बताया गया कि सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त निदेश के आलोक में बिहार जाति आधारित गणना का कार्य सभी चार्ज में विधिवत संचालित हो रहा है। सभी प्रखंडों/नगर निकायों के नोडल पदाधिकारियों को अपने चार्ज अन्तर्गत गणना कार्य का अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया है। जाति आधारित गणना की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि द्वितीय चरण में सुपौल जिले के कुल 17 चार्ज में परिवार का सर्वेक्षण अंतिम चरण में है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। सचिव द्वारा पोर्टल पर इंट्री कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा सभी चार्ज पदाधिकारियों, प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों तथा अनुमंडल पदाधिकारियों को बिहार जाति आधारित गणना, 2022 कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि सभी नियंत्री पदाधिकारी गणनाकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। सचिव, द्वारा सरकार के निदेशों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से शुद्धता सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से गणना कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा प्रखंडों के सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पदाधिकारी को क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करने का निदेश दिया गया। साथ ही प्रखंड एवं नगर परिषद चार्जों में निरीक्षण करने का भी निदेश दिया गया। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जानकारी दी गयी कि गणना कार्य में सभी 17 प्रकार की आवश्यक जानकारियाँ जा रही है। इन सबकी प्रविष्टि मोबाइल ऐप के माध्यम से भी की जा रही है।

# काले रंग की सफारी से तस्करी के लिए ले जा रहे 675 लीटर नेपाली दिलवाले शराब जब्त, मौके से गाड़ी समेत चालक गिरफ्तार



**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत भीमपुर पुलिस ने गुरुवार की बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर एक काले रंग की सफारी से तस्करी के लिए ले जा रहे भारी मात्रा में नेपाली निर्मित दिलवाले शराब समेत वाहन चालक को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मौके से पुलिस ने एक सफारी वाहन भी जब्त किया है।

वाहन चालक प्रतापगंज थाना क्षेत्र के तीनटोलिया वार्ड 14 का निवासी भोला कुमार बताया जा रहा है। जब्त किए वाहन में करीब 25 बोरी में कुल 300 एमएल का कुल 675 लीटर दिलवाले शराब बरामद किया गया है।

जानकारी में भीमपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि बीती रात अवैध शराब के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान व गस्ती के दौरान एक वाहन से भारी मात्रा में शराब तस्करी हेतु ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर पुलिस बल के द्वारा थाना से महज 500 मीटर पश्चिम एक काले रंग की सफारी गाड़ी बीआर 29 जे 1866 को आते देख उसे रोककर जांच किया गया तो उसमें पलास्टिक के बोरी में भारी मात्रा में नेपाली दिलवाले शराब को बरामद किया गया।

हालांकि उसके बाद गाड़ी छोड़ चालक भागने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बलों के द्वारा उसे पकड़ लिया गया। जिससे पूछताछ के क्रम उसने अपना नाम भोला कुमार बताया, जो प्रतापगंज थाना क्षेत्र के तीनटोलिया वार्ड 14 का रहने वाला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त किए गए प्रत्येक बोरी में 300 एमएल का 3 कार्टन में कुल 675 लीटर दिलवाले शराब पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सीएचसी पिपरा ओपीडी में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं आई फ्लू के मरीज






**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल/**जिले के पिपरा प्रखंड क्षेत्र में आई फ्लू के प्रकोप के कारण सीएससी में मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है दरअसल बुधवार से शुक्रवार तक में लगभग 250 आई फ्लू संक्रमित मरीज का इलाज किया गया जिसमें खासकर बच्चों की संख्या ज्यादा थी। जानकारी अनुसार आई फ्लू एक संक्रमण रोग है जो एक दूसरे को छूने या संक्रमित लोगों के लोगों के समान उपयोग करने से फैल रहा है यह संक्रमण काफी तेजी से क्षेत्र में अपना पूरा पसारता जा रहा है जिसको लेकर सीएचसी में काफी सतर्कता बरती जा रही है सीएससी पहुंच रहे आई फ्लू के मरीजों को अन्य मरीजों से अलग रखकर उसका इलाज किया जा रहा है इस संबंध में सीएससी के आई विभाग के डॉक्टर एच के हितकर ने बताया कि आई फ्लू के मरीज में दिन-प्रतिदिन इजाफा देखा जा रहा है रोजाना आई फ्लू के 40 से 50 मरीज अस्पताल पहुंचते थे जबकि आज शुक्रवार को 56 आई फ्लू की मरीज अस्पताल पहुंचे उन्होंने बताया कि यह संक्रमण किसी महामारी से कम नहीं है जिस प्रकार कोरोना महामारी एक व्यक्ति के होने से पांच व्यक्ति प्रभावित होते थे ठीक उसी प्रकार आई फ्लू भी है इसमें भी एक दूसरे से लगातार फैलता जा रहा है इस संक्रमण का शिकार हर आयु वर्ग के लोग हो रहे हैं डॉक्टर विभूति सिंह ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति में आंख का लाल होना,आंख से आंसू आना,चुभना होना या आंख में सूजन जैसे कोई समस्या हो तो वह व्यक्ति तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल पहुंचे उन्होंने बताया कि यह एक संक्रमण रोग है जो 4 से 5 दिन में ठीक हो रहा है इसके लिए सीएससी में दवा उपलब्ध है।

# गुप्त सूचना के आधार पर विभिन्न ब्रांडों के 161 बोतल शराब बरामद कारोबारी फरार




**जितेन्द्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज, सुपौल/**जिले में त्रिवेणीगंज पुलिस ने नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 के एक घर मे शुक्रवार की अहले सुबह छापेमारी कर विभिन्न ब्रांडों के 161 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया हैं। मौके पर से कारोबारी भागने में सफल रहा। त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष कृष्ण वली सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 में गुप्त सूचना के आधार पर जयकृष्ण यादव के घर की तलाशी के क्रम में विभिन्न ब्रांडों का 161 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जो कुल 63.95 लीटर है। तस्कर पुलिस को देखते ही फरार हो गया। बताया कि तस्कर के विरुद्ध केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैं।

# पांच लीटर अवैध देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, भेजे गए जेल




**जितेन्द्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,त्रिवेणीगंज, सुपौल/**जिले में त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के पथरागोरधेय पंचायत के परसन टोला वार्ड नंबर 1 में पुलिस ने शुक्रवार की सुबह छापेमारी कर पांच लीटर देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष केबी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच लीटर देशी शराब के साथ परसन टोला वार्ड नंबर 1 निवासी तिरण सरदार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सुपौल जेल भेज दिया गया है।

# बाल विवाह उन्मूलन को लेकर अररिया अनुमंडल के टेंट हाउस संचालकों के साथ एसडीओ ने की बैठक




**अररिया।**अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया, श्री शैलेश चंद्र दिवाकर की अध्यक्षता में दिनांक 03.08.2023 को बाल विवाह उन्मूलन को लेकर अररिया अनुमंडल के टेंट हाउस संचालको के साथ बैठक आहूत की गई। इस बैठक का आयोजन जागरण कल्याण भारती, फारबिसगंज के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए कानून हैं, लेकिन बिना आपके सहयोग के अररिया जिला को बाल विवाह मुक्त नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित टेंट हाउस संचालको को सहयोग करने का अपील की। बैठक में जागरण कल्याण भारती फारबिसगंज के अध्यक्ष श्री। संजय कुमार, श्री दीपक कुमार पासवान, श्री गौरव कुमार सिंह, श्री संतोष कुमार, श्री रविंद्र कुमार मंडल आदि उपस्थित थे।

# अररिया बस स्टैंड रोड पर स्थित होटल शिवलोक पुलिस का रेड



**अररिया।**अररिया जिला स्थित आवासीय होटल में देहव्यापार का धंधा चल रहा था लागातार पुलिस की छापामारी के दौरान युवक और युवतियों को धर दबोचा साबित होता है की होटल में देह व्यापर का धंधा जोरशोर से चल रहा है अररिया बस स्टैंड रोड स्थित होटल शिवलोक में पुलिस ने छापेमारी करते हुए 4 महिला एवम 4 पुरुष को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी राम पुकार सिंह के नेतृत्व में नगर थाना पुलिस शिवलोक होटल में छापेमारी की। इस होटल के अलग अलग कमरों से आपत्तिजनक स्थिति में 4 महिला चार युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। नगर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एन एच 57 के निकट बस स्टैंड रोड पर स्थित शिवलोक होटल में देह व्यपार का धंधा चल रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में नगर थाना पुलिस ने तक्षण कार्यवाही करते हुए शिवलोक होटल में छापामारी की और अलग-अगल कमरा से आपत्तिजनक स्थिति में 4 महिला 4 युवक को धर दबोचा। जिसे पुलिस गिरफ्तार कर थाना ले गयी। जानकारी अनुसार पूर्व भी इस होटल में छापामारी कर महिला पुरुष की गिरफ्तारी की गयी।

पिटाई | आलोक में थाना कांड संख्या 235/23 दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# खस्सी चोरी कर मारकर मनाया पार्टी, विरोध करने पर खस्सीपालक को किया जमकर पिटाई



**अभिषेक आनंद/ दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के वीरपुर थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर पंचायत स्थित वार्ड 12 लालपुर गौठ में खस्सी की चोरी कर और उक्त खस्सी को मारकर खाने के विरोध करने पर खस्सीपालक सहित उसके परिवार के बुढ़ी और बच्चे समेत चार लोगों को मारकर सिर फारे जाने का मामला प्रकाश में आया है,

इस संबंध मे जानकारी देते हुए पीड़ित साह आलम ने बताया कि 30/07/2023 दिन रविवार को करीब 10 बजे सुबह मे मेरे घर का खस्सी का रस्सी खुलकर कही चला गया था


इसी बात को लेकर आस-पड़ोस में अपने स्तर से पुछताछ व खोजबीन करने लगा, इस खोजबीन व पुछताछ को लेकर लोगों को जोड़ - जोड़ से बोला कि इस गांव घर में कुछ लोग ऐसे हैं जो सबलोगो का खस्सी बकरी चोरी कर मारकर खां जाता है इतना ही बोलते ही एकाएक मेरा पड़ोसी सदरे आलम, मो. नुर आलम, छेदी आलम, अपानौ खातुन, बीबी लाडली, प्रवेजा खातुन, सबनम खातुन, गुलसना सभी साकिम लालपुर गौठ वार्ड 12 , थाना वीरपुर ने एक साथ मिलकर भद्दी भद्दी गाली देते हुए मेरे दरवाजे पर आकर अपने हाथो में लाठी , बांस का फट्टा व खंती एवं लोहा का रड लिए हुए और अंधाधुंध मारपीट शुरू कर दिया, जिस मारपीट में मेरा सर फट गया और चोट लग गई, इतना ही में मुझे मेरी मां बचाने आई तो उसका लाठी से मारकर सिर फार दिया, वो भी जख्मी हो कर गिर गई, हम दोनों को ज़ख्मी देख मेरा पुत्र जब बचाने आया तो उसे मारपीट कर जख्मी कर दिया इतना ही नही जब मेरा भाई बचाने आया तो उसे भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया,

जिसको लेकर हमने धायल अवस्था में वीरपुर थाना पहुंचा तो थाने के द्वारा ईलाज करवाने को कहा वही वीरपुर अस्पताल से ईलाज करवाने के बाद वीरपुर थाने में मामला भी दर्ज करवाया लेकिन मामला दर्ज होने के छः दिन बाद भी मुझे थाने के द्वारा न्याय नहीं मिल पाई है,

जिसको लेकर शुक्रवार को वीरपुर एसडीपीओ पंकज कुमार मिश्रा से मिलने एवं न्याय की गुहार लगाने पहुंचा हूं।

वही इस संबंध में वीरपुर थाना अध्यक्ष से पुछे जाने पर उक्त मामले पर कहा कि पहला पक्ष के द्वारा पुरुष -महिला समेत आठ लोगों के खिलाफ मारपीट एवं खस्सी चोरी को लेकर आवेदन दी गई है जिसमें आलोक में थाना कांड संख्या 235/23 दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# सरकारी स्कूल में हरे भरे पेड़ों की कटाई, वन विभाग को सूचना दिए बिना एचएम ने कटवाए पेड़





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर , पिपरा, सुपौल/**जिले के पिपरा प्रखंड अंतर्गत पर्यावरण को संतुलित करने को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, सरकार जल जीवन हरियाली योजना चला रही है। सरकारी संस्थान और प्राइवेट जगहों में पेड़ लगाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन इसके विपरित इधर सरकारी कर्मी के द्वारा ही सरकार की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही है।

दरअसल ताजा मामला पिपरा प्रखंड क्षेत्र स्तिथ प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय प्लस- 2 पिपरा परिसर में लगी सरकारी कई वृक्ष की स्कूल प्रिंसिपल द्वारा वन विभाग को सूचना दिए बिना कटाई की गई है।वही इसी स्कूल के प्रोफेसर द्वारा डीएम को लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

किसी ने वृक्ष कटाई की सूचना बन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे विभाग की कर्मी स्कूल परिसर पहुंच कर प्रिंसिपल को काफी हिदायत दी लेकिन देखने वाली बात तब होगी कब कोई कार्यवाई होगी।इस संबंध में स्कूल प्रिंसिपल सुलेखा कुमारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया परिसर में जगह की कमी है जिससे स्कूली बच्चियों को साइकल स्टैंड नहीं रहने से परेशानी होती थी इसी को लेकर पेड़ कटवा दिया गया।

## खास ख़बर

## राज्य अनुसूचित जाति आयोग सदस्य का लोगों ने किया स्वागत



**काराकाट (रोहतास)** बिहार राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्याम बिहारी राम शुक्रवार को सिंचाई विभाग के सर्किट हाउस डेहरी पहुंचे। जहां उनका सामाजिक व जदयू कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर भैयाराम भारती संस्थापक सह संविधान बचाओ संघर्ष समिति सदस्य ने उनसे मुलाकात कर समस्याओं से जुड़ी मुद्दों पर बात विमर्श किया। साथ ही साथ बाबू जगजीवन छात्रावास का भी राज्य अनुसूचित जाति आयोग सदस्य श्याम बिहारी राम ने औचक निरीक्षण कर प्रखंड क्षेत्र सहित छात्रावास से जुड़ी समस्याओं पर अमल करते हुए उसे जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर गोडारी नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना भारती,बबन पासवान,दिलीप कुमार सोनी,निर्मल बौद्ध ,लालबिहारी राम,पिन्टु राम मुमताज आलम ,मुन्ना कुशवाहा,मोदनारायण पटेल अन्य सामाजिक कार्यकर्ता ने उनका अभिनंदन किया।

## पति पत्नी के झगड़े में पत्नी ने खाई जहर, मौत




**कोचस (रोहतास)** कोचस थाना क्षेत्र के लकड़ी गांव में शुक्रवार को एक महिला ने परिवारिक कलह में आकर जहर खाकर अपनी जान दे दी। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि लकड़ी गांव के ओमप्रकाश चौहान की पत्नी रत्ना देवी ने जहर खाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। बताया जाता है कि लकड़ी गांव निवासी रत्ना देवी का किसी बात पर पति ओमप्रकाश चौहान से कहा सुनी हो गई। जिसके बाद वह तनाव में आकर जहर खा ली। आनन-फानन में उसे निजी क्लिनिक में ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। घटना की पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## वर्ग कक्ष में छात्रा हुयी मूर्छित,शिक्षकों ने पहुंचाया सीएचसी

**दावथ (रोहतास)**/योगिनी मध्य विद्यालय मे कम्प्युटर वर्ग कक्ष में पढ़ रही एक छात्रा अचानक होकर गीर पड़ी.शिक्षक व शिक्षिकाऐं बचाव में लग गये.इसी बीच स्कूल निरिक्षण हेतु पहुंचे पंचायत सचिव कुंजनारायण सिंह, एचएम अनिल राय ने सीएचसी में चिकित्सक को सूचना दिया. सूचना पर चिकित्सक ने एंबुलेंस भेज छात्रा को सीएचसी लाकर,इलाज शुरु किया. छात्रा मझौली निवासी राजेश पंडित की पुत्री ज्योति कुमारी बतायी जाती है.जो आठवां वर्ग की छात्रा है.चिकित्सकों के अनुसार छात्रा की स्थिति ठीक है.अभी अस्पताल से छुट्टी नहीं मिली है.

## आयोग के सदस्य का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**दावथ (रोहतास)**/अल्पसंख्यक आयोग के नव मनोनीत सदस्य महताब अहमद उर्फ काबुल अहमद का शुक्रवार को, अपने पैतृक गांव बभनौल पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। सरपंच शेख आफताब आलम ने बताया कि राज्य सरकार ने बभनौल निवासी काबुल अहमद को अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य मनोनीत किया गया है। आयोग का सदस्य बनने के बाद पहली बार गांव पहुंचने पर, ग्रामीणों ने भव्य रूप से स्वागत करते हुए, फूल माला, अंग वस्त्र, बुके आदि उपहार भेंट कर स्वागत किया.उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए काबुल अहमद ने कहा, कि आपके सहयोग, प्यार और दुआओं के बदलौत मुझे यह सम्मान प्राप्त हुआ है। मैं आप सभी के हर सुख दुख का साथी पहले भी था, और आगे भी रहूंगा। इसके पहले आरा मोहनिया एनएच पर परमेश्वरपुर के समीप ग्रामीण व क्षेत्रवासियों ने फुल माला से स्वागत किया।

# नगर परिषद के सफाई कर्मी का उग्र प्रदर्शन पुलिस मूक दर्शक बनी रही

**नोखा (रोहतास)** नगर परिषद नोखा के एजीओ के ठेके पर रखे गए सफाई कर्मियों ने नोखा नगर परिषद को नरक परिषद बना दिया ।

यहां पर के सफाई कर्मियों की अपनी मांगों को लेकर के हड़ताल पर 3 दिनों से चल रहे हैं। जब उनकी हड़ताल पर किसी ने नोटिस नहीं ली तो नोखा नगर परिषद में फेके गए कचरे को सड़क पर लाकर फेक दिया । और आगजनी करके विरोध प्रकट किया। सफाई कर्मियों की मुख्य मांग है कि 500रुपये प्रतिदिन किया जाए और हम लोगों के पीएफ अकाउंट को ठीक किया जाए। सफाई कर्मियों का आरोप हम लोग पीएफ साल भर से जमा नहीं है। जिसको लेकर के आंदोलनरत हैं। सफाई कर्मियों का हड़ताल और स्थानीय राजनीति में राजनीतिज्ञों द्वारा अपना चेहरा चमकाने के लिए नगर परिषद को नरक में तब्दील करते हुए नजर आ रहे हैं। नगर परिषद के मुख्य पार्षद राधेश्याम सिंह, उप मुख्य पार्षद धनजी सिह और एनजीओ के संचालन कर्ता ने वार्ता कर उनके मांगों को कुछ हद तक मानने को तैयार हो गए ।

लेकिन सफाई कर्मियों ने उनकी एक नहीं सुनी और हड़ताल पर चले गए। नगर नगर परिषद में शुक्रवार को काफी उग्र प्रदर्शन किया। जहां पर के कई जगह आगजनी की गई। कोई बाजार में फोटो लेने वाले लोगों को भी तू तू मैं मैं और हाथापाई की गई। कुछ लोगों के मोबाइल भी छीन कर दी गई ।

पत्रकरो को भी नही छोड़ा गया। उनके साथ भी मारपीट एव मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया। नगरपरिषद कचरो में तब्दील हो गया और बाहर फेंके गए कचरे को सड़कों पर फेंक दिया गया। सड़क पर दुर्गंध उठने लगी ।वही जब नगर परिषद के नियमित सफाई कर्मी सफाई करने पहुंचे तो इनके द्वारा रोका गया ।कई डस्टबिन तोड़ने की भी बात सामने आ रही है।

यह काफी उग्र प्रदर्शन करते हुए शहर में तमाम जगहों पर कई नारे लगाते हुए घूमते रहे ।पुलिस मूकदर्शक बनी रही। सफाई कर्मियों द्वारा सर पर गंदगी फेंकी गई और पुलिस कार्रवाई के नाम पर थाने में बैठी रही। अधिकारी भी भागते नजर आए।

यहां पर की सफाई कर्मियों की उग्र स्थिति को देख और कोई भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। क्योंकि सभी से लड़ने पर उतारू दिखाई दिए।प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दी गई। एनजीओ द्वारा संचालित सफाई कर्मियों ने हड़ताल के दौरान सड़क पर कचरा फेंकने और डस्टबिन तोड़ने की आवेदन नोखा थाने में दी गई है। जिसमें की नियमित सफाई कर्मियों द्वारा आवेदन देकर के सरकारी कार्य में बाधा और कई तरह के आरोप लगाए गए हैं। इसमें कुल 15 एनजीओ द्वारा संचालित सफाई कर्मियों के नाम देकर के प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन दिया गया है। थाना में आवेदन देते हुए नियमित सफाई कर्मी जयकुमार राम ने 15 लोगो को नामजद अभ्युक्त बनाकर के प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है । आवेदन में कहा है कि रमेश राम और हम सभी लोग सफाई करने के लिए गए तो मारपीट की गई है भगा दिया गया और डस्टबिन को तोड़ दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## आशा कार्यकर्ताओं से हड़ताल खत्म करने को लेकर बीडीओ की वार्ता



**नासरीगंज(रोहतास)** नगर के पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में शुक्रवार को बीडीओ मो0जफर इमाम और सीओ अमित कुमार के नेतृत्व में स्थानीय हड़ताली व प्रदर्शनकारी आशा फेलिसिटेटर व कार्यकर्ताओं के बीच हुई वार्ता में बड़ी कामयाबी मिली है। जिसके तहत पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में संचालित ओपीडी सेवा को बाधित ना करने पर सहमति हुई है।

अधिकारियों से बातचीत में आशा कार्यकर्ताओं ने बार-बार अपनी मांगों पर सरकार द्वारा तवज्जोह नहीं देने की बात कही। लेकिन अधिकारियों ने उन्हें बिना हड़ताल को प्रभावित किये मानवीय आधार पर ओपीडी सेवा सुचारु रूप से चलने देने की अपील की।

जिस पर बात बन गई। वहीं इमरजेंसी सेवा और प्रसव और डिलेवरी डोज के टीकाकरण को पहले ही आशा कार्यकर्ताओं ने हड़ताल के प्रभाव से अलग कर रखा है। लेकिन आरआई (नियमित टीकाकरण) के मुद्दे पर आशा कार्यकर्ताओं ने रोक हटाने से इंकार कर दिया। और कोल्ड स्टोर की तालाबंदी हटाने से इंकार कर दिया। इधर ओपीडी पर हुई सहमति के बाद अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली है। वार्ता में आशा कार्यकर्ताओं का नेतृत्व आशा संयुक्य संघर्ष समिति की प्रखंड अध्यक्ष अनिता देवी, संगीता देवी, संगीता देवी और रंजू देवी ने किया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एनके आर्या, पूर्व प्रभारी चिकित्सा

## मोदी सरनेम मानहानि केस में सत्य की हुई जीत-मुन्ना पासवान



**कोचस (रोहतास)** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सरनेम टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। जिसको लेकर कोचस सासाराम रोड स्थित प्रवीण पाठक के आवास एवं कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई । कांग्रेस युवा नेता सह पूर्व जिला परिषद मुन्ना पासवान ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में मानहानि का सुप्रीम कोर्ट में केश दायर किया गया था जिसमें पूर्व अध्यक्ष को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दोष मुक्त साबित किया गया। जिसको लेकर कोचस प्रखंड के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां आफजाई की। कोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में कांग्रेस नेता की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी है। पहले भी गुजरात हाई कोर्ट ने मोदी उपनाम टिपड़ी पर मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में बड़ी बात यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता बहाल हो सकती है। वही कार्यकर्ताओं ने कहा की सत्य परेशान हो सकता है, पराजित कभी नहीं। आखिर सत्य की जीत हुई है। मौके पर अनिल राय, अखिलेश त्रिपाठी, पारस चौबे, नरेश राम, पिंटू खान, संजय दुबे, गोकुल चौहान, सुरेंद्र दुबे, मुन्ना पासवान, राजेंद्र कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आशा के धरना प्रदर्शन में उतरें रालोजद कार्यकर्ता



**दैनिक शुभ भास्कर/ संझौली(रोहतास)** संझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में शुक्रवार को आशा दीदी के साथ राष्ट्रीय लोक जनता दल के कार्यकर्ताओं ने 26वें दिन धरना प्रदर्शन में उनको समर्थन दिया। इस मौके पर सरकार पर के विरुद्ध धरना पर बैठे आशा दीदी व रालोजद के कार्यकर्ताओं को रालोजद के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि जब तक आशा दीदी की मांगों को सरकार पूरा नहीं करेगी तब तक आशा के साथ धरना पर बैठे का काम रहेंगे। हम आशा का साथ देते रहेगें। वही रालोजद के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार कुशवाहा ने धारना को संबोधित करते हुए कहा कि आशा दीदी सरकारी अस्पतालों को प्रखंड स्तर पर बताने का काम किया है। कड़ाके की धूप, कपकपाती ठंढ व बारिश में भी गर्भवती महिलाओं व रोगियों को अस्पताल पहुंचाने का काम करती रहती है।जो आशा दीदियों की मांग सही है।सरकार को इसे पूरा करना हीं होगा।आशा दीदी के साथ धरना में रालोजद के अरुण कुमार कुशवाहा प्रदेश महासचिव, हाकिम सिंह, सुमित कुमार, निर्मल शर्मा, सूरज लाल पासवान, डब्ल्यू सिंह, गौतम कुमार, वीरेंद्र सिंह, रोहित कुमार, रेखा कुमारी, प्रमिला कुमारी सहित दर्जनों आशा व रालोजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**नासरीगंज (रोहतास)** कच्छवा थाना क्षेत्र के महिपत बिगहा मोड़ से स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। कच्छवा थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को महीपत बिगहा मोड़ से जब्त किया गया है। जबकि पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध बालू के मामले में कारवाई करते हुये खनन विभाग व परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गयी है।

## तालाब में डुबने से एक युवती की मौत

**नासरीगंज(रोहतास)** थाना क्षेत्र के पोखराहां गांव में तालाब में डुबने से एक युवती की मौत हो गई। युवती का नाम प्रियंका कुमारी बताया जाता है। जो उक्त गांव के पूर्व मुखिया कामाख्या नारायण सिंह की पुत्री बताई जाती है। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। सूत्रों के अनुसार उक्त युवती गत बुधवार को देर शाम घर से लापता मिली थी। जिसके बाद परिजनों ने रात में ही थाने में सूचना दर्ज करा के अपहरण की शंका व्यक्त की थी। जिसके बाद शक की बुनियाद पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। इसी क्रम में शुक्रवार को सुबह पोखराहां गांव के ही एक तालाब से युवती का शव बरामद हुआ। सूत्रों के अनुसार ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी और लोगों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद थाने को भी सूचना दी गई। प्रभारी थानाध्यक्ष अनिता दास ने बताया कि शव बरामद होने के बाद परिजन घटना को महज एक दुर्घटना मान रहे हैं। शंका व्यक्त की जा रही है कि शौच के लिए युवती हादसे का शिकार होकर तालाब के गहरे पानी में डूब गई। जिससे उसकी मौत हो गई?। हालांकि प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की असली वजह सामने आएगी। जिसके बाद ही पुलिस कुछ पाएगी।

## पुलिस ने एक वारंटी को भेजा जेल

**नासरीगंज(रोहतास)** कच्छवा थाना क्षेत्र के मंगराव गांव से स्थानीय पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कच्छवा थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र के मंगरांव गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। उक्त गिरफ्तार वारंटी मंगराव निवासी रामाकांत प्रजापति का पुत्र राहुल कुमार बताया जाता है। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होने बताया कि उक्त वारंटी के विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत था। जो काफी दिनों से फरार चल रहा था।

## पुलिस ने मारपीट मामले में पिता पुत्र को किया गिरफ़्तार

**करगहर (रोहतास)** गुरुवार की देर शाम पुलिस ने करगहर थाना अंतर्गत टेकारी गांव के मारपीट के मामले में फरार दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि टेकारी गांव में विगत वर्ष भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प में 4 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए थे । इस मामले में दर्ज एफआईआर में पिता पुत्र अभियुक्त बनाया गया था। न्यायालय के आदेश के बावजूद भी दोनों उपस्थित नहीं हुए। जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था । न्यायालय के आदेश के आलोक में टेकारी निवासी अंशु कुमार एवं उनके पिता मृत्युंजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## विश्व स्तनपान दिवस पर चलचित्र के माध्यम से लोगो को किया गया जागरूक



**नोखा (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय पर बाल विकास परियोजना कार्यालय के द्वारा विश्व स्तनपान दिवस पर चलचित्र के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। प्रतिवर्ष 1 अगस्त से 8 अगस्त तक इस माह को विश्व स्तन पान दिवस के रूप में मनाया जाता है। चलचित्र के माध्यम से सरकार के द्वारा संचालित की जाने वाली योजनाओं के सम्बंध में लोगो को जागरूक किया गया। चलचित्र को देखने के लिए काफी संख्या में स्थानीय लोग पहुंच कर सरकार के द्वारा संचालित की जानेवाली योजनाओं से रूबरू हुए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजन के अलावे अन्य कई योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया, जिसे मौके पर मौजूद स्थानीय जनता,सेविका व कार्यालय कर्मियों ने पूरी रुचि के साथ चलचित्र को देख लाभान्वित हुए।

## शराब बेचने के पुराने मामले के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**नासरीगंज(रोहतास)**थाना क्षेत्र के बलिया कोठी गांव से स्थानीय पुलिस ने शराब बेचने के पुराने मामले के दो फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त बलिया कोठी गांव के हरेभूषण कुमार उर्फ निरहुआ व गोलू कुमार बताया जाता है। प्रभारी थानाध्यक्ष अनिता दास ने बताया कि बलिया कोठी गांव से गुप्त सूचना के आधार पर शराब बेचने के मामले के दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। दोनों अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहे थे।गुप्त सूचना के आधार पर उनके गांव से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जलजमाव | खेत मे मिलाने के बाद इस इलाके में जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है

# बिहार सरकार जमीन पर मिट्टी भर किया अतिक्रमण विवाद कि स्थिति उत्पन्न



**शिवसागर (रोहतास)** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकरौर गांव के सिकरौर मौजा में सड़क किनारे बने करहा को खेत मे मिलाने के बाद इस इलाके में जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है।जिसको लेकर अन्य पीड़ित किसान परेशान है। लेकिन जबरन जलाशयों पर अतिक्रमण कर लिया है।

जिसको लेकर पीड़ित किसान ने अंचलाधिकारी कार्यालय और स्थानीय थाना में आवेदन दिया है ताकि उचित कार्यवाही हो सके। रैयत किसान लक्ष्मण दुबे ने कहा की सिकरौर मौजा के खाता संख्या 227 और प्लाट संख्या 266 के बगल मे बगल में दबंगों ने सड़क किनारे बिहार सरकार की जमीन पर अतिक्रमण कर उसपर मिट्टी भर कर अपने खेत में मिला लिया है। जिससे पानी के निकासी का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है।

जिसके कारण बाकी के खेतो मे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

पानी की निकासी नहीं होने के कारण फसल बर्बाद हो रहे है। पीड़ित किसानों ने कहा की दबंगों से इस संदर्भ में बात करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। लाचार होकर इसकी सूचना स्थानीय थाना और अंचलाधिकारी को दे दी गई है।

## अवैध रूप से बिजली जलाना पड़ा महंगा, विभाग ने 5 लोगों पर लगाया जुर्माना

**बिक्रमगंज (रोहतास)** कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज,नवदीप गोयल ने गुप्त सूचना के आधार पर एक जांच दल का गठन कर पंचायत-मोहनी के ग्राम-डीहरा में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर छापेमारी की गई। बताते चले कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर दुलरिया देवी पर 11208 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। आगे बताते चलें कि ग्राम-डीहरा में हीं अवैध रूप से बिना कनेक्शन लिए विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर बृजनंदन सिंह पर 15692, शिवमंगल सिंह पर 12950, राजेन्द्र सिंह पर 16999 एवं जगनारायण सिंह पर 14996 रुपये दंडित राशि लगाई गई है।सभी अभियुक्तों के खिलाफ बिक्रमगंज थाना में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। क्षेत्र में जांच के दौरान मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। गत माह में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज अंतर्गत 49 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमे कुल दंडित राशि-16.89 लाख लगाई गई थी।

## भाजयुमो के जिला कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

**सासाराम (रोहतास)** भारतीय जनता युवा मोर्चा रोहतास ने गुरुवार को अपने टीम का घोषणा किया। इसकी जानकारी युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने देते हुए कहा कि टीम आगामी चुनाव और मोदी के नेतृत्व में देश को मजबुत करने के उदेश्य से बनाया गया है। जिसमे सभी विधानसभा और सभी वर्ग के साथ साथ पुरानी टीम के सदस्यों का भी खयाल रखा गया है और नये सदस्यों को भी मौका दिया गया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भिघू भाई दिल्सनीया, भाजयूमो प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह एवं रोहतास भाजपा अध्यक्ष सुशील कुमार के देख रेख में किया गया। टीम में उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, रवि पांडेय, इंदरजीत सिंह, सन्नी देवल चन्द्रवंसी, अविनाश सिंह, योगेन्द्र कुशवाहा, पप्पू गुप्ता, स्वच्छता एवं रचनात्मक प्रकोष्ठ नीरज गुप्ता, पंकज यादव चिकित्सा सेल रजनीश कुमार, प्रेम प्रकाश आदि को बनाया गया है।

## ख़ास ख़बर

## 56 .940 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पल्सर मोटरसाइकिल जप्त तस्कर गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जिला के दुर्गावती थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र से रात्रि गश्ती के दौरान वाहन जांच के क्रम में, पल्सर मोटरसाइकिल की जांच कर 56.940 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए बाइक जप्त कर, तस्कर को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रशासन द्वारा रात्रि गश्ती किया जा रहा था। जिस क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच किया जाने लगा। पल्सर गाड़ी क्रमांक बी आर 24 ए जे 7978 की जांच के क्रम में बाइक से 8~00 पीएम अंग्रेजी शराब व किंगफिशर बीयर प्राप्त किया गया। थाना प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए, शराब सहित बाइक को जप्त किया गया, साथ ही तस्कर को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त शराब की मात्रा 56. 940 लीटर बताया जा रहा है। वही गिरफ्तार अपराधी अंकित कुमार पिता उमेश प्रसाद ग्राम-हथिनि बरांव, थाना- नोखा, जिला- रोहतास का निवासी बताया जा रहा है। प्रशासन द्वारा मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है।

## थाना प्रशासन ने अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज को किया गिरफ्तार भेजा जेल



**दैनिक सुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर/**चैनपुर(कैमूर)- थाना प्रशासन ने गुप्त सूचना के आधार पर अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार भेजा जेल। थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मध्य निषेध कानूनों को प्रतिबद्धता के साथ पालन करते हुए, शराब व शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में गुप्त सूचना मिला एक व्यक्ति शराब घर में रखकर बिक्री कर रहा है। थानाध्यक्ष द्वारा एक टीम गठित किया गया, जिस टीम के द्वारा चैनपुर स्थित मिर्जा मोहल्ला में छापेमारी किया गया। प्रशासन को देखते ही धंधेबाज भागने की कोशिश किया, पर पुलिस बल के जवानों द्वारा शराब कारोबारी को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। जब व्यक्ति के घर की तलाशी लिया गया तो व्यक्ति के घर से 4.32 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिस जुर्म में धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज विनोद सिंह पिता हृदय नारायण सिंह मिर्जा मोहल्ला चैनपुर का निवासी बताया जा रहा है। गिरफ्तार धंधेबाज को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## एसएसबी जवानों ने दो नेपाली युवक को ब्राउन सुगर के साथ धर-दबोचा



**नरपतगंज।** नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा से सटे बेला बार्डर पर देर शाम बेला एसएसबी कैंप प्रभारी पशुपति कुमार सिंह के नेतृत्व में जवानों ने 11 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ बाइक सवार दो नेपाली युवक को गिरफ्तार कर कैंप लाया जहां आवश्यक पूछताछ के बाद प्राथिमिकी दर्ज कराते हुए बसमतिया ओपी पुलिस को सुपुर्द किया है, गिरफ्तार युवक में नेपाल के मोरंग जिला के इटहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंदरपुर गछिया निवासी-सबीन राय पिता-खड़क बहादुर एवं नेपाल के सुनसरी जिला के इटहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत योगेंद्र तमांग पिता-रामबहादुर तमांग शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों नेपाली युवक नेपाल नम्बर पल्सर बाईक पर सवार होकर ब्राउन शुगर के साथ सीमा पार कर रहा था। जिस दौरान बेला एसएसबी जवानों ने बेला बार्डर के पिलर संख्या- 198 के समीप बाइक सवार दोनों नेपाली युवक को रोककर तलाशी लिया,तलाशी के क्रम में 11 ग्राम ब्राउन सुगर, पल्सर बाइक, दो मोबाइल बरामद करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया, मामले को लेकर बसमतिया ओपी अध्यक्ष शिवपूजन कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार दोनों को अररिया जेल भेज दिया गया है।

# बिहार सरकार की मंत्री की अध्यक्षता में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की बैठक संपन्न



**कैमुर/ रोहतास (बिहार)/** लेशी सिंह, माननीया मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार सासाराम में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें माननीय विधायक सासाराम विधान सभा क्षेत्र राजेश गुप्ता, जिला पदाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार, उप विकास आयुक्त रोहतास शेखर आनंद, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रोहतास, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम रोहतास, सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी सहायक गोदाम प्रबंधक राज्य खाद्य निगम रोहतास के द्वारा भाग लिया गया।उक्त बैठक में आपूर्ति विभाग एवं राज्य खाद्य निगम द्वारा क्रियान्वित सभी योजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में माननीया मंत्री द्वारा महत्वपूर्ण निदेश दिये गये, जो निम्नवत है एवं मुख्य रूप से शामिल हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान के उठाव-वितरण समीक्षा के क्रम में माननीया मंत्री द्वारा निदेश दिया गया कि प्रखण्ड चेनारी, शिवसागर एवं अन्य प्रखण्डों में खाद्यान का वितरण में प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करें। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विगत छः माह का उठाव एवं वितरण की समीक्षा करते हुए अधिकतम प्राप्त उठाव एवं वितरण के प्रतिशत के आलोक में वितरण कराना सुनिश्चित करें।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत स्लो जेनरेशन × डिस्पैच की समीक्षा के क्रम में माननीया मंत्री द्वारा सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि जन वितरण प्रणाली दुकानों में अधिक खाद्यान्न की जाँच करने के उपरान्त ही आगामी माह में आवंटन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम रोहतास को निर्देश दिया गया कि स्लो जेनरेशन × डिस्पैच का कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किरासन तेल के उठाव एवं वितरण की समीक्षा के क्रम में माननीया मंत्री द्वारा सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी प्रखण्डों में किरासन तेल का उठाव एवं वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु सभी लाभुकों को किरासन तेल की दर में गिरावट के संबंध में सूचित करते हुए अपने स्तर से इसका अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी डिहरी को निर्देश दिया गया कि प्रखण्ड नौहट्टा, रोहतास एवं तिलौथू में किरासन तेल का उठाव एवं वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे।राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के संबंध में सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि लंबित सभी आवेदनों को अविलम्ब निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगें। इस संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि विशेष कैम्प के माध्यम से आवेदनों के निष्पादन में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।आधार सीडिंग कैम्पेन एवं इसकी प्रगति की समीक्षा के क्रम में माननीया मंत्री द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि 30.09.2023 के पूर्व जिलान्तर्गत सभी लाभुकों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। माननीय विधायक, सासाराम विधान सभा राजेश गुप्ता क्षेत्र के द्वारा खाद्यान्नों का उठाव करने वाले संवेदकों के द्वारा निर्धारित वजन से कम रहने से संबंधित शिकायत पर माननीया मंत्री द्वारा जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य निगम रोहतास को निदेश दिया गया कि उक्त शिकायतों के संबंध में विशेष निगरानी रखते हुये अविलंब जांच कर संबंधित संवेदकों एवं कर्मियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। डूप्लीकेट राशन कार्ड, संदिग्ध राशन कार्ड, निष्क्रीय राशन कार्ड, मृत, विवाहित एवं पलायन किये गये लाभार्थियों के संबंध में माननीया मंत्री द्वारा सभी अनुमण्डल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वैसे लाभार्थियों को नोटिस तामिला कराते हुए राशन कार्ड एवं यूनिट को विलोपित करना सुनिश्चित करेंग। डीलर मार्जिन मनी के भुगतान के संबंध में माननीया मंत्री द्वारा जिला प्रबंधक को निदेश दिया गया कि ससमय सभी विक्रेताओं को राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे। कोचस में गोदाम के पहुँच पथ पर विवाद के कारण गोदाम के क्रियान्वयन में कठिनाई के संबंध में अनुमण्डल पदाधिकारी सासाराम को निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अन्दर वस्तु स्थिति से अवगत होकर समस्या का निदान कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रबंधक को निदेश दिया गया कि डोर स्टेप परिवहन अभिकर्ता के चयन हेतु रिक्त सभी स्थानों पर निविदा के माध्यम से चयनित करना सुनिश्चित करेंगे।माननीया मंत्री द्वारा रोहतास जिले में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अन्तर्गत कार्यो के क्रियान्वयन के संबंध में संतोष व्यक्त करते हुए सभी वंचित लाभुकों को चिन्हित कर राशन कार्ड उपलब्ध कराने, ससमय उठाव वितरण कराने, शतप्रतिशत आधार सीडिंग कराते हुए सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से सभी पात्र लाभुकों को आच्छादित करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सभी आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा माननीया मंत्री से राशन कार्ड के आवेदनों के निष्पादन हेतु उपस्कर, स्टेशनरी आदि क्रय हेतु विभाग से आवंटन प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के ई-पॉस मशीन में रिजर्व बैट्री उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। जिला प्रबंधक द्वारा गोदामों में कार्यालय व्यय एवं उपस्कर के क्रय हेतु आवंटन प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

## मां के दूध से विभिन्न बीमारियों से लड़ने की रोग प्रतिरोधक शक्तियाँ भी मिलती हैं

**कैमुर/ (बिहार)।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवम अस्पताल, जमुहर के कम्यूनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट के तत्वावधान में आज अंकोढीगोला प्रखंड के बिहारी बीघा मे स्वास्थ्य शिविर व जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया शिविर में आये लोगों को स्तनपान के फायेदे के बारे में जानकारी दी गयी ठीक तरह से स्तनपान ना करने कि वजह से हर साल विश्व मे 8,20, 000 बच्चों की अकारण मृत्यु हो जाती है जो कि बहुत दुखद है सही तरीके से और मात्रा मे बच्चों को स्तनपान कराने से बच्चों की और माताओं की शारीरिक और मानसिक विकास होता है साथ ही मां के दूध से विभिन्न बीमारियों से लड़ने की रोग प्रतिरोधक शक्तियाँ भी मिलती हैं द्य स्तनपान से माताओं का वजन कम रहने के साथ साथ स्तन कैंसर, रक्त स्राव और बच्चेदानी के कैंसर से भी बचाव होती है छोटे बच्चों के अकारण मृत्यु को रोकने केलिए हमारे पास सारे साधन व संसाधन उपलब्ध है परंतु जागरूकता ना होने की वजह से हमारा देश आज दुनिया की सबसे ज्यादा बच्चों के अकारण मृत्यु और कुपोषण वाला देश बन गया है जो कि आनेवाले समय मे देश के लिए परेशानी पैदा कर सकती है जानकारी ना होने कि वजह से हर साल हजारों बच्चों की मौत हो जाती है और कैसे जगरूकता बढ़ाकर इसको रोका जा सकता है उसकी जानकारी दी गयी द्य ग्रामीण स्वास्थ्य एवम प्रशिक्षण केंद्र, अंकोढीगोला के चिकित्सकों एवम मेडिकल छात्रों द्वारा पोस्टर के माध्यम से आम लोगों को स्तनपान के फायदा के बारे में जागरुक किया गया। 40 से ज्यादा मरीजों की स्वास्थ्य की जांच की गयी एवम मुफ्त मे दवाइयाँ दी गयी इस कार्यक्रम मे विभाग के अध्यक्ष डा एच. के. सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. संतोष नायक ने किया द्य कार्यक्रम के संचालन मे विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. नवीन कुमार, डा. राहुल चंद्रा, डा. रक्षिता ओझा, डा. स्वेता सुमन, डा .एन के जोशी, डा. श्यामा सिंह, डा .आयुषी एवम विभाग के सभी कर्मचारियों ने भरपूर योगदान दिया

## कैमूर किसान यूनियन द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान साथ ही विभिन्न विषयों पर किया गया चर्चा




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जिला के नुआंव प्रखंड अंतर्गत कैमूर किसान यूनियन के द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान, साथ ही विभिन्न विषयों पर किया गया चर्चा। आपको बताते चलें कि कैमूर किसान यूनियन के द्वारा, दिनांक 04.08.2023 दिन शुक्रवार को समय 10.30 बजे से नुआंव प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाया गया।

जिसमें संस्थापक सदस्य पंकज राय ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा, कि फसलों की खरीदारी में मंडी कानून लागू हो, तथा मल्टीपल एजेंसियों से खरीदारी कराई जाए, कैमूर किसान यूनियन के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने कहा पूर्व में बकाया बिजली बिल माफी पर सरकार से बातचीत चल रही है। तथा लम्बित पड़ी सिंचाई की सभी योजनाओं को सरकार अविलंब पूर्ण करें। सरकार अगर किसान नीतियों में सुधार नहीं लाती है, तो 23 सितंबर को बिहटा में राकेश टिकैत के नेतृत्व में किसान महापंचायत होगा। तथा 24 सितंबर को पटना सचिवालय का घेराव होगा। दुर्गावती प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पांडे ने कहा हम नैनो यूरिया की भी लड़ाई लड़ रहे हैं, सचिव अमित राय ने बताया कैसे कैमूर किसान यूनियन किसानों के हक के लिए सदैव प्रयासरत है। कैमूर किसान यूनियन के अध्यक्ष हरिजी सिंह ने बताया कि सभी किसान बंधुओं को संगठित होकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी। एक होकर लड़ेंगे तभी हमारी मांग सरकार मान सकती है। सदस्यता अभियान में प्रखंड क्षेत्र के गर्रा, नुआंव बाजार, छाता बराढ़ी, जैतपुरा इत्यादि गांव के बहुत से किसानों ने सदस्यता लिया।

## महुआरी के कार्यपालक सहायक ने शौचालय की राशि का किया गलत भुगतान होगी प्राथमिकी दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/**भभुआं(कैमूर)-प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 273 लोगों को महुआरी के कार्यपालक सहायक ने शौचालय की राशि का गलत भुगतान कर दिया था। जिसको लेकर 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण जवाब मांगा गया था। लेकिन कार्यपालक सहायक के तरफ से अभी तक स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिया गया। आपको बताते चलें इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी भभुआं सह प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी भभुआं ने भभुआं प्रखंड के महुआरी पंचायत के कार्यपालक सहायक नीतीश कुमार से स्पष्टीकरण 24 घंटे के अंदर मांगा था इस मामले को लेकर अब प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड स्वच्छता प्रभारी भभुआं मनोज अग्रवाल द्वारा कार्यपालक सहायक ग्राम पंचायत महुआरी जो भभुआं प्रखंड स्वच्छता विभाग का भी कार्यपाल सहायक का कार्य देखता था। शौचालय की राशि आवंटित करने में अनिमियतता को लेकर उससे स्पष्टीकरण मांगा गया था। उक्त पंचायत में शौचालय का कुल भुगतान 901 लोगों को किया गया था। जिसमें से 273 लाभुकों का गलत भुगतान किया गया था। जांच गठित टीम तैयार कर जांच कराया गया, तो गलत भुगतान का मामला सही पाया गया। जिसके बाद कुल गलत भुगतान किये हुए 273 लाभुकों का नाम व पूरा पता सहित कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। लेकिन अभी तक कोई स्पष्टीकरण ना दिया गया और ना ही कार्यालय को नाम पता उपलब्ध कराया गया। अब कार्यपालक सहायक पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## सार्वजनिक शौचालय जांच को लेकर हुई मारपीट दो घायल





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता /दुर्गावती(कैमूर)-** थाना क्षेत्र के अवर्हिया पंचायत के मानिकपुर डूघरा गांव में सार्वजनिक शौचालय का जांच को लेकर हुई मारपीट दो घायल।

आपको बताते चलें कि शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के अवर्हिया पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक सार्वजनिक शौचालय जांच के लिए डूघरा गांव में गए हुए थे। उसी दौरान दो लोगों के बीच बिबाद हो गया।बात इतनी बढ़ गई की दोनों लोगों के बीच मारपीट होने लगी जिसमें दोनों पक्ष के एक एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद दोनों पक्ष के द्वारा दुर्गावती थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया पुलिस के द्वारा आवेदन लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्गावती थाना क्षेत्र के अवर्हिया पंचायत के मानिकपुर डूघरा गांव के वार्ड नंबर 13 के वार्ड सदस्य कनक देवी के द्वारा सार्वजनिक शौचालय के जांच के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी दुर्गावती को लिखित आवेदन दिया गया था। इस मामले में ग्राम पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव शुक्रवार को जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे जहां पर शौचालय का जांच किया गया। इसी बात को लेकर अवधेश सिंह और वार्ड सदस्य कनक देवी के ससुर रामजी सिंह कुशवाहा ?के बीच बात ही बात में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष के एक एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल व्यक्ति रामजी सिंह कुशवाहा एवं अवधेश सिंह दोनों ग्राम मानिकपुर डूघरा थाना दुर्गावती जिला कैमूर भभुआ के निवासी बताए जा रहे हैं। दोनों पक्षों के द्वारा दुर्गावती थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दिया गया पुलिस आवेदन लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**निरीक्षण** — अवशेष जनगणना कार्य को आज पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## जाति आधारित जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण






**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जाति आधारित जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण। जिला समाहरणालय कैमूर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक-04/08/2023 जिला पदाधिकारी द्वारा बिहार जाति आधारित जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण के क्रम में रामपुर प्रखंड के जलालपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम गंगापुर में किए जा रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया।

तथा अवशेष जनगणना कार्य को आज पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। तो कुदरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम नेवरास में जाति आधारित जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। प्रगणक को यथाशीघ्र जनगणना कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 94त्न से ऊपर फील्ड सर्वे का कार्य पूरा किया जा चुका है7 शेष कार्य आज ही पूरा करने का निर्देश दिया गया।जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभी प्रखंड के वरीय पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी फील्ड में भ्रमण करते हुए फील्ड सर्वे का कार्य आज पूरा कराने में लगे हुए हैं।फील्ड सर्वे का डाटा मोबाइल एप पर एंट्री करने हेतु आज समाहरणालय कच्छ में डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं आईटी सहायक को प्रशिक्षण दिया गया।

## कैमुर में भभुआं रोड, दुर्गावती व कुदरा रेलवे स्टेशन के विकास पर खर्च होगा 60 करोड़







**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/** कैमूर- जिला में भभुआं रोड, दुर्गावती व कुदरा स्टेशन के विकास पर खर्च होगा 60 करोड़ रुपए। आपको बताते चलें कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत, पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के सात स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। बड़ी बात यह कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के सात स्टेशनों में तीन स्टेशन कैमूर जिले से लिए गए हैं, जिसमें दुर्गावती भभुआं रोड और कुदरा रेलवे स्टेशन शामिल है।

इन तीनों स्टेशनों के पुनर्विकास पर रेल विभाग 60 करोड़ से अधिक की राशि खर्च करने जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में जितने भी स्टेशन सूची में दर्ज किए गए हैं। सभी स्टेशनों पर एक साथ रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। रेल प्रशासन ने बताया कि इस योजना के जरिए रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इन स्टेशनों पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में स्कूली बच्चों को भी बुलाया गया है। स्कूली बच्चों से निबंध और चित्रकारी प्रतियोगिता किया जाएगा।

सर्वश्रेष्ठ स्थान लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। गौर करने वाली बात यह है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जिन स्टेशनों को इस श्रेणी में रखा गया है उन स्टेशनों पर सुविधा सुगमता सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन भवन प्रवेश एवं निकास द्वार फुट ओवर ब्रिज कॉनकोर्स प्लेटफार्म पार्किंग एरिया दिव्यांग सुविधा लाइट बैठने की व्यवस्था पेयजल स्वच्छता पहुंच पथ ट्रेन डिस्प्ले और निर्देश बोर्ड से लैस होगा।

## ख़ास ख़बर

### अपराध पर अंकुश लगाना रहेगी हमारी पहली प्राथमिकता- एसओ आलोक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/ सदात/ गाजीपुर।** नए थानाध्यक्ष के रूप में आलोक कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को देर शाम सदात थाने के नए थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद थाने के सभी पुलिसकर्मियों से औपचारिक जान -पहचान की इसके बाद उन्होंने थाने का जायजा लिया नए थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार-विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। नवागत थानाध्यक्ष ने अपराध पर अंकुश लगाना व अपराधियों पर नकेल कसना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। सरकार के मिशन को इमानदारी से लागू कराना होगा। इससे पहले श्री त्रिपाठी ने रेवतीपुर थाने की कमान संभाल चुके हैं।

### नवागत थाना अध्यक्ष ने बिरनो थाना का संभाला कार्यभार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/ बिरनो/ गाजीपुर।** नए थानाध्यक्ष के रूप में शैलेश मिश्रा ने बुधवार को देर शाम बिरनो थाने के नए थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद थाने के सभी पुलिसकर्मियों से औपचारिक जान -पहचान की इसके बाद उन्होंने थाने का जायजा लिया नए थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार-विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। नवागत थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसना व अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को चुस्त- दुरुस्त कर अमन चैन कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। सरकार के मिशन को इमानदारी से लागू कराना होगा। इससे पहले श्री मिश्रा ने सदात थाना की कमान संभाल चुके हैं।

### तेज रफ्तार रोडवेज की चपेट में आने से वृद्ध की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय/गाजीपुर।** वाराणसी गोरखपुर फोरलेन पर तेज रफ्तार में आ रही रोडवेज बस की चपेट में आने से सड़क पार कर रहे वृद्ध की हुई मौत।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा मिली जानकारी के अनुसार बिरनो थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव निवासी मोती पटेल पुत्र स्वर्गीय विक्रमा पटेल उम्र लगभग 72 वर्ष दोपहर लगभग 12:00 बजे घर से भड़सर चौराहे पर जरूरत थी सामान लाने के लिए गए हुए थे इसी दौरान वह भड़सर शिव मंदिर से सड़क को पार कर ही रहे थे कि मऊ के तरफ से तेज रफ्तार में आ रही रोडवेज ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल वृद्ध को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया ।इस संबंध में बिरनो थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक के पुत्र प्रदीप पटेल के द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया गया है और घटनाक्रम में रोडवेज को भी कब्जे में ले लिया गया है।

### वार्ड प्रबंधन समिति द्वारा नलजल योजना में अवैध रूप से राशि की निकासी

**कैमुर भभुआ/**सूर्यपुरा प्रखंड अंतर्गत अगर कला पंचायत के वार्ड संख्या 12 में अबतक वार्डवासियों को नल का जल नसीब नहीं हुआ। जबकि इस मामले में पूर्व वार्ड सदस्य को जेल की हवा भी खानी पड़ी, फिर भी घर-घर लगे नल से एक बूंद जल अवतक नही टपका। इस वार्ड में डबरिया, रामपुर व डबरिया मतिया गांव शामिल है। पिछले तीन वर्षों से नल जल का कार्य बंद रहने से यहां के लोग पानी मिलने की आस छोड़ दिए हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर नल जल को प्रक्रिया अब पीएचईडी को दे दिया गया है, जिससे अब वार्ड संख्या 12 में नल जल की व्यवस्था सुधरने की उम्मीद है। नल जल योजना के कार्य में अनियमितता को ले जनवरी 2021 में वार्ड सदस्य व सचिव के विरुद्ध बीपीआरओ द्वारा थाने में प्राथमिको कराई गई थी। शिकायत के आधार पर निवर्तमान बीडीओ पवन कुमार ठाकुर ने इस मामले की जांच की थी, जिसमें पाया गया कि अगरेड कला पंचायत के वार्ड 12 में कार्य पूरा कराए बिना वार्ड प्रबंधन समिति द्वारा नलजल योजना में अवैध रूप से राशि की निकासी कर ली गई है।

# राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर गाजीपुर जिला कांग्रेस कमेटी में खुशी की लहर



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकप्रिय सांसद रहे राहुल गांधी को आज शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है, मोदी सरनेम मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी है, इसके बाद गाजीपुर जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।स्थानीय कचहरी पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आपस में मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त किया और इसे न्याय की जीत बताया है।इस पूरे मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि आखिर में सच की जीत हुई है । उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के दोष सिद्धि तक सजा पर रोक लगा दी है । सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से पूरे देश में हर्ष और उत्साह का माहौल है , लोकतंत्र की जीत हुई है ।उन्होंने उम्मीद जताई कि राहुल गांधी की सांसद सदस्यता जल्द ही फिर से बहाल होगी और वह संसद में जनहित के मुद्दों को पुनः मजबूती से उठाएंगे ।एआईसीसी सदस्य रविकांत राय ने राहुल गांधी केस में राहत की खबर आने के बाद कहा कि हम सभी को देश की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा था और आज ह्वह्य भरोसे को सुप्रीम कोर्ट ने और मजबूती प्रदान की है, ये सच की जीत है और षड्यंत्रकारियों की हार है और इसका खामियाजा आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को उठाना पड़ेगा।बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, कोर्ट ने आपराधिक मानहानि मामले में राहुल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, जिस पर आज माननीय सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दिया है। जिसपर कांग्रेस जनों को उम्मीद है कि जल्द ही राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता भी बहाल हो जाएगी।इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा् , पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे , एआईसीसी सदस्य रवि कांत राय, डॉक्टर जनक कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य डॉ मार्कंडेय सिंह , पीसीसी सदस्य अजय कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष गुप्ता,शबीहूल हसन , चंद्रिका सिंह , आदिल अख्तर , दिव्यांशु पांडे , रईस अहमद , सुधांशु , प्रदीप राय मोनू , मिलिन्द्रद सिंह , कमलेश्वर प्रसाद शर्मा , जितेंद्र बिंद , रूद्रेश निगम , संजय गुप्ता , मोइनुद्दीन , मुश्ताक अहमद आदि लोग उपस्थित रहे ।

## फ्लू जागरूकता अभियान के तहत निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/ वीरबहादुर मौर्या/ जमानिया।** तहसील प्रांगण में शुक्रवार को बार एसोसिएशन जमानिया के तत्वावधान में फ्लू जागरूकता अभियान के तहत निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर लगाया गया। जिसमें करीब 105 लोगों का इलाज किया गया। शिविर का आयोजन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोरख नाथ सिंह के आग्रह पर दिलदारनगर के एमएस आई फाउंडेशन ने शिविर लगाया। जिसमें तहसील के अधिकारीग कर्मचारी सहित अधिवक्ता एवं तहसील आये फरियादियों ने आयोजित शिविर का लाभ उठाया। डॉ माधव मुकुंद सिंह द्वारा करीब 105 लोगों कि जांच की गई। जिसमें से करीब 80 लोगों को निःशुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गई। दिया। दौरान करीब 15 से 20 मोतियाबिंद के रोगी पाए गए। शिविर के दौरान डॉ माधव मुकुंद ने फ्लू के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आंखों में होने वाला ये संक्रमण बैक्टीरियल या वायरल दोनों प्रकार का हो सकता है। बाढ़ और बारिश के कारण अचानक आंखों की इस बीमारी का खतरा काफी बढ़ गया है। सभी लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। इसके कारण समस्या के कारण आंखों में लालिमा, खुजली और पानी आते रहने की समस्या होती रहती है। ज्यादातर मामलों में इसके लक्षण हल्के होते हैं पर कुछ स्थितियों में इसके गंभीर रूप लेने का भी खतरा हो सकता है। इसलिए बिना देरी के डॉक्टर से संपर्क करे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हर्षिता तिवारीग तहसीलदार देवेन्द्र कुमारग ईओ अखिलेश तिवारीग सचिव अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह, उदयनरायन सिंह, घनश्याम सिंह, फैसल होदा, सुनील कुमार दिग्विजय तिवारी, रवि प्रकाश सिंह, बृजेश ओझा, संजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## राजद की राबिया खातून बनी राज्य महिला आयोग की सदस्य



**दैनिक शुभ भास्कर/फिरदौस अहमद/**भागलपुर/बिहार राजद की वरिष्ठ नेत्री और नाथनगर विधानसभा से चुनाव लड़ चुकी राबिया खातून महिला आयोग की सदस्य मनोनीत की गई है महिला आयोग में अध्यक्ष सहित आठ गैर सरकारी लोगों को शामिल किया गया है, जिनका कार्यकाल तीन वर्ष का या उनकी पैसठ साल आयु जो भी पहले हो का होगा।

राबिया खातून का सियासी और समाजिक क्षेत्र में लम्बा तजुर्बा रहा है।

राजद नेत्री लालू परिवार की विश्वस्तों में से एक रही हैं। विधानसभा चुनाव में प्रदेश भर में राजद के लिए स्टार प्रचारक की भूमिका में नजर आई थीं. जगदीशपुर प्रखंड के पुरैनी दक्षिणी की रहने वाली राबिया इस क्षेत्र से दो बार जिला पार्षद भी रह चुकी हैं। राजनितिक मंच हो या फिर कोई अवसर अपने खास अंदाज से एक मंझे हुए वक्ता के रूप में इनकी पहचान स्थापित है।वर्तमान में प्रदेश सचिव रहीं राष्ट्रीय जनता दल के स्थापना समय से ही एक निष्ठावान कार्यकर्त्ता से राजनितिक जीवन की शरूआत की। कई मौक़ा उनके जीवन में आये जब पार्टी कमजोर पड़ी फिर भी पार्टी का दामन नहीं छोड़ा और पार्टी को मजबूत करने के मकसद से घर घर पहुंच कर पार्टी का सन्देश पहुंचाने का काम किया। नवनियुक्त महिला आयोग की सदस्य राबिया खातून ने बताया की आधी आबादी महिलाओं की है।घर से लेकर बाहर तक महिलाओं पर जुल्म और शोषण बढ़ा है। ऐसे में मेरा दायित्व और दयारे में जो भी मामला आएगा उसे पूरी निष्ठा के साथ अंजाम दूंगी।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में धरातल पर काम होगा ताकि आधी आबादी को न्याय मिल सके। जिले के तमाम विधानसभा हलकों में राबिया को सदस्य बनाये जाने पर खुशी की लहर है वही ग्राम पंचायत पुरैनी दक्षिणी के मुखिया सहवाज साहब उप मुखिया सिराजुल और पंचायत के सभी सदस्य गण बधाई देते हुए कहा के गरीब मजदूर और असहाय को खासकर महिला वर्गों को काफी राहत मिलेगी

# कान्हा गौशाला का शुक्रवार कि सुबह उपजिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या/ जमानियां।** क्षेत्र के स्टेशन बाजार स्थित कान्हा गौशाला का शुक्रवार कि सुबह उपजिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया और साफ सफाईग पानीग भूसा स्टॉकग बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। एसडीएम के निरीक्षण में उन्होंने मवेशियों के बैठने के हाल, भूसा स्टॉक, पानी की व्यवस्था सहित उनकी संख्या व बिजली व्यवस्था देखी। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद कर्मचारियों से जानकारी की। निर्देश दिए कि गोशाला में साफ-सफाई व मवेशियों के भोजन पानी में लापरवाही न बरती जाए। ईओ अखिलेश तिवारी को उन्होंने प्रतिदिन गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण कराए जानेग गौशालाओं की गहन निगरानी करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान गौशाला परिसर में कीचड़ पाये जाने पर कर्मचारियों को फटकार लगाई और साफ-सफाई निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पशुओं के चारेग पानी की व्यवस्थाग भूसा स्टॉकग गोबर रखने की व्यवस्थाग बिजली की व्यवस्था आदि देखा। इस संबंध में एसडीएम हर्षिता तिवारी ने बताया कि कान्हा गौशाला में करीब 239 मवेशी है। जिसमें से 230 नर 9 मादा है।

## माह से बकाया वेतन व पेंशन न मिलने से कर्मचारियों का जीना हुआ दुश्वार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर ।** उत्तर प्रदेश जल निगम कर्मचारी महासंघ जनपद इकाई गाजीपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि वेतन और पेंशन न मिलने से कर्मचारियों का जीना दुश्वार 5 माह से बकाया वेतन व पेंशन न मिलने से कर्मचारियों का जीना हुआ दुश्वार और दर-दर की ठोकरें खाना पड़ रहा है कर्मचारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि सारे विभाग में सातवां वेतनमान का लाभ मिल रहा है और जल निगम में अभी तक लागू नहीं हुआ है उतर प्रदेश शासन और जल निगम प्रशासन से बार-बार गुहार लगातार लगाने के बावजूद भी जल निगम प्रशासन कर्मचारियों का पीड़ा समझ नही रहा है कर्मचारियों का घर चलाना मुश्किल हो गया है कर्मचारी अपने मां-बाप का इलाज पानी बुढ़ापे का सहारा राशन पानी दवा इलाज तरह तरह की कठिनाइ का सामना करना पड़ रहा है फिर भी जल निगम प्रशासन और उत्तर प्रदेश शासन अनसुनी कर रही है जल निगम प्रशासन व उत्तर प्रदेश शासन से एक बार फिर गुहार लगा रहे हैं की हम लोग की समस्या का निराकरण कराएं और जल्द से जल्द वेतन पेंशन का भुगतान कराएं नहीं तो धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी उपस्थित कर्मचारी महासंघ के मंत्री स्वागतम जी अनिल कुमार मनोज कुमार अभिषेक कुमार अभिषेक श्रीवास्तव जितेंद्र यादव अभीस वीरेंद्र कुमार विवेकानंद सुभाष यादव संजय शर्मा अंगद सिंह लालजी राम राजेंद्र राम नवनीत सिंह वीरेंद्र कुमार विवेकानंद अंगद दुबे महेश कुमार और अन्य लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवी व पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में छात्रों ने समस्याओं को लेकर संबंधित मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एसडीएम सदर को सौंपा पत्रक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/ग़ाज़ीपुर।** समाजसेवी व पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में छात्रों ने वीर अब्दुल हमीद सेतु पुल पर खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने व पुल के दोनों तरफ दस फीट की जाली लगाने संबंधित मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पत्रक एसडीएम सदर प्रखर उत्तम को सौंपा। समाजसेवी दीपक उपाध्याय ने कहा कि गाजीपुर के वीर शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर बने गंगा पुल पर कई वर्षों से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हैं तथा पुल के दोनों तरफ जालीदार जाली नहीं होने से लगातार छात्र-छात्राओं व बुजुर्गों द्वारा पुल से गंगा नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर रहे हैं और इस सभी समस्याओं को लेकर लगातार जिला प्रशासन को पत्रक के माध्यम से अवगत कराया गया है लेकिन जिला प्रशासन कि उदासीनता के चलते अब तक इन समस्याओं को दूर नहीं किया जा सका, जिससे आमजन में रोष व्याप्त है और इन सभी मामले को लेकर आज मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एसडीएम को पत्रक दिया गया है और शीघ्र इसपर कारवाई कि मांग कि गयी है,मांग पूरी नहीं होने पर हमीद सेतु पुल पर ही धरना-प्रदर्शन पर बैठने को विवश होंगे।इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष संदीप यादव, छात्र नेता शशांक उपाध्याय, वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि शिवम पाल,धीरज सिंह, विकास तिवारी अभिषेक वर्मा, दीपक उपाध्याय इत्यादि लोग मौजूद थे।

## ऑपरेशन दृष्टि को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्थान चिह्नित कर सीसीटीवी कैमरा लगाने की योजना

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या/जमानिया।** कोतवाली परिसर में शुक्रवार को ऑपरेशन दृष्टि के तहत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ में बैठक कर ऑपरेशन दृष्टि को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्थान चिह्नित कर सीसीटीवी कैमरा लगाने की योजना बनाई। बैठक में थाना क्षेत्र के नगर सहित ग्रामीण इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर चर्चा की गई। इसके पंचायत भवनोंग विभिन्न व्यावसायिकग गैर व्यावसायिक संस्थानोंग स्कूल आदि जगहो पर कैमरा लगाने को लेकर चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। किसी को कोई समस्या है तो वह निसंकोच पुलिस को अवगत कराएं। किसी प्रकार की कोई असामाजिक गतिविधि करने वाला कोई असामाजिक तत्व हो तो उसकी भी जानकारी पुलिस को दें। इस अवसर पर चौकी प्रभारी सुनील कुमार शर्माग ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुशवाहाग उमराव यादवग पप्पू यादवग अशोक यादवग विशाल वर्माग राजू यादवग सचिन वर्माग अनिल यादव आदि प्रधानग सभासद साथ समस्त पुलिसकर्मियों व नगर के लोग मौजूद रहे।

**बैठक** — बाल श्रम बच्चों को बचपन में उनके स्वास्थ्य और शिक्षा से वंचित करता है- चक्रपाणि

# बाल श्रम विमुक्त करने के लिए जिला में चलाया जाए विशेष अभियान, श्रमिकों के पंजीयन की प्रक्रिया को तेज किया जाए



**पूर्णियां।**पूर्णिया परिसदन में बाल श्रम उन्मूलन मुक्ति एवं पुनर्वास विषय पर समीक्षात्मक बैठक में बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु , श्रम अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया गया ।बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि बाल श्रम कानूनी अपराध है, कितना भी शक्तिशाली व्यक्ति क्यों ना हो बाल श्रम करवाते पकड़े गए तो होगा कानूनी कार्रवाई । शिक्षा एक मौलिक अधिकार है । सभी निबंधित श्रमिकों को न्यूनतम 1 वर्ष की सदस्यता के पश्चात निर्माण कामगारों के अधिकतम दो संतानों को प्रतिवर्ष बिहार राज्य के अधीन किसी भी बोर्ड द्वारा संचालित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 80त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने पर 25000 रुपया, 70 से 79 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 15000, तथा 60 से 69त्न अंक प्राप्त करने पर 10000 का लाभ दिया जाता है। निबंधित पुरुष या महिला कामगार को 3 वर्षों तक अनिवार्य रूप से सदस्य रहने पर उनके दो वयस्क पुत्रियों को विवाह के लिए 50- 50 हजार रुपए दिए जाते हैंद्य वार्षिक चिकित्सा सहायता योजना के तहत सभी निबंधित पात्र निर्माण श्रमिकों का 3000 एकमुश्त राशि लाभार्थी के खाते में अंतरित की जाती है।मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के समतुल्य राशि वैसे कामगार जिन्होंने मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से राशि प्राप्त नहीं की है उन्हें असाध्य रोग की चिकित्सा हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा समतुल्य राशि प्रदान की जाएगीद्य बच्चे को विद्यालय ले जाने की जरूरत है, 6 से 14 साल के बच्चे को बाल श्रम नहीं कराया जा सकता है,14 से 18 साल के बच्चे को कठोर नियोजन में नहीं लाया जा सकता है। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, धाबा दल गठित कर बाल श्रम करते बच्चे को भी विमुक्त किया जाएगा । जब तक श्रमिकों की स्थिति अच्छी नहीं होगी तब तक बाल श्रम पर रोक नहीं लगाया जा सकता है।सरकार द्वारा चल रहे श्रमिकों की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए ।

स्कूल एवं महाविद्यालय में श्रम संसाधन विभाग के द्वारा दिए जाने वाली सभी योजनाओं की जानकारी छात्र छात्राओं को दिया जाए । होटल, दुकान ,लाइन होटल , स्टेशन आदि जगह पर छापेमारी कर ऐसे बाल श्रमिकों को मुक्त कराया जाए और संबंधित प्रतिष्ठान के संचालक पर मुकदमा दर्ज करें साथ ही उन्होंने 1 माह में प्रखंड के एक पंचायत 1 वर्ष में अनुमंडल एवं 2 वर्ष में जिले को बाल श्रम विमुक्त करने हेतु उचित कार्रवाई का निर्देश दिया ।

## राहुल गांधी के पक्ष में फैसला आने पर, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय।** जखनियां गाजीपुर। आज दिनांक 4 अगस्त 2023 को सर्वोच्च न्यायालय ने बहुत ही न्याय संगत सराहनीय प्रशंसनीय फैसला राहुल गांधी के पक्ष में सुनाया है ।

वही ब्लॉक अध्यक्ष देव नारायण सिंह ने कहा कि ,मोदी एंड पार्टी धराशाई हो चुकी है ।

झूठ कब तक टिकेगा सत्य हमेशा विजई होता है ।गुजरात में मोदी एंड पार्टी का इतना वर्चस्व है कि न्यायाधीश भी उनके मर्जी के अनुसार फैसला देता है ।

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ जी को सही न्याय सत्य न्याय देने के लिए हम कांग्रेस जन बधाई शुभकामना देते हैं।

आप दीर्घ जीवी हों स्वस्थ रहें खुश रहें देव नारायण सिंह अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जखनिया गाजीपुर जिला सचिव श्री बृजेश कुमार गौतम मीडिया प्रभारी सर्वानंद चौबे राममूर्ति कुशवाहा श्री मोहन राजभर श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव श्री अमित कुमार पांडे अन्य दलों के लोग भी मौजूद रहे सब ने खुशी का इजहार किया एक दूसरे का मुंह मीठा कराया कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाए गए

## ख़ास ख़बर

## जड़ी बूटी व योग में है हर रोग को खत्म करने की शक्ति



**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** जड़ीबूटीदिवस के शुभ अवसर पर गांधी पार्क में उपस्थित बाल योगियों ने औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इसके उपरांत नीम गिलोय तुलसी एलोवेरा आंवला हरसिंगार निर्गुंडीदम बेल सहित अन्य पौधों का वितरण भी किया गया। इस दौरान योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने लोगों को औषधि पौधों एवं योग के महत्व की जानकारी दी। योगाचार्य ने कहा धरती को बचाने के लिए जड़ी बूटियों का रोपण संरक्षण और संवर्धन करना अति आवश्यक है। योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने कहा की योग व आयुर्वेद के नियमित प्रयोग से हम अपनी रोगप्रतिरोधकक्षमता को बढ़ा सकते हैं। यह औषधियां हमें समस्त प्रकार के रोगों से मुक्ति दिला सकती हैं। लेकिन जानकारी के अभाव में हम सब एलोपैथी इलाज के चक्कर में पड़कर अपने धन और तन दोनों का नुकसान कर रहे हैं।योग-आयुर्वेद की शरण में आकर हम सभी अपने तन व धन दोनों को बचा सकते हैं। इसलिए आप सभी नियमित रूप से योग प्राणायाम के साथ-साथ आयुर्वेदिक औषधियों को अपने जीवन में जरूर आत्मसात करें। इस अवसर पर अशोकट्ठसिंह शिविर में अनिल भट्ट, आशीष गुप्ता, पार्थ विश्नोई, शिवा, तथागत,शौर्य, लक्ष्य, अक्षिति सिंह, रितिका, सिया, श्रीम, सौम्या, अवंतिका, आज्ञा, प्रज्ञा, अनुभव, दिव्यम, बिट्टू, देवांस, काव्या, ओजस्विन, आदि मौजूद रहे

## यात्री गाड़ी में मिला कछुआ,मचा हड़कंप,रेल पुलिस ने भेजा वन विभाग




**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी** गोण्डा- कजरी तीज एवं सावन मास के त्योहारों को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र पाल के निर्देश पर गोंडा रेलवे पुलिस आजकल ताबड़तोड़ चला रही है जांच अभियान इसी क्रम में सहायक उपनिरीक्षक लाल साहब सिंह द्वारा एक कछुआ लिए रेलवे स्टेशन गोंडा पर गाड़ी संख्या 15113 कोच संख्या 081113/C के गलियारे में पडा था जिसे रात्रि गश्त रहे एसआई मोहम्मद खालिद एएसआई रामजी सिंह कांस्टेबल जे.एल चौहान व कांस्टेबल रीना सिंह ने एक लावारिस बोरी में पाए जाने पर तथा उक्त कोच में यात्रा कर रहे यात्रियों से उक्त जीव के बारे में पूछताछ किया गया था किसी ने अपना होना नहीं बताया था लावारिस पाकर उक्त जीव को उतरवाकर एक ड्रम में पानी के अंदर वास्ते सुरक्षार्थ रखा गया था मुझ एएसआई द्वारा वन विभाग गोंडा को सूचित किया गया कुछ समय पश्चात वन विभाग गोंडा के अमित वर्मा वनरक्षक व राम प्रकाश तिवारी अर्दली गोंडा रेंज उपस्थित हुए तथा जल जीव की जांच पड़ताल करने पर कछुआ वजन लगभग 15 से 20 किलो का होना बताया जल जीव कछुए को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## जिलाधिकारी नेहा शर्मा के द्वारा मेरा गोंडा मेरी शान के तहत शुरू कराये गए बृहद स्वच्छता अभियान के मुहिम की शुरुआत



**नवाबगंज (गोंडा)** शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा नवाबगंज नगरपालिका परिषद में जिलाधिकारी नेहा शर्मा के द्वारा मेरा गोंडा मेरी शान के तहत शुरू कराये गए बृहद स्वच्छता अभियान के मुहिम की शुरुआत नवाबगंज में शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र सिंह तथा अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह के नेतृत्व में सफाई कर की गई। इस दौरान नगर के सभी प्रमुख स्थानों व चौराहों पर झाड़ू लगा कर स्वच्छ बनाया गया।इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नें कहा कि मेरा नगर मेरी शान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने नगर के लोगों से कस्बे को स्वच्छ बनाने की अपील की। लोगों सिंगल यूज प्लास्टिक न प्रयोग करने के लिए कहा।नगर के लोगों से इस अभियान में शामिल होकर सहयोग करने की अपील की।

## पूर्व एसपी दबाव में, थाना प्रभारी प्रभाव में और जनता परेशान, कर्नलगंज कोतवाली, नगर कोतवाली, नवाबगंज, कटरा बाजार,के थाना प्रभारियों के आगे घुटने टेक देते थे पूर्व एसपी आकाश तोमर

**शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा** गोंडा। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री पीड़ितों की शिकायतों पर जनता दरबार लगाकर फरयादियों की बात सुनकर उनके निस्तारण का अधिकारियों को आदेश देने में जुटे रहते हैं, लेकिन ठीक उसके विपरीत गोंडा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के नुमाइंदे आम जनता के खून चूसने में कोई कसर नहीं छोड़ते, आपको बता दें कि जनपद के पुलिस विभाग में जब भी दबाव और प्रभाव में कार्य करने की बात आती है तो यह बात तत्कालीन एसपी आकाश तोमर पर फिट बैठती है, रही बात भ्रष्ट व वसूली करने वाले पुलिस कर्मियों को संरक्षण देने की तो इसके लिए पूर्व एसपी आकाश तोमर का नाम सामने आता है।



नवागत कोतवाल चितवन कुमार

सुधीर कुमार सिंह


अपनी फिटनेस के साथ-साथ आस पास की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने में नजर आने वाले एसपी आकाश तोमर को जिद रहती थी कि सबसे विवादित और भ्रष्ट थानेदार नहीं हटेगा, भले वो थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कुछ भी कर रहा हो, इस बात को लेकर उन पर कोई असर नहीं पड़ता था भले ही उनकी छवि कितनी भी खराब क्यों न हो जाए, लेकिन अपने पिछलग्गू भ्रष्ट थाना प्रभारियों के आगे आम पीड़ित फरियादियों की एक भी नहीं सुनते थे, वही सूत्रों के द्वारा बताया जाता है कि कर्नलगंज व मनकापुर और कटरा थाना प्रभारियों की पहुंच के आगे जनता के साथ हो रहा अत्याचार उनको दिखाई नहीं देता था, कई बार यह मामला सामने आया है और थाने से बेइज्जत कर भगाए गए पीड़ितों का सुनवाई व मुकदमा दर्ज नहीं होता था, मगर फिर भी पूर्व एसपी आकाश तोमर को जिद रहती थी कि सबसे विवादित और भ्रष्ट थानेदार नहीं हटेगा, तत्कालीन एसपी आकाश तोमर कर्नलगंज, मनकापुर, कटरा बाजार और नगर कोतवाली के थाना प्रभारी को लेकर असहाय हो जाते थे, पता नहीं इन चारों थाना प्रभारियों ने एसपी आकाश तोमर की कौन सी नब्ज पकड़ रखी थी, क्षेत्र की जनता व विभाग में एक एक सिपाही और दरोगा कि नजर से उतरने के बाद भी इन चारों थाना प्रभारियों की कुर्सी पर कोई असर नहीं पड़ता था, श्री तोमर द्वारा थाना प्रभारियों के फेरबदल पर प्रमाणित शिकायत व दोषी पाए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करते थे,

सूत्रों के द्वारा बताया जाता है की इन चारों में एक थाना प्रभारी ऐसे भी हैं जो पूरे जिले के थानों का ठेका लेते थे, की किसकी पोस्टिंग कहां करानी है, और वो कितने दिन रहेगा। धानेपुर, उमरी बेगमगंज तथा वजीरगंज थाने से हटाए गए थाना प्रभारी इसका बड़ा उदाहरण है, लेकिन उनके खास वो सभी थाना प्रभारियों को लेकर एसपी आकाश तोमर की जनता व विभाग के बीच में खूब किरकिरी हो गई थी,

खैर अब वो दौर गुजर गया और उसके बाद हाल ही में तेज तर्रार नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने जिले की कमान संभाल ली और आते ही कोतवाली नगर क्षेत्र का एक बड़ा मामला सामने आया कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह पर आरोप था कि बड़गांव स्टेशन रोड पर स्थित मल्होत्रा ट्रैक्टर की दुकान को उच्च अधिकारी के मिली भगत से अपने निजी स्वार्थ व लाभ के लिए किसी अन्य को कब्जा करा दिया था जिसकी जांच चल रही थी,

यह बात नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल को भनक लग गई, ओर जांच में दोषी पाए जाने पर कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, जिसको लेकर जिले में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है, ओर उसी के बाद प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह का निलंबित होना पूरे जिले में आग लगने जैसे फैल गई, ओर दूसरे दिन ही नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के जन सुनवाई कार्यालय में जनता की भीड़ होने लगी और देखने से ऐसा लगता था की मानो तो कोई जिले में न्याय करने वाला अफसर आ गया हो, लेकिन अब देखना यह है कि तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के चार धरोहर पे कोई कार्यवाही हो पाती है या नहीं।बॉक्स कर्नलगंज, कोतवाली नगर व मनकापुर तथा नवाबगंज और कटरा थाना प्रभारियों के आगे घुटने टेक देते थे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर

## शिव पुराण की कथा में शिव महिमा का बखान








**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा-** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गाँव में चल रही 9 दिवसीय शिव पुराण की कथा के सातवे दिन कथा व्यास आचार्य हरि प्रसाद मिश्र ने धर्म के महत्व को बतलाते हुए कहा कि आज मनुष्य धर्म से विमुख हो निज स्वार्थ के वशीभूत अधर्म के मार्ग पर अग्रसर है.जिसका परिणाम यह है कि चिंता, बीमारी,विवाद आदि से लोग ग्रस्त हैं. धर्म कि रक्षा अनिवार्य है यदि धर्म सुरक्षित होगा तभी यह जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा. सभी को धर्म की रक्षा के लिए सदैव ततपर रहना चाहिए.शिव महिमा का बखान करते हुए व्यास जी ने कहा कि रामचरितमानस में तुलसीदास ने जिन्हें 'अशिव वेषधारी' और 'नाना वाहन नाना भेष' वाले गणों का अधिपति कहा है, वे शिव जन-सुलभ तथा आडम्बर विहीन वेष को ही धारण करने वाले हैं। वे 'नीलकंठ' कहलाते हैं। क्योंकि समुद्र मंथन के समय जब देवगण एवं असुरगण अद्भुत और बहुमूल्य रत्नों को हस्तगत करने के लिए मरे जा रहे थे, तब कालकूट विष के बाहर निकलने से सभी पीछे हट गए। उसे ग्रहण करने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ। तब शिव ने ही उस महाविनाशक विष को अपने कंठ में धारण कर लिया। तभी से शिव नीलकंठ कहलाए। क्योंकि विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला पड़ गया था। ऐसे परोपकारी और अपरिग्रही शिव का चरित्र वर्णित करने के लिए ही इस पुराण की रचना की गई है। यह पुराण पूर्णतः भक्ति ग्रन्थ है इस पुराण में कलियुग के पापकर्म से ग्रसित व्यक्ति को 'मुक्ति' के लिए शिव-भक्ति का मार्ग सुझाया गया है। मनुष्य को निष्काम भाव से अपने समस्त कर्म शिव को अर्पित कर देने चाहिए। कथा में त्रिभुवन नारायण शुक्ला, विजय कुमार शुक्ला, श्याम नारायण पाठक, राम ललन पाण्डेय, राजेंद्र नाथ पाण्डेय, शंकराचार्य मिश्र, नवनीत पाण्डेय आदि उपस्थित रहे.

## रुपईडीह अध्यक्ष की अगुवाई में संविधान बचाओ संकल्प सभा में शामिल हुए लोग



**शुभ भाष्कर आवेश अंसारी ब्यूरो गोण्डा** रूपईडीह ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत में संविधान बचाओ संकल्प सभा के कार्यक्रम सामिल हुए और सहयोग व समर्थन किया।मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने संकल्प दिलाते हुए कहा हर कदम पर संविधान को बचाने के लिए लोगों से अपील की जा रही है।आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सत्ता में स्थापित करने की मुहिम चलाई जा रही है।जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे ने सभी लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं जनता के प्रति किए गए शासनकाल की कार्यो को विस्तृत रूप से समझाया।इस दौरान रूपईडीह ब्लॉक के न्याय पंचायत पटखौली के अध्यक्ष अशोक पांडे न्याय पंचायत महादेवा के अध्यक्ष मंसूर अली राकेश विकास तिवारी महाराज सिद्दीकी शमीम हुसैन सिराज खान बाबू अशोक पांडे राकेश मालिक राम तिवारी मोहम्मद फारुख इरफान सरीफ नसीर अहमद मोहम्मद शाहबाज मकसूद हलीम चौधरी मोहम्मद अरबाज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला महासचिव राम सिंगार भारती एवं जिला सचिव फूल मोहम्मद,रहे।

## शादी अनुदान योजना के लिए करें आवेदन, शादी अनुदान पोर्टल को किया गया अपडेट

**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी गोण्डा,** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर के गरीब परिवार की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शादी अनुदान पोर्टल पर नया अपडेट किया गया है। अब पोर्टल पर आवेदक की ईकेवाईसी की जाएगी। आवेदक द्वारा भरे गये विवरण में से केवल उसके आवास व पुत्री की शादी की तिथि का सत्यापन ही संबंधित अधिकारी द्वारा किया जाएगा। अब आवेदक का सत्यापन त्वरित गति से होगा। अब कम समय में अधिक से अधिक आवेदकों को धनराशि भेजी जा सकेगी। जनपद के पिछड़ी जाति के अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग छोड़कर) व्यक्तियों जिनकी पुत्री की शादी सम्पन्न हुए 90 दिन से अधिक का समय न हुआ हो एवं शादी सम्पन्न होने में 90 दिन का समय शेष रह गया हो वे गोजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपना आवेदन shadianudan.upsdc.gov.in वेबसाईट पर आनलाईन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंटआउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों/औपचारिकताओं आय, जाति प्रमाण पत्र व अन्य अभिलेखों को संलग्न करते हुए हार्डकापी ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी एव शहरी क्षेत्र के आवेदक कार्यालय उपजिलाधिकारी के पास जमा करेगें। उन्होंने कहा आवेदक उश्प्रश शासन द्वारा अधिसूचित पिछड़ी जाति से सम्बन्धित हो, जिसका वार्षिक आय शहरी क्षेत्र हेतु 56460 तथा ग्रामीण क्षेत्र हेतु 46080 से अधिक न हो। अधिकतम दो पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान प्राप्त कर सकता है।

## गौ-वंशों की वधशाला बनी लौव्वावीरपुर गौशाला





**नवाबगंज (गोंडा)** क्षेत्र के लौव्वावीरपुर गाँव में बनी गौशाला अव्यवस्थाओं के चलते अब गौवंशो की वधशाला बन चुकी है। यहां आये दिन दर्जनों गौवंश दम तोड़ रहे हैं। गौवंशो के मृत शरीर को कौए नोंच कर खा रहे हैं। गौवंशो के अंतिम संस्कार में भी जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे हैं। इस गौशाला का उद्घाटन तत्कालीन जिलाधिकारी उज्जवल कुमार ने किया था। इस गौशाला की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए खंड विकास अधिकारी डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह थकते नहीं थे लेकिन आज लापरवाही और अव्यवस्थाओं की भरमार इस गौ आश्रय केंद्र में हो चुकी है। शुक्रवार को इस गौशाला में एक साथ 10 गौवंशो की मौत हो गई जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वीडियो में मृत गौवंशो के शरीर को कौए अपना आहार बना रहे हैं।इस संबध में ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार गुप्ता ने बताया इस गौ-आश्रय केंद्र में 90 पशुओं की क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव बना था लेकिन चन्नी की कमी के कारण संभव नहीं हो पाया। फिलहाल गौ-आश्रय केंद्र में 226 पशु हैं। यहां रख-रखाव के लिए 04 व्यक्ति भी रखे गए हैं जिन्हें 230 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से भुगतान भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को गौशाला में 05 गौवंश मरे हुए पाए गए हैं जिनका अंतिम संस्कार कराया जा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि गौशाला के रख-रखाव के लिए चयनित 04 लोग अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वाहन नहीं कर रहे हैं।वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रभात कुमार गौतम मृत पशुओं की संख्या की सही जानकारी देने से कतराते रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें 05 गौवंशो के मरने की सूचना मिली थी। उन्होंने बाकी जानकारी प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी से बात करके बताने की बात कही है।

## आई फ्लू के बढ़े मरीज, आंख की बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/** अयोध्या।जिले में आई फ्लू तेजी से फैल रहा है। कंजेक्टिवाइटिस के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग चिंतित हैं। आई फ्लू से चपेट में आने वाले मरीजों की आंखों में 48 से 72 घंटे तक यह संक्रमण रहता है।स्वास्थ्य विभाग लोगों को इसके बारे में जागरूक कर रहा है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता का कहना है, आई फ्लू वाले मरीजों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया, बीते कई दिनों से आई फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि कंजेक्टिवाइटिस से पीड़ित व्यक्ति से थोड़ी दूरी बनाकर रखें। साथ ही कुछ सावधानियां भी बरतें। संक्रमित व्यक्ति से उसका बिस्तर, तकिया, गमछा आदि अलग कर दें। कोई भी वस्तु छूने के बाद हाथों को साबुन से धुले। घर से जाते और आते समय हाथ अवश्य धुलना चाहिए। संक्रमित के लिए अलग कमरे की व्यवस्था करें । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय जैन ने बताया, इन दिनों यह बीमारी व्यापक रूप से फैल रही है। यदि कोई व्यक्ति इससे संक्रमित हो जाए तो घर के शौचालय और स्नानघर की सफाई पर विशेष ध्यान देना है। अगर संक्रमण है तो आंखों पर काले चश्मे का प्रयोग करें और लोगों से दूरी बना लें।

**न्याय** जिलाधिकारी नेहा शर्मा के प्रयास से 06 साल का इंतजार हुआ खत्म

## मुआवजे के लिए 6 साल से दर-दर भटक रहा था किसान, जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दिलाया न्याय, जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर किसान को मिला उसका हक, 6 साल बाद खत्म हुआ इंतजार

**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/**गोंण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जब से जनपद गोंडा में पदभार ग्रहण किया है तब से वे लगातार ग्राम चौपाल तथा अन्य कार्यक्रमों के द्वारा सुस्त पड़ी सरकारी मशीनरी को जागृत करने के अपने अभियान में सक्रिय नजर आ रही हैं। उनकी इन्हीं कोशिशें का नतीजा है कि अब पीड़ित जनपदवासियों को सालों साल बाद न्याय मिल रहा है। ऐसा ही एक प्रकरण विकासखंड पंडारी कृपाल में सामने आया है। न्याय के लिए पिछले 6 साल से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे यहां के एक किसान ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष अपनी गुहार लगाई।किसान दिवस पर सामने आए इस प्रकरण पर जिलाधिकारी के आदेश पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की गई और लगभग 6 साल से मुआवजे के लिए दर-दर भटक रहे किसान को न्याय दिलाया। 2015-16 से नहीं मिला था मुआवजा जनपद गोंडा के ग्राम जगदीशपुर वृंदावन विकासखंड पंडरी कृपाल निवासी श्री विनोद कुमार मिश्रा की जमीन को वर्ष 2015-16 में सरयू नहर खंड 4 कर्मा माइनर द्वारा अधिग्रहीत कर लिया गया था। इस दौरान उसके परिवार के सभी सदस्यों को मुआवजा मिल गया परंतु हाईस्कूल की मार्कशीट और खतौनी में इनके नाम में थोड़ा सा अंतर होने की वजह से बैनामा नहीं हो पाया। जिसका नतीजा है कि जमीन का अधिग्रहण होने के बावजूद किसानों को मुआवजा नहीं मिला । जब इन्होंने समस्या के निस्तारण के लिए अधिशासी अभियंता सरयू नहर खंड 4 से संपर्क किया तो उन्होंने प्रकरण में लीपापोती करते हुए किसान को इधर-उधर भटकने के लिए मजबूर कर दिया।

किसान दिवस पर लगाई गुहार लगभग 6 साल तक परेशान रहने के पश्चात पीड़ित किसान विनोद मिश्र ने विकास भवन सभागार गोंडा में दिनांक 21 जून 2023 को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए किसान दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रखी। इस पर जिलाधिकारी ने जन कल्याणकारी रुख अपनाते हुए अधिशासी अभियंता से इस प्रकरण में अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए कहा। उनके द्वारा बार-बार यही बताए जाने पर कि इनके नाम में भिन्नता है और वह जमीन शिकायतकर्ता किसान की नहीं है, जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को फटकार लगाते हुए कहा कि जब अपीलकर्ता किसान के नाम बीजक बना है तो आप यह कैसे कह सकते हैं कि जमीन इनकी नहीं है।इस प्रकार जिलाधिकारी द्वारा किसान को सांत्वना देते हुए प्रकरण में स्पष्ट निर्णय लेने के लिए सरयू नहर खंड 4 के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया था। किसान ने डीएम को दिया धन्यवाद किसान विनोद मिश्र ने बताते हैं कि वह सरकारी विभाग के चक्कर लगा लगा कर परेशान हो गए थे। कई अधिकारी आए और चले गए लेकिन उनकी सुनवाई कहीं नहीं हुई।

## पुलिस अधीक्षक गोंडा अंकित मित्तल के मार्गदर्शन में जुमे की नमाज जनपद गोण्डा में सकुशल सम्पन्न चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर

**शुभ भाष्कर आवेश अंसारी गोंण्डा** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने शुक्रवार को होने वाली जुम्मे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। उक्त दिशा-निर्देशों के फलस्वरूप शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज पर मस्जिदों व शहर क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भारी संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर व समस्त प्रभारी निरीक्षकथानाध्यक्षों द्वारा स्वयं भ्रमणशील रहकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था हेतु चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया।पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म- twitter,



**पुलिस सोशल मीडिया सेल की लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म twitter, facebook व व्हाट्सएप ग्रुप्स पर पैनी नजर**

facebook व व्हाट्सएप ग्रुप्स आदि पर निरंतर निगरानी की जा रही है। यदि किसी के भी द्वारा कोई अराजकता भ्रामक खबरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर फैलाई जाएंगी तो उनके विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।पुलिस बल द्वारा सजगता व सतर्कता पूर्वक मुस्तैद रहकर व चप्पे-चप्पे पर सतर्क दृष्टि रखते हुए जनपद गोण्डा में जुम्मे की नमाज़ को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।

## ख़ास ख़बर

# कुंडहित डाकबंगला में लाभुकों के बीच 28 यूनिट बकरी व बकरा का किया गया वितरण



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित( जामताड़ा)/**शुक्रवार को कुंडहित डाकबंगला में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच अनुदान पर बकरी व बकरा बांटा गया। इस दौरान 28 लाभुकों के बीच 75% अनुदान पर 28 यूनिट बकरी का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी डॉ सुबोध जीतन हांसदा ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों को 75% अनुदान पर पशुधन वितरण किया जा रहा है। कहा कि शुक्रवार को 28 यूनिट बकरी जिसमें प्रति लाभुक ब्लैक बंगाल किस्म के 3 मादा एवं 1 नर बकरी बांटा गया। कहा कि बकरी विकास योजना के तहत लाभुकों को बांटा गया बकरी के माध्यम से लाभुक अगर इसका बेहतर ढंग से पालन करें तो आय के अच्छे स्रोत इन्हें मिल सकता है एवं आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के अलावे 20 सुत्री प्रखंड अध्यक्ष जयश्वर मुर्मू, उपमुखिया चन्दन लौह, सोनाई चटर्जी एवं लाभुकगण उपस्थित थे।

# भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वधान में प्रशिक्षण के चौथे दिन लीडरों को किया गया प्रशिक्षित




**दैनिक शुभ भास्कर/ मधुपुर/ देवघर/**शहर के 52 बीघा मोहल्ला स्थित टीटीसी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वाधान में सात दिवसीय गाइड रोवल लीडर प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को विभिन्न प्रकार का प्रतियोगिता के तहत लीडरों को प्रशिक्षण दिया गया। गाइड क्षेत्र के लीडरों को (बेसिक) "हाइक" और "दितविया सैपून पायनियरिंग", "कम्पास", प्राथमिक चिकित्सा व्यावहारिक की प्रशिक्षण दी गई जब कि फ्लॉक लीडर (उन्नत) सत्र के प्रतिभागियों ने "प्ले एक्टिंग स्टोरी टेलिंग," "फ्लॉक एक्सपीडिशन" और "बैज सिस्टम, फ्लॉक हॉलिडे" पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे पहले सभी प्रतिभागियों ने योगाभ्यास के साथ शिविर प्रारंभ किया । फिर ध्वजारोहण समारोह आयोजित कर कैंप की जांच की गई । मौके पर गाइड लीडर पापिया भट्टाचार्य ने कहा कि शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर लीडर अपने-अपने क्षेत्र के बच्चों को उनकी अच्छे भविष्य के लिए शिक्षा का पाठ पढ़ाएंगे।कहा कि रेंजर सेक्सन के लीडर को "मैपिंग" और "अनुमान" के साथ-साथ "ट्री टॉप शेल्टर" पर एक व्यावहारिक पाठ भी सिरवाया गया।शेष मे सभी प्रतिभागी को कपिल मुनि मठ आश्रम ले जाकर उनकी जीवनी को भी बताया गया ।

# राहुल गांधी को सर्वोच्च न्यायालय से मिला न्याय, देश और जनता के लिए आशा भरी बात- अशोक वर्मा



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को सर्वोच्च न्यायालय से मिला न्याय देश और जनता के लिए आशा भरी बात है तानाशाही के रास्ते पर चल रही मोदी सरकार के दिन अब समाप्ति पर हैं अशोक वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार विरोधियों को विशेषकर कांग्रेस को समाप्त करने के लिए अपने स्तर से सभी तरकीब का इस्तेमाल कर रही है मगर उनकी सारी नीतियां भाजपा के लिए उल्टी साबित हो रही है कांग्रेस के लिए फायदे का वक्त आ गया है ,और 2024 में राहुल गांधी इस देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। यह फैसला भारत की जनता करेगी आज सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला जनता के लिए संतोषजनक एवं उत्साहवर्धक है।

# मोदी सरनेम केस में बड़ा फैसला राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक,नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/** मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है।

जिस पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव शबाना खातून ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मोदी सरनेम मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

जिसमें राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। जिससे कोर्ट के इस आदेश के साथ ही राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी बहाल हो गई है। अब वे संसद सत्र में भी हिस्सा ले सकेंगे। जिससे पूरे देश में खुशी की लहर है। अन्याय के खिलाफ न्याय की यह जीत हुई है।

यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है, सत्यमेव जयते, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पूरे देश में मोदी सरकार नफरत की राजनीति कर रही है।

आज पूरा देश चाहे वह हरियाणा हो या मणिपुर इस नफरत की आग से अछूता नहीं है। कोर्ट के आदेश के साथ ही राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी बहाल हो गई है। अब वे संसद सत्र में भी हिस्सा ले सकेंगे।

# आदिवासी समाज के लोगों से कान पकड़कर माफी मांगे विधायक इरफान- किशोर सोरेन



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जामताड़ा के द्वारा स्थानीय चंचला मंदिर चौक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशोर सोरेन के नेतृत्व में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी का पुतला दहन किया गया।

इसी दरमियान पत्रकार बंधुओं से बात करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशोर सोरेन ने बताया कि बीते दिनों झारखंड विधानसभा परिसर में चल रहे मानसून सत्र के दौरान जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के द्वारा आदिवासी समाज के बारे में अभद्र टिप्पणी किया जाना बहुत ही दुर्भाग्य की बात है।

इस प्रकार के अभद्र टिप्पणी से आदिवासी समाज के लोगों के दिलों को बहुत ही ज्यादा ठेस पहुंची है। इनको यह बात पता होना चाहिए कि ये जिन आदिवासियों के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। वही आदिवासियों की बेटी आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन है।

जामताड़ा विधायक ऐसे तो बहुत ही बड़ी-बड़ी डींगे हांकते फिरते रहते हैं कि मैं आदिवासियों का सबसे बड़ा हितेषी हूं लेकिन अगर विधायक इरफान अंसारी इतना ही बड़ा हितेषी होते तो आदिवासियों के बारे में ऐसी नीच टिप्पणी नहीं करते। वोट मांगने के समय आदिवासियों के घर-घर जाकर वोट मांगते हैं तो फिर क्यों आदिवासी समाज के लोगों को 10-10 के धोती साड़ी के लिए अपना आवास में घंटे बिठाकर रखते हैं। क्यों धोती साड़ी घर घर जाकर नहीं पहुंचाते।

यह विधायक सिर्फ आदिवासी समाज को बरगलाने का काम करते हैं इस प्रकार का अभद्र टिप्पणी करना इनके मति भ्रष्ट संस्कार को दर्शाता है। विधायक जी अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। सिर्फ और सिर्फ उलूल-जुलूल बयानबाजी करना इनकी फितरत में है। विधायक इरफान अंसारी सामूहिक रूप से देश भर के सभी आदिवासी समाज के लोगों से कान पकड़कर माफी मांगे। अन्यथा अभाविप जामताड़ा के कार्यकर्ता हर जगह इनका विरोध प्रदर्शन करेगी। और मैं किशोर सोरेन यह जाहिर करता हूं कि विधायक अपना मानसिक संतुलन ठीक कराएं और इसके लिए जो भी खर्च आएगी वह मैं वहन करुंगा।

मौके पर जिला संयोजक आकाश साहू, जिला सहसंयोजक चंदन रजक, जिला जनजातीय प्रमुख राकेश बास्की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय मंडल, नगर मंत्री राज सोनकर, कॉलेज अध्यक्ष प्रकाश यादव, किशोर यादव, अभय राउत, सोनू राउत, पवन मंडल, टिंकू मंडल, नवीन डोकानिया, संतोष मंडल, अमित साव, राज स्वर्णकार, राहुल लाल, अमन प्रसाद, केदारनाथ पांडे आदि अभाविप जामताड़ा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जामताड़ा विधायक के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम के तहत हो मामला दर्ज- सांसद सुनील



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**आदिवासियों के बुद्धिमता को लेकर जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी की विधानसभा के पटल पर की गई टिप्पणी को सांसद सुनील सोरेन ने अमर्यादित और अशोभनीय करार दिया है।

साथ ही कहा है कि इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो को स्वयं संज्ञान लेकर जामताड़ा विधायक के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराना चाहिए।

अगर कोई सदन के पटल पर यह सवाल करता है कि आदिवासी इतना तेज कैसे हो गया,यह उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। जामताड़ा विधायक के इस बयान से आदिवासी समाज मर्माहत है और उनके अंदर आक्रोश पनप रहा है।

इस मामले का पटाक्षेप स्वयं विधानसभा अध्यक्ष को करनी चाहिए। उन्होने कहा कि पिछले दिनों नारायणपुर प्रखंड के कोल्हर गांव में गौ हत्या करने वाले आरोपियों के बचाव को लेकर विधायक डॉ इरफान अंसारी ने विधानसभा में झूठी दलील पेश की।

वह जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले तत्वों के समर्थन में है,जिसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की जरूरत है।हाल ही में जामताड़ा के एक मंदिर में उन्हें टीका लगाया गया था जिसे उन्होंने तुरंत पोंछ कर हिन्दुओं की भावना को ठेस पहुंचाई है। जामताड़ा विधायक पर विधिसम्मत कारवाई की जानी चाहिए।

# प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने सहित अन्य मांगों को लेकर भाकपा माले ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया धरना



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित( जामताड़ा)/** प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने सहित अन्य मांगों को लेकर भाकपा माले का जन संगठन झारखंड राज्य मजदूर सभा ने शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया।

धरना के पूर्व पुरातन बैंक मोड़ से रैली निकाली गई। रैली में प्रखंड क्षेत्र को सुखाड़ घोषित करने से संबंधित नारे लगाए गए। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन बीडीओ श्रीमान मरांडी को सौंपा गया। इस दौरान झामस के जिला सचिव सोमलाल मिर्धा ने बताया कि जामताड़ा जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करने, बटाईदार किसानों को प्रमाण पत्र एवं फसल बीमा देने की गारंटी करने तथा 50 वर्ष उम्र वाले को 7000 पेंशन देने, जॉब कार्ड धारियों को एक सौ दिन के बदले 200 दिनों का काम देने तथा दैनिक मजदूरी दर 600 करने, किसानों को इस साल खेती नहीं होने पर 30000 की हिसाब से क्षतिपूरण देने, हर राशन कार्ड धारियों को 5 किलोग्राम अनाज के बदले 30 किलोग्राम अनाज देने, हर वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन धारियों को हर महीने 1000 की जगह 3000 देने, कमरतोड़ महंगाई पर रोक लगाने, बकाया बिजली बिल किसानों का माफ करने, पीएम आवास की राशि 135000 रू से बढ़ाकर 3 लाख 50 हजार करने सहित 19 सूत्री मांग को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। कहा कि फिर भी अगर मांगों की पूर्ति नहीं होती है तो पार्टी द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मौके पर भाकपा माले के जिला सचिव सुनील राणा, झामस के जिला सचिव सोमलाल मिर्धा, आशा मिर्धा, ममता राणा के अलावे काफी संख्या में कॉमरेड उपस्थित थे।

**राहत** जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने स्थानीय इंदिरा चौक में जमकर आतिशबाजी की।

# सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत मिलने के बाद कांग्रेसियों ने मनाई दिवाली



**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** शुक्रवार शाम को जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने स्थानीय इंदिरा चौक में जमकर आतिशबाजी की। मोदी सरनेम मामले में उच्च न्यायालय से सजा मिलने के बाद सर्वोच्च न्यायालय में अपील की गई थी, जिसमें न्यायालय के द्वारा राहुल गांधी की सजा पर तत्काल रोक लगा दिया गया। राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने से उत्साहित कांग्रेसियों ने शहर में जमकर आतिशबाजी की और दिवाली मनाया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने घंटों तक मुख्य चौक पर आतिशबाजी की। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के जयकारे लगाए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि आज न्यायालय ने जो फैसला दिया है वह असत्य पर सत्य की जीत है। वर्तमान केंद्र सरकार जिस तरह से हमारे सर्वमान्य नेता राहुल गांधी को चारों ओर से परेशान करने का काम कर रही थी उस पर न्यायालय का हस्तक्षेप होने के बाद पूरे देश का माहौल फिर से बदल गया है। आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में स्थिति बदलने वाली है। एक बार फिर कांग्रेस पार्टी पूरे देश में परचम लहराएगी और इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार देश की जनता को समुचित विकास की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय के फैसले ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया है साथ ही सत्ता के नशे में चूर वर्तमान भाजपा सरकार को आईना दिखाने का काम किया है।

हम सभी एकजुट होकर पूरे जोश के साथ आने वाले चुनाव की तैयारी में लग गए हैं और जनता को विश्वास दिलाते हैं

# राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट से रोक लगाए जाने पर महागठबंधन के लोगों ने मनाया जश्न



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** मोदी सरनेम केस में बड़ा फैसला सुप्रीम कोर्ट से आने पर महागठबंधन के नेताओं ने शहर के गांधी चौक के समीप जश्न मनाया और लोगों के बीच मिठाईयां बाटी। बताते चलें कि मोदी सरनेम मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

जिसमें राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। जिससे कोर्ट के इस आदेश के साथ ही राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी बहाल हो गई है। अब वे संसद सत्र में भी हिस्सा ले सकेंगे। इसी को लेकर शुक्रवार को पूरे देश में खुशी की लहर है। आज जगह-जगह मिठाईयां बांटी गई और जश्न मनाया गया।

वही मधुपुर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फैयाज कैसर ने कहा अन्याय के खिलाफ न्याय की यह जीत हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे देश में मोदी सरकार नफरत की राजनीति कर रही है। आज पूरा देश चाहे वह हरियाणा हो या मणिपुर इस नफरत की आग से अछूता नहीं है। कोर्ट के द्वारा राहुल गांधी के मामले में सजा पर रोक लगाई यह झूठ पर सत्य की जीत है। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फैयाज कैसर, नसीम हुसैन, मुशर्रफ हुसैन, मोहम्मद राजा, मोहम्मद शाहिद, राहुल कुमार सिंह, मोहम्मद सैफ, उमर बंटी समेत दर्जनों महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकारी जमीन पर बने चारदीवारी पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/** शुक्रवार को विक्रमपुर पंचायत के बड़ाआखना में सरकारी जमीन पर बने चारदीवारी को अंचल अधिकारी नित्यानंद प्रसाद के निर्देश पर बुलडोजर के माध्यम से तोड़वा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंडहित अंचल अंतर्गत विक्रमपुर पंचायत के मौजा बड़ाआखना के खाता संख्या 59 प्लॉट नंबर 1239 कुल रकबा 0.12 एकड़ किस्म पुरातन पतित बोलकर दिलीप मंडल द्वारा खतियान में दर्ज भूमि में से अतिक्रमित 0.03 एकड़ भूमि में दीवाल दिया हुआ था। ग्रामीणों के शिकायत पर अंचलाधिकारी द्वारा उक्त जमीन को जांच कराया गया। जिसमें उक्त जमीन पतित पाया गया। शुक्रवार को अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद द्वारा प्रभारी अंचल निरीक्षक धनंजय प्रसाद वर्मा को दंडाधिकारी नियुक्त कर राजस्व उप निरीक्षक संदीप कुमार हेंब्रम अंचल अमीन मोतीलाल मरांडी एवं बागडेहरी पुलिस के सहयोग से उक्त जमीन पर निर्मित चारदीवारी को बुलडोजर के माध्यम से तोड़वाया गया। इस दौरान अंचल निरीक्षक धनंजय प्रसाद वर्मा ने बताया कि उन्हें कई बार उक्त जमीन से दीवार हटाने का नोटिस दिया गया था लेकिन बार-बार नोटिस भेजने के बाद भी उनके द्वारा ना तो दीवार हटाया गया और ना ही कोई प्रतिक्रिया दिया गया। शुक्रवार को अंचल अधिकारी नित्यानंद प्रसाद के निर्देश पर उक्त जमीन पर बुलडोजर चलाकर दीवार को तोड़ दिया गया।

# दबंग ने किया चक मार्ग पर किया अतिक्रमण, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत



**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/** गोण्डा- जिलाधिकारी को एक शिकायत पत्र देकर चक मार्ग पर अवैध तरीके से दबंग ने किया कब्जा कब्जा हटाने को लेकर जिलाधिकारी को शिकायत पर देकर कब्जा हटाने को लेकर की शिकायत प्रार्थी ओम प्रकाश शुक्ला व सन्तोष कुमार निवासीगण ग्राम बौनापुर, तहसील करनैलगंज, थाना कौड़िया, जनपद-गोण्डा के रहने वाले हैं प्रार्थी ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कहां की खेत के पश्चिम तरफ घर से कुकुर देवरवा तक उक्त चकमार्ग है, जो कि सार्वजनिक रास्ता है, जिस पर विपक्षी दक्षराज निवासी ग्राम उपरोक्त द्वारा अतिक्रमण करके दीवाल / मकान बना लिये हैं जिससे चकमार्ग बाधित हो रहा है, जिसमें हम तमाम ग्रामवासियों को आने-जाने में परेशानी होती है। प्रार्थी ने इसकी शिकायत कैई बाद उच्च अधिकारियों किया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई समाधान दिवस थाना कौडिया पर दिया था, जिस पर सुनवाई करते हुए लेखपाल और पुलिस बल एवं गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा मौके पर अतिक्रमण हटवाने का प्रयास किया गया, परन्तु विपक्षी अवैध अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं हैं तथा आमादा फौजदारी है। मौके से अधिकारियों के जाने के उपरान्त विपक्षी दक्षराज पुत्र चिनगी तथा उनकी औरत ने प्रार्थी को भद्दी-भद्दी गालियां दिया और कहा कि तुम हमारे खिलाफ अगर कोई कार्यवाही करते हो, तो हम तुम्हें देख लेंगे। उपरोक्त अतिक्रमण से प्रार्थी तथा तमाम ग्रामवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# अब घर की छतों पर कैफेटेरिया खोलने की भी योजना



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या। अयोध्या को पर्यटन नगरी बनाने की कवायद जोर-शोर से चल रही है। यहां आने-वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या के प्रति आकर्षित करने के लिए तरह-तरह की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। दीपोत्सव तक सरयू में क्रूज का संचालन प्रस्तावित तो है ही अब घर की छतों पर कैफेटेरिया खोलने की भी योजना आ गई है। इस योजना के तहत नगर के मुख्य पथों पर कुछ छतों पर कैफेटेरिया खोलने की योजना है, जहां श्रद्धालु चाय और काफी समेत अन्य स्नैक्स का लुत्फ उठा सकेंगे। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या को पर्यटन नगरी वाला लुक देने की तैयारियां चल रही हैं। मंदिर निर्माण के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। उनके रहने, खाने और उठने व बैठने की व्यवस्था जोर-शोर से की जा रही है। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या को उसके पौराणिक गरिमा के अनुरूप सजाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत यहां विभिन्न विकास कार्यों को कराया जा रहा है। जन्मभूमि मंदिर के आसपास के क्षेत्रों को उसकी पौराणिक महत्ता के अनुसार सजाये जाने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में आधुनिकता को भी ध्यान में रखते हुये जन्म भूमि पथ, भक्ति पथ के समीप स्थित घरों में रूफ टॉप कैफेटेरिया विकसित करने के लिए गृहस्वामियों को प्रेरित किया जाएगा, जिसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार एजेंसी के साथ अनुबंध कर आसपास के घरों का सर्वे कराकर इच्छुक गृहस्वामियों को रूफ टॉप कैफेटेरिया बनाने के लिए जागरूक करेगा। इसके लिए परमिशन आदि संबंधी जो प्रक्रियायें होंगी उनको एडीए के पैनल के माध्यम से सरल किया जाएगा। इन रूफ टॉप कैफेटेरिया/ओपन टू स्काई रेस्टोरेंट के माध्यम से अयोध्या आने वाले श्रद्धालु श्रीराम मंदिर के विहंगम दृश्य का अवलोकन कर सकेंगे।गृहस्वामियों की आमदनी भी बढ़ेगी अयोध्या के गृहस्वामियों की आमदनी बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन तमाम योजनाओं को जमीन पर उतारने जा रहा है। इसमें एक होम स्टे/पेइंग गेस्ट योजना भी शामिल है, जिसमें नगर के कई लोगों को जोड़ा जा चुका है। एक हजार गृहस्वामियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। रूफ टॉप कैफेटेरिया भी इसी योजना के तहत होगी।

# एक माह के अंदर गड्ढे में तब्दील हुई सड़क, पीडब्ल्यूडी विभाग की खुली पोल

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**खंडासा -अयोध्या।सड़क बनते ही टूटना हुआ चालू विकासखंड अमानीगंज संपर्क मार्ग का मामला, लोगों की उम्मीदों को तार तार कर रहा पी डब्लू डी बिभाग बीते काफी दिनों से लोगों के हुक्मरानों के चक्कर लगाने के बाद किसी तरह बनी यह सड़क,भ्रष्टाचार का हो गयी शिकार,आपको बता दें कि सड़क बनने के एक माह बाद गड्ढे में तब्दील हुई सड़क जगह जगह गड्ढे में भर रहा पानी जो तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा हैं वही हल्की हल्की बारिश भी नहीं झेल पा रही सड़क।तो कैसे हो पाएगा गड्ढा युक्त अभियान का काम काज सरकार के दावे को फेल कर रही पीडब्ल्यूडी विभाग लापरवाही के चलते जगह जगह पर गड्ढे में तब्दील हो रही सड़क क्या पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी के साथ कर पाएंगे अपना कार्य या फिर यूं ही सड़क को टूटते देखकर नजरंदाज करते रहेंगे और भाजपा सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को कैसे अयोध्या का पी डब्लू डी विभाग कर पाएगा

## ख़ास ख़बर

## साहिल से पुनः श्रवण बना नौजवान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/मैरवा**/सीवान जिले के मैरवा के मिसकरही निवासी श्रवण कुमार अपने हिंदू धर्म में पुनः वापस आ गया है। श्रवण का कहना है कि अपने परिजनों से मिलने के बाद उसका विचार बदल गया है। उसका कहना था कि समाचारों के माध्यम से उसने देखा कि उसके मुद्दे को काफी तूल दिया जा रहा है तथा इससे उसका और उसके परिवार की काफी बेइज्जती हो रही है। इसको लेकर वह कोर्ट में अपना बयान देने आया था। पुलिस ने उसे उसकी माता नैना देवी के आवेदन पर बस अड्डा सीवान से हिरासत में लिया था। वहां से पुलिस उसे 164 के बयान के लिए कोर्ट ले गई थी। इस दौरान कोई भी रिश्तेदार एवं पड़ोसी उसकी मदद को आगे नहीं आया। वह अपने धर्म में वापस चला आया है। अभी उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। उसकी आंखें और सिर में काफी दिक्कतें हैं। जिसकी वजह से वह इलाज कराने जा रहा है। वापस आने के बाद वह मीडिया से बात कर सारी घटना की सच्चाई बयां करेगा।

## युद्ध स्तर पर हो रहा जातीय गणना का कार्य



**बड़हरिया सिवान संवादाता** बड़हरिया प्रखंड में जातिगत गणना का द्वितीय चरण में युद्ध स्तर पर चल रहा है कार्य।विदित हो कि जातिगत गणना कार्य में लगे पर्यवेक्षक ने बताया कि डोर टू डोर जाकर जातिगत गणना प्रगणक कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार गणना का कार्य लगभग अंतिम चरण में है।वही चार्ज पदाधिकारी प्रणव कुमार गिरी ने बताया कि कई गांव का परिभ्रमण कर गणना कार्य का जायजा लिया गया, जिसमें सभी पर्यवेक्षक एवं प्रगणक का कार्य संतोषजनक पाया गया। जीएसएस कृष्णा कुमार मांझी ने बताया कि गणना कार्य में लगे सभी कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर दिया गया है। इस कार्य के लिए महज पांच दिनों का समय दिया गया है ।जो अभी अंतिम समय चल रहा है अधिकांश पर्यवेक्षक एवं प्रगणक ने बताया कि हम लोगों का काम लगभग 95त्न पूर्ण हो गया है। कल शाम तक लगभग सभी कार्य पूर्ण हो जाएगा वही पर्यवेक्षको ने बताया कि युद्ध स्तर पर प्रगणक कार्य में लगे हैं कल शाम तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## संस्था को एक वर्ष होने पर नर्सिंग असिस्टेंट छात्राओं को दिया गया प्रमाणपत्र



**पचरुखी (सीवान)** समाजिक संस्था सिम्पल लिविंग हेल्थकेयर फाउंडेशन के स्थपना के एक वर्ष पूर्ण होने पर सीवान स्थित कार्यालय पर बुधवार को संस्था से ट्रेनिंग प्राप्त किये हुए नर्सिंग अस्सिस्टेंट ( नर्स ) छात्राओं में प्रमाणपत्र वितरण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज कुमार द्वारा प्रमाणपत्र वितरण किया गया। इसके पूर्व संस्था द्वारा डॉ श्री कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ÷हर घर स्वस्थ मिशन÷ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ता और मूलभूत चिकित्सा सभी को मिले इसका लक्ष्य निर्धारित किया गया। बीते एक साल में संस्था ने अलग अलग ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 2 हजार लोगों के बीच मुफ्त दवा वितरण किया गया। वहीं आने वाले साल में 10 हजार जरूरतमंदों को मुफ्त दवा मिले इसका लक्ष्य रखा गया। उक्त मौके पर संस्था के डायरेक्टर आदित्य रंजन एवं धनंजय प्रसाद, और सहयोगी सदस्य जन्मेजय प्रसाद, नूर आलम सिद्दीकी, मोहम्मद इरफ़ान, डॉ कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

# गुठनी- अज्ञात बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत, घटना के बाद राहगीरों ने गंभीर हालत में लेकर पहुंचे थे पीएचसी

## इकलौते पुत्र के खोने के सदमे से पूरा परिवार सदमे में आया

**गुठनी।** गुठनी दरौली मुख्य मार्ग पर खिरौली चट्टी के समीप शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित बोलेरो ने युवक को ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत ईलाज के दौरान हो गई। मृतक दरौली थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी सत्यम कुमार मिश्र (25) बर्ष था। परिजनों का कहना है कि वह घर से कही बाहर निकलने की बात कहके निकला हुआ था। लेकिन खिरौली के समीप बोलेरा ने तेज ठोकर मार दिया। लोगो कि माने तो गुठनी की तरफ से आ रहे तेज रफ़्तार की बोलेरो ने उसे पीछे से तेज धक्का मार दिया। जिसमे सत्यम कुमार मिश्र खून से लथपथ हालत में सड़क पर गिर गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर सड़क से उठाया। और इसकी सूचना परिजनों को दिया। सूचना मिलने के बाद बदहवास हालत में परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। और उसे गंभीर हालत में लेकर पीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद एएसआई जयलाल राम, एएसआई प्रमोद कुमार तिवारी पीएचसी पहुंचे। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आवेदन देने के बाद आरोपीयो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया जाएगा। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने में जुटी हुई थी पुलिस गुठनी दरौली मुख्य सड़क पर खिरौली गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। उसके मौत की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उनका आरोप था की ड्राइवर लापरवाही से यह घटना हुई है। वही घटना को अंजाम देकर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। उन्होंने दोषी ड्राइवर पर एफआईआर दर्ज करने की मांग किया। पुलिस का कहना था कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। इसमें संलिप्त दोषी ड्राइवर की पहचान करके उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिजनों की दहाड़ से माहौल हुआ गमगीन दरौली थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है. मिली जानकारी के अनुसार उसके परिवार में उसकी मां कांति देवी, पिता सर्वेंद्र शेखर मिश्र का रो रोकर बुरा हाल है। वह अपने मां बाप का इकलौता संतान था। घटना के बाद परिजनों की दहाड़ से पूरा गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। उसके परिजनों को संभालने के लिए आसपास के लोग जुटे हुए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के दरवाजे पर जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। क्या कहते है सीओ- सीओ शंभूनाथ राम का कहना है

## राष्ट्रीय लोक जनता दल का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को ले किया गया जागरूक



**हसनपुरा(सीवान)** आगामी 13 अगस्त को टाउन हॉल सीवान में राष्ट्रीय लोक जनता दल का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन होना है। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री माननीय श्री उपेंद्र कुशवाहा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जीरादेई श्री रमेश सिंह कुशवाहा जी ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्रनाथ पटेल जी, राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक, अभियान समिति के अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा, प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता रामपुकार सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष मदन चौधरी, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र बंशी, महादलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक राम जी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर स्मृति कुमुद सहित राष्ट्रीय स्तर, प्रदेश स्तर एवं जिला के सभी नेतागण एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता गण इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला के प्रभारी एवं प्रदेश पार्टी प्रवक्ता श्री बृजेंद्र कुमार पप्पू एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल सिंह के नेतृत्व में जिला के सभी नेता एवं कार्यकर्ता जोर शोर से लगे हुए हैं। इसके लिए जगह जगह बैठकें आयोजित की जा रही हैं एवं पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों से तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उपेंद्र कुशवाहा जी के विचारों से जनता को अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम सफल हो इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर जिला के सभी नेता, कार्यकर्ता उत्साहित हैं और इसके लिए जिला को भव्य तरीके से सजाने की तैयारी कर रहे हैं। जगह जगह पर बैनर पोस्टर के साथ साथ तोरण द्वार भी लगाए जाएंगे। उक्त बातें पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा ने बताया। वहीं प्रखंड के करमासी तथा हरपुरकोटवा में लोगों को लोगों को जागरूक भी किया गया।

# विवाह योजना फिक्स डिपॉजिट सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया







**सीवान संवाददाता।**आज दिनांक 04-08-2023 को "विवाह योजना फिक्स डिपॉजिट सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम" का आयोजन DM जनता दरबार कार्यक्रम के दौरान जिला सभागार में किया गया।

जिला पदाधिकारी सिवान मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत श्रृष्टि कुमारी को 1 लाख का फिक्स डिपॉजिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह योजना के तहत पिंकी कुमारी, बबिता कुमारी, रीना देवी, राजन कुमार, अनवर हुसैन, अर्जुन कुमार महतो एवं राब्या खातुन को 1 लाख का फिक्स डिपॉजिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिला पदाधिकारी सिवान मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा जनता दरबार में आये लोगो के बीच समाज कल्याण विभाग,बिहार सरकार के अंतर्गत चलने वाली दो महत्त्वपूर्ण योजनाओ की जानकारी दी-मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के अंतर्गत समाज में जातिप्रथा को समाप्त करने, दहेज प्रथा को हतोत्साहित करने तथा छुआछूत की भावना को समाप्त करने तथा अंतर्जातीय विवाह करने वाली महिला को आर्थिक दृष्टि से सबल बनाने के लिए अनुदान स्वरूप सावधि जमा प्रमाण पत्र ( Fi&ed Deposit) के माध्यम से 1,00,000 (एक लाख) रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के अंतर्गत बिहार राज्य के निःशक्त व्यक्तियों के विवाह को प्रोत्साहित करने और उसे अधिक व्यापक बनाने के लिए अनुदान स्वरूप Fi&ed Deposit के माध्यम से 1,00,000 (एक लाख) रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

# तीसरे बैच के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरु

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/हसनपुरा (सीवान)** प्रखंड स्थित मीटिंग हॉल में शुक्रवार को वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का तीसरा बैच का प्रशिक्षण शुक्रवार को शुरु हुआ। जिसमें रजनपुरा, पकड़ी, हरपुर कोटवा व मंद्रापाली पंचायतों के वार्ड सदस्य शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के ट्रेनर बीपीआरओ शालू कुमारी व प्रखंड कार्यपालक सहायक विकास कुमार द्वारा प्रोजेक्टर चला कर व मौखिक प्रशिक्षण दी गयी। इस दौरान उनके अधिकार, कर्तव्यों, योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन, राशि के खर्च संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में संबंधित पंचायत के सभी वार्ड सदस्य उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## स्नातक प्रथम खंड की हो रही परीक्षा में व्यवधान डालते दो गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/**शहर के इवनिंग कॉलेज में चल रहे स्नातक प्रथम खंड की परीक्षा में शुक्रवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने परीक्षा में व्यवधान डालने की कोशिश की गई। जिसे देखते हुए केंद्र अधीक्षक मधुलता कुमारी एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो राजकुमार झा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 9:25 बजे कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा में व्यवधान डालने की कोशिश की गई।उन्होंने बताया कि इंद्रानंद यादव एवं बृजेश यादव सहित 10-12 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा परीक्षा भवन में जबरन घुसकर वीक्षक प्रोफेसर रंजीत कुमार झा के हाथों से सादा उत्तर पुस्तिका छीनने का प्रयास किया गया। जिसके चलते कुछ सादा उत्तर पुस्तिका फट गया। इसके बाद सभी लोग शशि यादव के घर में जाकर छुप गया।इसकी जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दी गई। वही तत्काल प्रशासन ने शशि यादव के कैंपस से दोनों को गिरफ्तार किया गया। वही शशि यादव एवं अन्य सभी व्यक्ति पुलिस को देखते ही मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि शशि यादव अपराधिक किस्म का व्यक्ति है।जिसके यहां संदिग्ध लोगों का आना जाना लगा रहता है। तथा वे लोग महाविद्यालय को बदनाम करने का सास साजिश रचता है। उन्होंने पकड़े गए दोनों व्यक्तियों एवं अन्य फरार व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही आगे होने वाले परीक्षा के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। इस अवसर पर प्रोफेसर विपिन यादव, डॉ संजय कुमार वशिष्ठ,प्रो बच्चन झा, प्रोफेसर रंजीत झा, प्रो कुमोद झा,प्रो अवधेश झा, प्रोफेसर सुमन झा,प्रोफेसर सहबाज,प्रो राधेश्याम सिंह, नवनीत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ भवन में ममता कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/** जिले के विभिन्न अस्पतालों मे कार्यरत ममता दीदीयों की बैठक रानी कुमारी के अध्यक्षता में और सावित्री जी के संचालन में बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संघ भवन में शुक्रवार को आयोजित हुआ।जिसमें कई प्रखंड अस्पताल में कार्यरत ममता को विगत कई महीने से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होने पर आक्रोश जताया गया। साथ ही सेवा स्थायीकरण, मासिक वेतन भुगतान करने की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया।बैठक को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शरद कुमार,चिकित्सा संघ के सावन कर्ण,धर्मेंद्र,अभिषेक ने संबोधित किया और कहा इनके मांगो को सरकार को हर हाल मे मानना होगा।इस अवसर पर सविता कुमारी, किरण देवी, चंद्रा कुमारी,रीता देवी सहित अन्य ममता कार्यकर्ता मौजूद रही।

## शिक्षकों ने कलेक्टर ऑफिस के बाहर हवन किया





**राजस्थान** उदयपुर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर सरकारी शिक्षक धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए बुद्धि शुद्धि का हवन किया सरकार के खिलाफ नारेबाजी की समाचार लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन जारी है पायल मीणा उदयपुर से

प्रतियोगिता | जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजेंद्र स्टेडियम, सिवान में किया गया।

# जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन





**सीवान संवाददाता।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन सिवान के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजेंद्र स्टेडियम, सिवान में किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में उच्च माध्यमिक विद्यालय नरेंद्रपुर विजेता बना एवं अंडर 17 बालक वर्ग में शहीद उमा कांत उच्च विद्यालय नरेंद्रपुर विजेता बनी एवं अंडर-17 बालिका वर्ग में राजकीय कुष्ठ सेवा आश्रम बालिका उच्च विद्यालय मैरवा विजेता रही जिला स्तर के सभी चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो भागलपुर बांका एवं सिवान में आयोजित है उस में भाग लेंगे। इस मौके पर जिला सचिव फुटबॉल संघ श्री जावेद खान चयनकर्ता के रूप में पिंकी कुमारी एवं शाहिद नावेद एकलव्य खोज जिला रैफरी मखदूम खान इकराम अली राजू अमीर अली एवं नियाज अहमद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके पहले जिला खेल पदाधिकारी श्री विकाश कुमार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया इस मौके पर जिला खेल कार्यालय के सहायक श्री दीपक कुमार एवं श्री अश्वनी रावत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ओसामा सहाब है निर्दोष- अजय चौहान



**सिवान संवादाता** सिवान के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के इकलौते पुत्र मोहम्मद ओसामा दिल्ली में है। वही पूर्व सांसद की पुत्री भी दिल्ली के एक बड़े अस्पताल में चिकित्सक के रूप में कार्यरत हैं। ऐसे में इन दोनों लोगों पर तथा परिवार के अन्य सदस्यों पर पट्टीदारी के लोगों के द्वारा झूठा मुकदमा करने पर पुलिस कप्तान को जांच करनी चाहिए। उक्त बातें सीवान जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष अजय चौहान ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने समाहरणालय के सामने एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत में खुलासा करते हुए कहा कि पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन साहब के समधि के घर दो भाइयों में आपसी जमीनी विवाद है।

जिसके कारण ओसामा साहब तथा उनके बहन एवं सगे संबंधियों को झूठे मुकदमा में फसाया जा रहा है। जिसकी जितनी भी भर्थस्ना की जाए उतनी कम है। उन्हें उन्होंने स्थानीय एसपी से इस मामले में जांच कर अविलंब नाम हटाने की बात कही तथा उन्होंने कहा कि मोहम्मद शहाबुद्दीन की पुत्री दिल्ली में एक बड़े अस्पताल में चिकित्सक हैं।

वहीं दूसरी तरफ घटना के दिन मोहम्मद ओसामा दिल्ली में थे इस बात की जांच अगल-बगल लगे सीसीटीवी कैमरे से की गई होगी , उन्होंने कहा कि घटनास्थल के आसपास चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है । जिसके जांच पर दूध का दूध और पानी का पानी होकर मामला सामने आ जाएगा । चौहान ने कहा कि जब ओसामा साहब खुद वहां रिश्तेदार है। सब लोग जानते हैं तब उन्हें यह बताने की जरूरत क्या है कि मैं मोहम्मद शहाबुद्दीन का पुत्र हूं । जो प्राथमिकी में लिखा गया है। वहीं सैकड़ों समर्थकों के साथ गोलीबारी का भी पूर्ण रूप से झूठा मामला दर्ज किया गया है। जिसे अभिलंब वापस लेना चाहिए।

## ख़ास ख़बर

# भेलूपुर प्रभारी निरीक्षक ने कोचिंग संचालकों संग की अहम बैठक



**वाराणसी।** नगर के भेलूपुर थानान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े पैमाने पर कोचिंग का संचालन किया जाता है। नगर के साथ-साथ इन कोचिंगों में दूर-दराज के इलाकों के छात्र-छात्राएं भी पढ़ाई करते हैं। भेलूपुर थाना प्रभारी राजेश सिंह ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए दुर्गाकुंड चौकी पर मिशन दृष्टि के तहत विभिन्न कोचिंग संचालकों संग एक अहम बैठक की। बैठक में दुर्गाकुंड चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार राय भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर द्वारा कोचिंग संचालकों को निर्देश दिये गये कि वे उनके कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए मिशन दृष्टि के तहत शीघ्रातिशीघ्र कोचिंग के नजदीकी चौराहों पर जनसहयोग से कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें। थाना प्रभारी राजेश सिंह का कहना रहा कि इस व्यवस्था से आने वाले दिनों में छात्र-छात्राओं के साथ घटित होने वाले किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकेगा। साथ ही साथ कोचिंग क्लास समाप्त होने के उपरांत छात्रों के भीड़ के कारण सड़कों पर लगने वाले अनावश्यक जाम के झाम से भी काफी हद तक मुक्ति मिल सकेगी। बैठक में मौजूद सभी कोचिंग संचालकों ने प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर के उक्त निर्देशों का पूरी तरह समर्थन किया और निर्देशों को अमल में लाने का आश्वासन दिया।

# गंगा के जलस्तर में लगातार दूसरे दिन भी बढ़ोतरी जारी



**वाराणसी।** मोक्षदायिनी गंगा के जलस्तर में बीते कुछ दिनों से कमी दर्ज की जा रही थी, इसी बीच गंगा के जलस्तर में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी वृद्धि जारी रही। हालांकि, पानी बढ़ने की रफ्तार काफी धीमी है। गंगा का जलस्तर सुबह 65.014 मीटर रिकार्ड किया गया। बता दें जलस्तर चेतावनी बिंदु से अभी काफी नीचे है, लेकिन सावधानी बरती जा रही है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। वाराणसी में गंगा का जलस्तर पिछले कई दिनों से स्थिर था। जलस्तर खिसक कर 65 मीटर से नीचे पहुंच गया था, लेकिन गुरुवार और शुक्रवार को दो दिनों लगातार वृद्धि से जलस्तर फिर 65 मीटर के ऊपर पहुंच गया है। गंगा में एहतियात के साथ नौका संचालन किया जा रहा है। जल पुलिस, एनडीआरएफ की टीम लगातार नजर रखे हुए है। वाराणसी में गंगा में चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर और खतरे का बिंदु 71.262 मीटर है। ऐसे में देखा जाए तो जलस्तर अभी काफी नीचे है। वैसे, पर्वतीय इलाकों में बारिश व बाढ़ के चलते गंगा में तेजी से पानी बढ़ता है। ऐसे में प्रशासन चौकन्ना है।

# वांछित फाउंडेशन द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**वाराणसी।**वांछित फाउंडेशन की संस्थापिका सुनीता मेहरोत्रा ने बताया कि दिल्ली के पंजाब खोर के अपना घर आश्रम मे डॉ कृष्ण कुमार के संरक्षण में यह कैंप आयोजित हुआ जिसमें थाइराइड ,शुगर, ब्लड प्रेशर व अन्य बिमारियों की जांच कर रोगानुसार औषधियाँ भी प्रदान की गई। आयोजित शिविर में लगभग 130 मरीजों ने अपनी जांच करवाई तथा दवाईयां दी गई चिकित्सको में मुख्य रूप से डॉ कृष्ण कुमार उनकी सहयोगी किरण, राजेश व अन्य मेडिकल टीम शामिल थी। वांछित फाउंडेशन की संस्थापिका सुनीता मेहरोत्रा डॉ कृष्ण कुमार का आभार व्यक्त किया जो अपने इतने बिजी शेड्यूल से भी समय निकालकर इस नेक कार्य को अंजाम देने में सदैव तत्पर रहते हैं साथ ही साथ उनकी टीम का भी धन्यवाद किया।

# जड़ी-बूटी दिवस पर पतंजलि के महिला एवं पुरुष प्रभाग के सदस्यों ने हाथ में जड़ी-बूटी लेकर किया प्रदर्शन, संयमित जीवनशैली ,योग एवं सात्विक आहार स्वस्थ जीवन का है आधार- किरण शर्मा




**मोतिहारी 4 अगस्त अशोक वर्मा/**जड़ी-बूटी दिवस के अवसर पर नगर के गांधी चौक पर पतंजलि के महिला पुरुष सदस्यों द्वारा हाथों में जड़ी बूटी लेकर नगर के गांधी चौक पर भव्य प्रदर्शन किया गया। इस अति आकर्षक कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महिला सेल की पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पतंजलि महिला प्रभाग की जिलाध्यक्ष किरण शर्मा ने किया।

जड़ी-बूटी के रहस्य पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि परमात्मा ने हमें मुफ्त में हर बीमारी के इलाज के लिये जड़ी बूटी दिया है ।इन जड़ी बूटियों का सेवन प्राचीन काल में लोग करते थे।

उस समय आधुनिक चिकित्सा का नामोनिशान नहीं था। जड़ी बूटी आधारित आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के द्वारा हीं सफल इलाज किया जाता था ।परंतु समय बदलने के साथ -साथ भारतीय जड़ी बूटी का विदेशी वैज्ञानिकों ने जमकर दोहन किया और उसे आधुनिक स्वरूप देकर जमकर पैसे कमाए। महिला पतंजलि की अध्यक्ष किरण शर्मा ने कहा कि भारतीय जड़ी बूटी में जादुई शक्ति है और इसके पुराने स्वरूप को बढ़ाने में बाबा रामदेव की महत्वपूर्ण भूमिका है।पतंजलि के गठन के बाद पूरे देश ही नहीं विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढी है।

कोरोना काल में दुनिया वालों ने देखा है कि जहां सभी पैथ असफल हुये वहां आयुर्वेद सफल रहा ।देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी एवं आयुष मंत्रालय द्वारा जारी कोरोनावायरस से निपटने के लिए काढा का जो फार्मूला प्रचारित किया गया, वह रामबाण का काम किया ।जंगल झाडियों मे बेतहासा उगनेवाले गुरुच , हल्दी ,लौंग, इलायची, दालचीनी, तुलसी पत्ता ,कड़ी पत्ता ,सेंधा नमक आदि का मिक्स काढा काफी कारगर साबित हुआ । श्रीमती शर्मा ने रामायण को उद्धत करते हुए कहा कि जब लक्ष्मण जी बाण लगने से मूर्छित हो गए तो संजीवनी बूटी का पहाड़ उठाकर हनुमान जी ने ला दिया और उसकी बूटी के सेवन के बाद लक्ष्मण जी सुरजीत हुए ।

आयुर्वेद में हमें जड़ी-बूटी के रूप में बहुत से ऐसे पौधे हमारे आसपास उगे हुए मिलेंगे जिससे हम अपनी चिकित्सा कर सकते हैं। किरण शर्मा ने यह भी कहा कि बाबा रामदेव द्वारा बताए गए योग विधि को अगर हर मनुष्य अजमावे तथा संयमीत जीवन शैली रखें ,शुद्ध आहार ले और नियमित योग करें तो बहुत सी बीमारियों से बच सकता है, लेकिन अगर बीमारी हो जाती है तो जड़ी-बूटी से निर्मित आयुर्वेदिक दवा काफी कारगर सिद्ध होगी ।भगवान ने हमें तमाम जड़ी बूटियों को मुफ्त में दिया है । कार्यक्रम रोचक, आकर्षक एवं दर्शनीय था जिसमें काफी संख्या में पतंजलि के लोगों ने भाग लिया।

# राष्ट्र निर्माण में आदिवासी महिलाओं की भूमिका विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ शुभारंभ



**वाराणसी।** महामना की बगिया काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर स्थित महिला महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मालवीय जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन और कुलगीत के साथ हुआ। सेमिनार का मुख्य विषय आजादी के 75 वर्षों के बाद राष्ट्र निर्माण में आदिवासी महिलाओं की भूमिका विषय था। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक इंडियन काउंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च न्यू दिल्ली एंड इंस्टिट्यूट एनिमेशन था। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में आदिवासी महिलाओं की विरासत को बढ़ावा देना था। आजादी के दिनों में आदिवासी महिलाओं का विशेष योगदान रहा, जिन को भुलाया नहीं जा सकता। महिला महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर प्रतिमा गॉड ने कहा कि हमारा यह दो दिवसीय सेमिनार आजादी के 75 वर्षों के बाद राष्ट्र निर्माण में आदिवासी महिलाओं की भूमिका पर आधारित है। महिला महाविद्यालय की प्रधानाचार्य रीता सिंह ने कहा कि प्रोफेसर टी.पी. कट्टामनी मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन दौर में हम लोग महिला महाविद्यालय समाजशास्त्र विभाग की तरफ से सेमिनार का आयोजन किया है। जिसमें ट्राइबल विमान के रोल, आजादी के पूर्व क्या रोल और आजादी के पश्चात उनकी क्या भूमिका है, किस प्रकार से अपने अधिकारों का प्रयोग करके एक स्थान अपना ग्रहण किया है, अपने अधिकारों का प्रयोग करना वह सीख रही हैं, एक शिक्षाविद के रूप में हम लोग उनको किस तरह से जागरूक कर सकते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि रोटी बनाना भी राष्ट्र निर्माण में एक योगदान देता है, हर व्यक्ति के कार्य को महत्व दिया जाए, जो एक समय में गांधी ने यह बात कही थी, हमें उसका सम्मान करना चाहिए।

# पीएम मोदी के हाथों काशीवासियों को मिलेगी करोड़ों रूपये के परियोजनाओं की सौगात, पांच स्टेशनों के सुंदरीकरण, पुनर्विकास का होगा शिलान्यास

**वाराणसी।** विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं की सूची में अग्रणी भारत के प्रधानमंत्री व वाराणसी से सांसद नरेंद्र मोदी समय-समय पर अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों कई बहुमूल्य परियोजनाओं की सौगात देते रहते हैं। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के डीआरएम विनीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 6 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन के तहत चयनित बनारस समेत पांच स्टेशनों के सुंदरीकरण, पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगे। लगभग ढाई सौ करोड़ से इन स्टेशनों पर एयरपोर्ट सरीखी सुविधाएं यात्रियों को मुहैया कराई जाएंगी। डीआरएम ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत बनारस स्टेशन पर 53 करोड़ रुपये की लागत से यात्री सुविधाओं में सुधार एवं विस्तार किया जायेगा।

प्रथम प्रवेश द्वार को आकर्षक स्वरूप दिया जायेगा और सर्कुलेटिंग एरिया को बेहतर किया जाएगा। इस योजना के अन्तर्गत बनारस स्टेशन के एप्रोच रोड का चौड़ीकरण एवं प्रथम प्रवेश द्वार के सर्कुलेटिंग एरिया में ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार का कार्य, अत्याधुनिक प्रसाधन केन्द्रों का निर्माण एवं सर्विस बिल्डिंग में सुधार आदि कार्य किये जायेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिये नौ लिफ्ट, दो एस्केलेटर वी 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) का निर्माण किया जायेगा। स्टेशन के दोनों प्रवेश द्वारों पर मिलेंगी समान सुविधायें, अन्तर्राष्ट्रीय साइनेज एवं आकर्षक फसाड लाइटिंग से स्टेशन की सुन्दरता देखने योग्य होगी।

इन कार्यों के बनारस स्टेशन आने वाले यात्रियों को एक विशेष अनुभूति होगी और यात्रा चिरस्मरणीय बनेगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वाराणसी सिटी स्टेशन पर 60 करोड़ रुपये की लागत से यात्री सुविधाओं में सुधार एवं विस्तार किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत वाराणसी सिटी स्टेशन भवन को आकर्षक स्वरूप दिया जायेगा। इस स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, एप्रोच रोड एवं प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर सुधार का कार्य किया जायेगा।

योजना के अन्तर्गत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वेटिंग हॉल एवं प्रसाधनों का निर्माण किया जायेगा।

इस स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिये, 05 लिफ्ट, 04 एस्केलेटर के साथ 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी) का प्रावधान किया जायेगा। स्टेशन की सुन्दरता में चार चांद लगाने के लिये, फसाड लाइटिंग लगाई जायेगी।

# सहरसा जंक्शन पर 41 करोड़ की लागत से भव्य बिल्डिंग व सर्कुलेटिंग एरिया का होगा विकास- डॉ आलोक रंजन




**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/**अमृत भारत योजना के तहत देश के रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने की कड़ी में कोशी क्षेत्र के यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले सहरसा जंक्शन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वस्तरीय बनाने का सौगात की घोषणा की है।उनके द्वारा 6 अगस्त को वर्चुअली सहरसा जंक्शन को विश्वस्तरीय बनाने के कार्य का शिलान्यास किया जाएगा।इस परियोजना के तहत सहरसा जंक्शन पर 41 करोड़ की लागत से भव्य बिल्डिंग, सर्कुलेटिंग एरिया आदि का निर्माण होगा।सहरसा जंक्शन, कोशी के लोगो को देश के महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ती है लेकिन पूर्व में किसी ने इतने महत्वपूर्ण जंक्शन के विकास के लिए इतनी बड़ी सौगात नही दी थी। जंक्शन के विकास एवं सौन्दर्यीकरण के तहत नया भवन भव्य और आकर्षक बनेगा। इससे आने वाले दिनों में सहरसा जंक्शन की सुविधाएँ बदल जाएगी। यहां यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिकता से लैस किया जाएगा।वही शुद्ध पेयजल के अलावा पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था होगी।सहरसा जंक्शन का परिदृश्य पूरी तरह से बदल जाएगा।जहां पसेंजर की सुविधा के लिए आधुनिकता से लैस किया जाएगा।वही शुद्ध पेयजल के अलावा पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था होगी।पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ आलोक रंजन ने प्रधानमंत्री द्वारा सहरसा जंक्शन को विश्वस्तरीय बनाने का जो ऐतिहासिक सौगात कोशी क्षेत्र के लोगो को दिया है।इससे क्षेत्र के सभी जनता जनार्दन हर्षित है। हम सहरसा सहित संपूर्ण कोशीवासियों की ओर से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते है। साथ ही लोगो से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस समरोह में भाग लेकर इस उपहार के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट करें।

# हर बच्चे के लगे सभी टीके, इसके लिए सघन मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण अभियान-सीएमएचओ




**सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर/**7 से 12 अगस्त, सितम्बर में 11 से 16 एवं अक्टूबर माह में 9 से 14 तक छूटे व वंचित 5 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित टीके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि शुक्रवार को होटल कजरी में प्रदेश में अगस्त, सितम्बर एवं अक्टूबर माह में प्रति माह 6-6 दिन तक संचालित होने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 विषय पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। मिशन इंद्रधनुष अभियान के माध्यम से 5 वर्ष तक के छूटे व वंचित बच्चों को प्रतिरोधक टीके लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया के सहयोग से तीन फेज में इस अभियान का संचालन कर निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण किया जाएगा। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि अगस्त माह में 7 से 12 अगस्त, सितम्बर में 11 से 16 एवं अक्टूबर माह में 9 से 14 तक यह अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का हरसंभव प्रयास करते हैं। डब्ल्यू एच ओ के डॉ अक्षय व्यास और मुदित माथुर ने यू-विन ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सॉफ्टवेयर में सेल्फ रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति घर बैठे टीकाकरण हेतु मां के आधार कार्ड को अपलोड कर अपने बच्चे का पंजीयन करा सकता है। फिर भारत के किसी भी कोने में निर्धारित टीके लगाए जाने की सुविधा का लाभ उठा सकता है।राजस्थान में मीजल्स रूबेला को एलिमिनेट करने के लिए रोडमैप को समझाते हुए छूट गए बच्चों और गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करने और वैक्सीनेट करने पर जोर देने की बात कही। कार्यशाला में डॉ राकेश गुप्ता और यूनिसेफ की यशी उपस्थित रहे। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में नवाचार करते हुए वंचित बच्चों को टीकाकरण स्थल पर बुलाने के लिए टीकाकरण बुलावा पर्ची बनवाई गई। इसका उद्घाटन एसीएस मैम श्रीमती शुभ्रा सिंह के हाथों करवाया गया था। आशा और एएनएम द्वारा यह पर्ची वंचित बच्चों के घरों तक पहुंचाई जाएगी जिसे टीकाकरण के दिन वह लेकर टीकाकरण स्थल पर आएंगे।

# सहायक निदेशक के रवैया से संस्थान संचालक परेशान



**दैनिक शुभ भास्कर राकेश जैन /राजस्थान/ उदयपुर/** माननीय उच्च न्यायालय को भी सहायक निदेशक ने दिए भ्रामक जवाब-लवीना विकास सेवा संस्थान, ओंगना के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर में दायर याचिका के तहत बाल अधिकारिता विभाग, उदयपुर की सहायक निदेशक मीना शर्मा द्वारा कोर्ट ऑफ कंटेम्प्ट के तहत यह जवाब दिया कि संस्थान द्वारा वर्ष 2017 से वर्ष 2021 तक अनुदान प्रस्ताव ही नहीं मिले है जबकि दूसरी तरफ खुद ही जिला कलेक्टर को लिख रही है कि विभाग द्वारा प्रस्ताव भेजे गए है।सहायक निदेशक मीना शर्मा द्वारा माननीय उच्च न्यायालय को भी भ्रामक जवाब देकर गुमराह किया जा रहा है।पिछले छ वर्षों से पदोन्नति के बावजूद भी सहायक निदेशक इसी पद पर काबिज है।राज्य निर्वाचन आयोग को भी जनजाति समुदाय द्वारा इस संदर्भ में ज्ञापन दिया गया है।लेकिन सहायक निदेशक की ऊपर तक पहुच के चलते सब ठंडे बस्ते में है।

**जश्न** राहुल की सजा पर रोक लगते हीं कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# उच्चतम न्यायालय द्वारा राहुल के सजा पर लगाई रोक,कार्यकर्ताओ नें मनाया जश्न



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/** उच्चतम न्यायलय द्वारा राहुल की सजा पर रोक लगते हीं कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वही स्थानीय शंकर चौक पर जिलाध्यक्ष मुकेश झा के नेतृत्व में पटाखे,अबीर गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को लड्डू खिलाते हुए जश्न मनाकर खुशी जाहिर किया।अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य और वरिष्ठ कोंग्रेसी डॉ0 तारानन्द सादा ने उच्चतम न्यायलय द्वारा राहुल गाँधी की सजा पर रोक पर कहा कि सत्यमेव जयते। राहुल गाँधी की संसद सदस्यता पुनः बहाल करने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से सत्य और न्याय की जीत हुई तथा साजिश की हार हो गई। हम सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं। नरेंद्र मोदी ने साजिश रचकर देश की आवाज, मंहगाई, बेरोजगारी, अराजकता,मित्रों द्वारा देश की सम्पति की लूट तथा लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ संसद में राहुल जी आवाज को दबाने के लिए आनन-फानन में सदस्यता समाप्त करबाया था।जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने रोक लगाते हुए पुनः सदस्यता बहाल का आदेश दिए। साजिश बेनकाब हूई ।उन्होंने लोक सभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि अविलंब राहुल जी की सदस्ता बहाल करें।इस मौके पर वरिष्ठ कोंग्रेसी केसर कुमार सिंह ने कहा कि मोदीजी कि घिनौनी शाजिश बेनक़ाब हुई है।जिला अध्यक्ष मुकेश झा ने कहा कि मोदीजी ने न्यायपालिका को पंगू बनाते हुये अतिक्रमण कर लिया था जिसे देश की बड़ी अदालत ने मोदीजी के मनसूबे को पानी में मिला दिया।वरिष्ठ कोंग्रेसी कुमार हीरा प्रभाकर ने कहा कि नफरत हारी है और मोहब्बत जीती है। इसलिए अब निर्भीक निडर राहुल गांघी की आवाज़ और दहाड़ संसद में फिर से सुनाई पड़ेगी।

# किसानों ने बेगू में पैदल मार्च निकालकर उपजिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, किसानों के अधिकार एवं सम्मान में भाजपा उतरी मैदान में




**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान /चित्तौड़गढ़ /** जिले की बेगू विधानसभा में राजस्थान सरकार के 4 साल के डोडाचूरा जलाने के आदेश पर विरोध जताते हुए किसानों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने बेगू में बड़ा बालाजी से तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर उपजिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप आदेश को निरस्त करने की मांग की। चित्तौड़गढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष मिठ्ठु लाल जाट की अगुवाई में चित्तौड़गढ़ जिला प्रमुख सुरेश धाकड़,जिला उपाध्यक्ष रघु शर्मा,बेगू विधानसभा प्रभारी देवी सिंह राणावत व कार्यक्रम संयोजक किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाडा एवं सैकड़ों किसानों सहित भाजपा कार्यकर्ता जुटे।

चित्तौड़गढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा की राजस्थान सरकार इस तुगलकी फरमान को निरस्त करें,यह सरकार किसानों को परेशान करना बंद करें,अघोषित बिजली कटौती बंद करे, नारकोटिक्स विभाग की धारा 8/29 में संशोधन करें क्योंकि इस धारा से पुलिस प्रशासन बेवजह किसानों को परेशान करता है।


अगर यह सरकार तुगलकी फरमान को निरस्त नहीं करती है तो किसानों के अधिकारों एवं सम्मान के लिए प्रदेश स्तर तक आंदोलन होगा। चित्तौड़गढ़ जिला प्रमुख सुरेश धाकड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है की आगामी 2023 के चुनाव में उम्मीदवार कोई भी हो पर कमल का फूल ही खिलना चाहिए। किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाडा ने किसानों को संबोधित करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार को आधे हाथ लिया, हाडा ने कहा कि गहलोत सरकार व अधिकारियों को ज्ञात होना चाहिए की पहली बारिश से ही डोडाचूरा सड़ जाता है तथा उसमें छोटे छोटे जीव एवं बिच्छू पनपने लगते जिससे किसान अपने खेत में फेंक देता है।

जिसके सड़ने के बाद फसल को खाद लग जाती है।हाडा ने कहा यह निकम्मी सरकार 4 साल तक सोए रही, इसे चार साल बाद डोडाचूरा याद आया, यह सरकार गरीबों को, दलितों को, किसानों को, बेरोजगारों को परेशान करने का एक मौका नहीं छोड़ती है।

निकम्मी सरकार के शासनकाल में अत्याचार, चोरी, लूटपाट, एवं बलात्कार में राजस्थान प्रथम स्थान पर है।कांग्रेस पार्टी ने किसानों के कर्ज माफी का झूठा वादा किया,बेरोजगारों को 3500 रुपए मासिक भत्ता देने का झूठा वादा किया परंतु चुनाव जीतने के बाद निकम्मी सरकार वादे भूल गई।इसलिए आज ही संकल्प ले कि इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है। ज्ञापन के दौरान बेगू विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### बरकट्ठा क्षेत्र की कई समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिली जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया



**हजारीबाग-** बरकट्ठा क्षेत्र की कई समस्याओं को लेकर जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया जिले के उपायुक्त नैंसी सहाय से मिली। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने उपायुक्त से क्षेत्र के समस्या को जल्द समाधान करने का अनुरोध की। जिसमें मुख्य हैं-(1) जिला परिषद क्षेत्र के सभी ग्रामों के जर्जर सड़कों को जल्द निर्माण करवाने की मांग, जिसमें NHw बण्डासिंगा से जमुवा एवं गोरहर थाना NHw से शिलाडीह नीचे टोला, पहाड़पुर, चेचकप्पी, अलपिटो व अन्य क्षेत्रों की भी जर्जर सड़क भी शामिल है।। (2) NHw बरकट्ठा में तोड़े गए भवनों का जल्द मुआवजा राशि देने की मांग। (3) सूर्यकुण्ड में पेयजल की मांग। (4) बरकट्ठा प्रखण्ड मुख्यालय में बने करोड़ो की जलमीनार जल्द शुरू करने की मांग। (5) जिला परिषद क्षेत्र के सभी पंचायतों में खेल मैदान बनवाने की मांग। (6) शिलाडीह नीचे टोला एवं मॉडल स्कूल नदी के पार टोला में बिजली पहुँचाने की मांग। (7) सभी जर्जर 11 हजार तारों एवं छतिग्रस्त पोल को जल्द बदलने की मांग। (8) जिला परिषद क्षेत्र में कृषि बढ़ावा हेतु किसान भाइयों के खेत तक बिजली पहुँचाने की मांग। (9) जिला परिषद क्षेत्र के सभी पंचायतों में 100-100 सोलर लाइट लगवाने की मांग।(10) हाथी प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सोलर लाइट एवं सुरक्षा हेतु कार्य करने की मांग। उपर्युक्त मामले को ले कर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने जरूरत के अनुसार जल्द समाधान करने का आदेश सबंधित विभाग को दिए।

### चंदौली में ऑपरेशन दृष्टि की शुरुआत थर्ड आई से होगी निगरानी



**सहायक संवाददाता/शुभ भास्कर चंदौली** पुलिस महानिदेशक के क्रम में सार्वजनिक स्थानों व मार्गों की सतत निगरानी के लिए ऑपरेशन दृष्टि की शुरुआत की गई है जिसके अंतर्गत स्थानीय लोगों व्यक्तियों ग्राम प्रधान व्यापारी बंधुओं सामाजिक संस्थाओं आदि के साथ स्थापित कर गांवों कस्बों बाजारों शैक्षिक संस्थानों आदि स्थानों पर अधिक से अधिक सीसी कैमरे लगवाने का अभियान चलाया जा रहा है

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार निर्देश अनुसार जनपद के स्थानों पर सर्व संबंधित के साथ बैठक कर उक्त अभियान के दृष्टिगत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे बिछ रहा है कैमरों का जाल जनपदीय पुलिस द्वारा हर गांव गली मोहल्ला बाजार संचिका स्थानों व मार्गो को सीसी कैमरे से किया जा रहा है बिछ रहा का कैमरों का जाल सार्वजनिक स्थानों व्यापारियों प्रतिष्ठानों शैक्षणिक संस्थानों पेट्रोल पंप बाजारों मार्गो की होगी सतत निगरानी चप्पे-चप्पे की सुरक्षा की दृष्टि से होगी निगरानी स्थापित सीसी कैमरे अपराध नियंत्रण कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने अपराधिक घटनाओं के खुलासे से निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका पुलिसिंग करते हुए विशेषण महिलाओं में सुरक्षा की भावना को किया जा सकेगा जागृत घटित घटनाओं से संबंधित घटनास्थल अपराधी दृष्टि से संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कब की जाएगी

सतत निगरानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित सभी सीसीटीवी कैमरों के विवरण को सूचीबद्ध कर बीट आरक्षी व थाना प्रभारी द्वारा नियमित की जाएगी मीटरिंग जनपदीय पुलिस द्वारा ऑपरेशन दृष्टि का कंट्रोल रूम स्थापित करके फुटेज का किया जाएगा विश्लेषण समाज के सभी वर्ग के लोगों से संपर्क करें संधि के तहत सीसीटीवी कैमरों को लगाने के अभियान में सभा गीता हेतु की जा रही है अपील ऑपरेशन दृष्टि अभियान में सभा करने वाले लोगों को किया जाएगा सम्मानित स्थापित सीसीटीवी कैमरा के संबंधित मालिक से संपर्क करने के लिए भी की जा रही है अपील

# सिसवनिया के समाजसेवी ग्रामीणों ने दुधौरा नदी में बांध का निर्माण कर सुखते हुए हजारों किसानों के खेतों में लगे धान को बचाने का प्रयास किया

**मोतिहारी 4 अगस्त अशोक वर्मा/**प्रकृति के आक्रोश एवं नाराजगी का खामियाजा भुगत रहे किसान जिनके खेतों में लगे धान के पौधे पीले पड़ रहे हैं, सूखते जा रहे हैं कहीं से भी बारिश का आसार नहीं दिख रहा है, सुखाड़ की स्थिति प्रबल बन गई है सिर्फ सुखाड़ ही नहीं बल्कि अकाल की स्थिति बनती जा रही है।

ऐसी स्थिति में छौदानों रामपुर प्रखंड के सिसवनिया गांव के उत्साही सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुखिया भोला शंकर प्रसाद एवं राम विनय प्रसाद गुप्ता ,रामाशीष प्रसाद, दीपू यादव , वकील ,आशिक मियां, अमित ,विश्वनाथ यादव, भरत प्रसाद, सतनारायण राय के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों द्वारा हजारों एकड़ फसल में लगे धान के पौधे को सूखने से बचाने के लिए दुधौरा नदी में बांध का निर्माण करके अति सराहनीय कार्य किया। सरकारी आश्वासन एवं निर्भरता को धत्ता दिखाते हुए सभी ने



खुद का श्रम दिया तथा धन भी खर्च करके लंबे समय से उस नदी पर सुलिस गेट बनाने की जो मांग करते आ रहे थे उसको खुद के श्रम से पूरा किया ।उनकी मांग तो सरकारी स्तर पर नही पूरी हुई लेकिन ग्रामीणों ने



बांध बनाकर के हजारों एकड़ खेती को नया जीवन देने का काम किया। ग्रामीण बृज किशोर प्रसाद ने बताया कि तत्कालीन कृषि मंत्री केदार पांडे के समय में दूधौरा नदी पर सुलीस गेट बनाने की मांग की जा रही थी जिससे लाखों एकड़ जमीन की सिंचाई हो सकती थी,लेकिन कृषि मंत्री ने इस मांग का महत्त्व नहीं दिया उसके बाद से जितनी भी सरकारें आई सभी ने इस मांग को नजरअंदाज किया। स्थानीय सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल, विधायक डॉक्टर समीम अहमद किसी ने भी इस महत्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान नहीं दिया परिणाम हुआ कि इस साल बारिश नहीं होने के कारण हजारों किसान बर्बादी के कगार पर पहुंच गए ।इस क्षेत्र में एकमात्र कृषि ही जीवन का आधार है वह भी डूबता हुआ नजर आया ।वैसे प्रतिवर्ष बाढ़ को लोग झेलते रहे हैं ,लेकिन इस वर्ष धान के फसल को आंखों के सामने मरते हुए देख किसानों के आंसू सूख नही रहे थे ।मरता क्या नहीं करता ,लोगों ने पहल की और सैकड़ों ग्रामीण कुदाल और टोकरी लेकर कूद पड़े और दुधौरा नदी को बांध कर राजनेताओं के मुंह पर तमाचा जड़ दिया।

## जावेद ईकबाल गामा को कांग्रेस ओबीसी का किशनगंज जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई

**किशनगंज 4 अगस्त (अली रजा)** किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखंड अन्तर्गत टुपामारी वासी एवम कांग्रेस नेता श्री जावेद ईकबाल उर्फ गामा को कांग्रेस ओबीसी का पिछले दिनों किशनगंज जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया था जिस पर श्री जावेद ईकबाल उर्फ गामा को लगातार बधाई संदेश मिल रहे हैं।

पिछले दिनों बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के ओबीसी विभाग के चेयरमैन श्री अनुराग चंदन ने पत्रांक संख्या 156/23 जारी कर श्री गामा को सुचित किया था कि आपको किशनगंज जिला कांग्रेस कमिटी के ओबीसी विभाग का अध्यक्ष मनोनीत



किया जाता है।

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप अपने नये दायित्व के साथ कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खगडे जी के हाथों को मजबूत करेंगे और कांग्रेस पार्टी को सशक्त करने में अपनी सारी उर्जा लगायेंगे। ज्ञातव्य हो कि श्री जावेद ईकबाल उर्फ गामा एक साफ सुथरी छबि के कर्मठ लगनशील एवम मेहनती नेता के रूप में जाने जाते हैं और अपनी बेबाकी से मशहूर हैं। ईस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं पूरी ईमान्दारी एवम तन्मयता से निभाउंगा और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपनी पूरी ताकत लगाउंगा।

उन्होंने कहा कि ईस समय देश को अमन व मुहब्बत,हमदर्दी और मानवता पर काम करने की आवश्यकता है और ईसके लिये कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना समय की पुकार है।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला न्याय की पुष्टि करने वाला है- शैलेंद्र शुक्ला



**मोतिहारी 4 अगस्त अशोक वर्मा/** सच को परेशान किया जा सकता है लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता। यह बातें पूर्वी चम्पारण जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य शैलेंद्र कुमार शुक्ल ने सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी के पक्ष में हुए फैसले पर कही।उन्होंने कहा के श्री राहुल गांधी जी को सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलना सच की जीत है, उनकी सज़ा पर रोक न केवल न्याय की जीत है, बल्कि देश के 140 करोड न्यायप्रिय सच्चे लोगों की जीत भी है। यह हर एक उस देशवासी की जीत है जिसने नफरत की बजाय मोहब्बत को चुना है।सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला सत्य और न्याय की पुष्टि करने वाला है।भाजपा की पूरी मशीनरी के निरंतर प्रयासों के बावजूद श्री गांधी ने हार मानने, झुकने या दबने से इंकार करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में अपना विश्वास जताया।भाजपा के नेताओं का श्री गांधी के खिलाफ साजिश आज बेनकाब हो गई है। यह फैसला असत्य पर सत्य की जीत का फैसला है।

## डीएम ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**दैनिक शुभ भास्कर/ अजमल अख्तर/** किशनगंज- डीएम श्रीकांत शास्त्री के ने सदर अस्पताल किशनगंज का औचक निरीक्षण किया।डीएम के द्वारा निरीक्षण में मुख्य रूप से ओपीडी संचालन, चिकित्सकों की उपस्थिति, अंतर्वासी चिकित्सा व्यवस्था,स्कैनिंग /एक्स रे कक्ष, पैथोलॉजी,शिशु वार्ड ,इमरजेंसी वार्ड,दवा वितरण और इंडोर मरीजों की व्यवस्था को देखा गया। सदर अस्पताल में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री पूर्वाह्न में पहुंचे। एसएनसीयू में चिकित्सक को रोस्टर की जांच की गई। कई वार्ड यथा एसएनसीयू, ओपीडी 2/3 के पास परामर्श के लिए मरीजों की कतार लगी हुई थी। ओपीडी संचालन किया जा रहा था। साफ सफाई,कचरा उठाव और ब्लीचिंग छिड़काव पर डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए अस्पताल



प्रबंधक को नियमित सफाई का निर्देश दिया। बता दें कि किशनगंज जिला के सदर अस्पताल में उत्कृष्ट कोटि की चिकित्सीय व्यवस्था हेतु जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है और जिलाधिकारी के द्वारा लगातार स्वास्थ्य कार्यों की समीक्षा करने के साथ सरप्राइज़ विजिट किया जाता रहा है। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने औचक निरीक्षण के दरम्यान अस्पताल परिसर का भ्रमण कर शिशु वार्ड,इमरजेंसी वार्ड,भर्ती मरीजों को उपलब्ध सुविधाएं,डॉक्टर का रोस्टर ड्यूटी, एएनएम, पारा मेडिकल स्टाफ की उपस्थित,साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। ससमय रोस्टर अनुरूप चिकित्सको की मौजूदगी,मरीजों को स्वास्थ्य सेवा निर्बाध प्रदान करने,अस्पताल परिसर में साफ सफाई रखने के बिंदु पर स्वास्थ्य प्रबंधक को निर्देश दिया। मरीजों की सुविधा के दृष्टिपथ को रखते हुए इमरजेंसी वार्ड तथा आवश्यतानुसार अन्य वार्ड को अस्पताल के 50 बेड फील्ड हॉस्पिटल में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया।

## संघर्ष मोर्चा द्वारा गुरुवार कोटा 8 बजे दुल्हीपुर महाबल पुर में पीड़ित दुकानदारों की एक अति आवश्यक बैठक हुई



**शुभ भास्कर दुल्हीपुर चंदौली** क्षेत्र के महाबल पुल बचाओ संघर्ष मोर्चा द्वारा एक अति आवश्यक बैठक हुई इसको लेकर वरिष्ठ समाजसेवी रतन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दुल्हीपुर महावलपुर बताओ संकटमोचन द्वारा विगत 8 माह से 4 ले न चौड़ीकरण या या एलिवेटेड रोड बनाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय सांसद भारी उद्योग मंत्री माननीय डॉ महेंद्र नाथ पांडे य क्षेत्रीय विधायक रमेश जायसवाल एमएलसी माननीय हंसराज विश्वकर्मा जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह सांसद प्रतिनिधि शिव शंकर पटेल पूर्व विधायक भाजपा जिला अध्यक्ष राणा सिंह एवं जिला अधिकारी चंदौली के इंजीनियर वाराणसी अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी से लगातार वार्ता के बावजूद अभी तक कोई भी कार्रवाई न होने से स्थानीय नागरिकों में जनपद निधि एवं अधिकारियों के प्रति व्यापारियों एवं नागरिकों में काफी आक्रोश है 6 लेन चौड़ीकरण करने से दुल्हीपुर महावलपुर की जनता भुखमरी के शिकार हो जाएंगे उनके पास रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी

**आंदोलन** स्वाधीनता संग्राम में चंपारण का इतिहास स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है।

## चंपारण के महान स्वतंत्रता सेनानी पटपरिया निवासी नरसिंह पाठक

**मोतिहारी 4 अगस्त ,अशोक वर्मा/**स्वाधीनता संग्राम में चंपारण का इतिहास स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। चंपारण में स्वतंत्रता संघर्ष का इतिहास 1857 में आरंभ बताया जाता है । 18 57 के पूर्व भी जिले में बगावत हुए और स्वतंत्रता की लड़ाई धीरे-धीरे अपने प्रकाष्ठा पर बढ़ती गयी। यद्यपि इसे रोकने का भी प्रयास किया गया।1857 के सिपाही विद्रोह के बाद अंग्रेजों का दमन जोरदार ढंग से हुआ। काफी लोग मारे गए।दमन के कारण आंदोलन कुछ दिनों के लिए दब गया लेकिन 1900 ई0 आते आते सुलगता आंदोलन ज्वालामुखी सामान बन गया । गांधी बापू के नेतृत्व में 1917 में सफल चंपारण सत्याग्रह चला। बापू के आगमन के साथ लोगों को एक नई शक्ति मिली, स्वतंत्रता सेनानियों में नया जोश भरा ।उसी कड़ी में जिला मुख्यालय मोतिहारी से सटा हुआ गांव



पटपरिया के नवयुवक नरसिंह पाठक अपने दल बल मित्रों के साथ आंदोलन में कूद पड़े ।महावीर पाठक के पुत्र नरसिंह पाठक का जन्म 1911 में हुआ था तथा वे लगातार आंदोलन से जुड़े रहे ।गांधीजी के जाने के बाद भी वे सत्याग्रह आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहें और नमक सत्याग्रह में गिरफ्तार किए गए तथा 8 माह की सजा हुई उसके बाद 6 माह तक विचाराधीन बंदी भी रहे। जेल से छूटने के बाद भी वे लगातार आंदोलन से जुडे रहे।देश की आजादी के लिये पूरी तरह से समर्पित रहे। भारत माता की बेड़ी को काटने के लिए लगातार प्रयासरत रहे ।सरकारी कार्यालयों पर झंडा फहराना ,सरकारी कार्य में बाधा डालना आदि उनकी दिनचर्चा थी।काफी दिनों तक वे भूमिगत भी रहे थे।गिरफ्तारी के बाद उन्होंने हंसते हुए जेल की सजा काटी ।

देश जब आजाद हुआ तब आजाद भारत के निर्माण के लिए भी उन्होंने बहुत काम किया। उनको 4 पुत्र हुए जिसमें आनंद किशोर ,हरेंद्र किशोर,विजय किशोर एवं कौशल किशोर पाठक हुए। तीन पुत्री की प्राप्ति हुई जिनका नाम सुरुची मिश्रा,पूनम पांडे ,ललीता तिवारी है। महान स्वतंत्रता सेनानी नरसिंह पाठक ने जिस प्रकार के समतामूलक राष्ट्र की परिकल्पना की थी जीते जी वैसा राष्ट्र तो उन्होंने नहीं देखा ।

## राज्य-स्तरीय अंडर-13 शतरंज हेतु किशनगंज की टीम आरा के लिए हुई रवाना

**किशनगंज (अली रजा)/** श्री मैना सुंदर धर्मशाला,आरा में शुक्रवार से बिहार राज्य अंडर- 13 शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ है, जिसका समापन रविवार को होगा। इस तीन-दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता में पटना, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, खगड़िया, भोजपुर, गया, नवादा, समस्तीपुर, बेगूसराय, रोहतास, अरवल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 72 खिलाड़ीगण भाग ले रहे हैं। इसमें किशनगंज जिले के दो खिलाड़ी आयुष कुमार एवं नमन कुमार भी सम्मिलित हो चुके हैं। इन्हें गुरुवार की देर शाम जिला शतरंज संघ द्वारा अपने गंतव्य की ओर रवाना किया गया।


इन खिलाड़ियों को संघ के वरीय उपाध्यक्ष सुनील जैन, महासचिव शंकर नारायण दत्ता, वरीय संयुक्त सचिव तथा इन खिलाड़ियों के कोच कमल कर्मकार,



संघ के आजीवन सदस्य विशाल जैन एवं अन्य ने रवाना किया। इन बाल खिलाड़ियों के साथ आयुष के माता-पिता शिव कुमार सिंह व अंजू सिंह, नमन के माता-पिता संजय कुमार सिंह व चंदा कुमारी भी शामिल हुए।

जिला शतरंज संघ परिवार के डॉक्टर इच्छित भारत, धनंजय जायसवाल, ए कविता जुलियाना, टीटू बदवाल, कमल मित्तल ,उदय शंकर दुबे, मनोज गट्टानी, विमल मित्तल ,अंकित अग्रवाल, मोहम्मद कलीमुद्दीन ,शिफा सैयद हफिज ,मनीष जालान ,श्रवण कुमार सिंघल, मिक्की साहा, दीप कुमार एवं अन्य ने इस महत्वपूर्ण राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन करने हेतु आयुष एवं नमन को शुभकामनाएं दी हैं।

### अवैध शराब बरामद दो तस्कर गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)/** पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार द्वारा शराब तस्करों/गौ-तस्करों तथा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु दिए गए आदेश निर्देश के क्रम में इलिया पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया पकड़े गए तस्करों में सुरेश यादव व धन्नू यादव बताए जाते हैं।जिनके पास से पुलिस ने 54 लीटर अवैध शराब सहित एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की। पकड़े गए उपायुक्तों ने बताया कि बरामद शराब को हम लोगों द्वारा बिहार ले जाकर बेचा जाता था।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

## ख़ास ख़बर

## उज्ज्वला गैस उपभोक्ता 15 अगस्त के भीतर तक जरूर करा लें आधार सीडिंग अन्यथा रुक जाएगी सब्सिडी धनराशि





**पीडीडीयू नगर(चंदौली)/** जिलाधिकारी निखिल टी.फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों के बैंक खाता को आधार सीडिंग कराने संबंधित बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान बताया गया कि जनपद में 28199 ऐसे लाभार्थी जो बीसीटीसी( बैंक कैश ट्रांसफर कंप्लीइंट )के माध्यम से उनके बैंक खातों में सब्सिडी प्राप्त हो रही है ऐसे लाभार्थियों को अपने बैंक खाते में आधार सीड कराते हुए ई-केवाईसी कराना है अतःसंबंधित लाभार्थी जिनको एजेंसी की तरफ से यह अवगत कराया जाएगा कि उनके खाते आधार से सीड नहीं है अपने नजदीकी गैस एजेंसी पर उपस्थित बीसी सखी अथवा नजदीकी बैंक पर जाकर अपना आधार खाते से लिंक करा लें ताकि सब्सिडी प्राप्त करने में कोई बाधा ना आए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उक्त कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को दिये। जिलाधिकारी द्वारा एजेंसियों को यह निर्देश दिया गया कि उक्त कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण करा लें तथा संबंधित लाभार्थियों को दूरभाष पर अवगत कराते हुए यह कार्य पूर्ण करा लें साथ ही जिलाधिकारी द्वारा ऐसे लाभार्थियों से भी अपील की गई है कि वह अपना आधार अपने बैंक खाते से ई-केवाईसी करा लें ताकि सब्सिडी प्राप्त करने में कोई बाधा उत्पन्न ना होने पाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 एस एन श्रीवास्तव,समस्त उपजिलाधिकारी गण,जिला पूर्ति अधिकारी अग्रणी बैंक प्रबंधक शहीद गैस एजेंसी के समन्वयक उपस्थित रहे।

## महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से 03 बिछड़े दम्पत्ति पुनः एक साथ रहने को हुए राजी,घरेलू समस्या को लेकर पति-पत्नी के बीच हुआ था विवाद



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)/**पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार के निर्देशानुसार महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना के नेतृत्व में छोटी-मोटी गलतियों/घरेलू विवादों के कारण बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर दो परिवारों की खुशियों को पुनः वापस लाने का सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है।उक्त के क्रम में 03 प्रकरणों में आवेदिका द्वारा विपक्षी अपने पति व परिजनों के विरुद्ध मारपीट व पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस/मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र अलीनगर पर तलब किया गया एवं परिवारजनों के साथ दोनों पक्षों को जीवन में परिवार का महत्व व मूल्यों के बारे में अथक प्रयास करके समझाया बुझाया गया।दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों/गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुनः पति/पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हुये। महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र से दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पति/पत्नी को एक साथ परिवार में स्वजनों के साथ भेजा गया जिसमे शालू देवी पुत्री कांता राम निवासी तारा जीवनपुर थाना अलीनगर जनपद चंदौली विपक्षी संजय कुमार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर निवासी कैलाहट थाना चुनार जिला मिर्जापुर,सहाना पुत्री नखड़ू ग्राम कठौरी थाना अलीनगर जनपद चंदौली विपक्षी फिरोज पुत्र मुख्तार अली ग्राम उतरौत थाना बबूरी जिला चंदौली,पुष्पा पुत्री अमरनाथ निवासी नेगुरा थाना सैयद राजा जनपद चंदौली विपक्षी शमशेर पुत्र देवेंद्र निवासी बलिया थाना सैयदराजा जनपद चंदौली है।

## पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ सैयदराजा को सुंदर बनाओ-अंकित जायसवाल



नवयुवक जन सेवा समिति के तत्वधान में पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए चलाए जा रहे पर्यावरण जन जागरूकता अभियान के तहत सैयदराजा राजकीय महिला महाविद्यालय में समिति के अध्यक्ष व युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकित जायसवाल ने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर नरेंद्र प्रताप गुप्ता जी  को तुलसी का पौधा संप्रेम भेंट किया द्य अंकित जायसवाल ने कहा कि विद्यालय में समय समय पर बच्चियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए द्य और विद्यालय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान होना चाहिए द्य और कहा कि व्यापार मंडल का भी काफी सहयोग रहा विद्यालय को शुरू कराने में और विद्यालय खुल जाने से नगर की बहन बेटियों को नगर से बाहर नहीं पढ़ने जाना पढ़ता हैं द्य गरीब परिवार के बेटियां भी शिक्षा ग्रहण कर ले रही हैं द्य प्रो. नरेंद्र प्रताप गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई सुचारू रूप से हो रहा है द्य विद्यालय में अध्यापक की कमी पूरा हो गया हैं द्य जल्द ही शासन के द्वारा विद्यालय का छात्रावास भी बनवा दिया जायेगा द्य और बताया कि विद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएट की मान्यता दे दी जाए

# अधिवक्ताओं के आंदोलन को आम आदमी पार्टी ने दिया समर्थन



**मानवेंद्र जायसवाल/शुभ भास्कर चंदौली** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के धरना स्थल पर पहुंचकर अधिवक्ताओं को आम आदमी पार्टी का समर्थन पत्र दिया तथा हर तरह से सहयोग करने की बात कही इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि मैं यहां 20 वर्षों से प्रैक्टिस कर रहा हूं तथा हमने भी अधिवक्ता बंधुओं के साथ न्यायालय वह मुख्यालय निर्माण के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है आम आदमी पार्टी ने हमेशा अधिवक्ता गीत को अपनी प्राथमिकता में रखा है दिल्ली राज्य के अधिवक्ता साथियों के लिए अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली वकील कल्याण योजना चलाते हैं जो पूरे भारतवर्ष में किसी दास जी की अनोखी योजना है जिसके तहत दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी अधिवक्ताओं को अरविंद केजरीवाल जी दस लाख तक का लाइव इंश्योरेंस प्रदान करते हैं तथा अधिवक्ताओं के पत्नी पतियों 25 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को भी ?500000 तक का लाभ प्रदान किया जाता है इसके साथ ही दिल्ली की अरविंद केजरीवाल जी की सरकार वकीलों के चैंबर लाइब्रेरी की व्यवस्था करती है दिल्ली की अदालतों को वर्ल्ड क्लास बना दिया गया है ढेर सारी सुविधाएं आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली और पंजाब राज्य में वकीलों को दी गई है जबकि उत्तर प्रदेश की सरकार ने ऐसा कुछ नहीं किया है जनपद चंदौली को बने हुए 26 साल हो गए फिर भी यह न्यायालय भवन तथा अन्य जिला स्तरीय कार्यालय तक नहीं बन पाए हैं यह भाजपा सरकार की नीयत में खोट को दर्शाता है इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुमार तिवारी एडवोकेट में कि जनपद चंदौली के न्यायालय मुख्यालय भवन निर्माण के लिए आम आदमी पार्टी चंदौली के वर्तमान जिला अध्यक्ष श्री संतोष कुमार पाठक जी ने अपने लगाकर 5 वर्ष 4 माह 28 दिन तक अकेले काली पट्टी बांधकर किया है धरना प्रदर्शन किया है जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट अथक प्रयासों से ही मुख्यालय निर्माण शुरू हो पाया जिला अध्यक्ष जी का एक ही सपना है कि चंदौली जनपद में न्यायालय भवन व जिला स्तरीय सभी कार्यालय बने तथा यहां के अधिवक्ता साथियों का सर्वांगीण विकास हो आदमी पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी चंदौली जनपद चंदौली के अधिवक्ताओं का विकास चाहती है यहां जनपद न्यायालय भवन जिला स्तरीय कार्यालय बनना चाहिए जिला कार्यकारी निधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष दुबे जनपद चंदौली अधिवक्ताओं का आंदोलन लगातार 20 दिनों से चल रहा है फिर भी कोई शासन-प्रशासन के लोग यहां नहीं आए जो कि बेहद दुख है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट जिला कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण तिवारी संतोष कुमार तिवारी अरविंद विश्वकर्मा जिला महासचिव संतोष कुमार विधि प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष एडवोकेट जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कुमार सिंह ओम प्रकाश प्रजापति ओमप्रकाश विश्वकर्मा लोग उपस्थित रहे

## जीवन पुर गांव में जन चौपाल के दौरान गोद भराई का रस्म पूरा करते खंड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारी गण



**सकलडीहा चंदौली** क्षेत्र के जीवनपुर व पटपरा गांव सभा में चलो चौपाल ग्राम चौपाल प्रशासन आपके द्वारा जन चौपाल के तहत भाजपा चौपाल का आयोजन किया गया इसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई

वही समस्याओं से अधिकारीगण रूबरू हुए जन चौपाल के दौरान खंड विकास अधिकारी केके सिंह ने सरकार के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गांव की तमाम समस्याओं से ग्रामीणों में रूबरू भी हुए कहा कि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा

एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने कहा कि आवास शौचालय जल जीवन मिशन विद्या विधवा पेंशन सहित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप तक सीधे पहुंचाने का काम किया जा रहा ह

ै जन चौपाल में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का रस्म पूरा किया वही बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया इसमें पूर्व खाद रसद विभाग पंचायत विभाग स्वच्छ भारत मिशन बेसिक शिक्षा विभाग पशुधन विभाग स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग एन आर एल एम विभाग सहित अन्य विभागों के स्टालों का अवलोकन किया

इस मौके पर एडीओ कोऑपरेटिव आशीष सिंह ग्राम विकास अधिकारी अरविंद गौतम जितेंद्र यादव ग्राम प्रधान बिंदू देवी बेबी चौहान संगठा प्रसाद बलवंत चौहान केदार यादव सहित तमाम विभाग के लोग उपस्थित रहे

# नमन दुबे प्रकरणः एफआईआर निरस्त कराने के लिए एसपी से मिले मनोज डब्लू, बोले, धानापुर के किसान पर एफआईआर दर्ज होने पूरी तरह से गलत



**चंदौली।** किसान नमन दुबे प्रकरण को लेकर सैयदराजा के पूर्व विधायक व सपा नेता मनोज सिंह डब्लू शुक्रवार को एसपी डा. अनिल कुमार से मिले। पुलिस लाइन में हुई मुलाकात के दौरान मनोज सिंह डब्लू ने धानापुर के किसान नमन दुबे पर दर्ज किए गए एफआईआर को खत्म कराने का बात कही।

बताया कि नमन दुबे किसान हैं और उन पर राजनीति से प्रेरित होकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। उनका गुनाह सिर्फ इतना है कि कैनाल पर पहुंचकर उन्होंने खेतों के लिए पानी की मांग की थी, जो सरासर गलत है। कृषि प्रधान देश व कृषि प्रधान जनपद में किसानों का दमन उचित नहीं है।

पुलिस लाइन से बाहर निकलने के बाद सपा नेता सीधे मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि धानापुर के किसान नमन दुबे पर सैयदराजा विधायक के इशारे पर धारा-353, 186, 506, 504 जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उसे शांति भंग की आशंका में धारा-151 के तहत जेल भेज दिया।

तीन दिनों तक जेल में रहने के बाद परिवार के लोगों ने किसी तरह नमन दुबे की जमानत कराई।

इस घटना से परिवार काफी व्यथित है। इसी सिलसिले में एसपी चंदौली डा. अनिल कुमार से मुलाकात कर पूरे प्रकरण को रखा गया है। एसपी इस मामले में सकारात्मक भरोसा दिया है। कहा कि किसान नमन दुबे के ऊपर दर्ज मुकदमा खत्म होना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की राजनीति नहीं चाहता हूं।

कहा कि एफआईआर सींचपाल की तहरीर पर पड़ी हो या फिर किसी के इशारे पर। इस घटना से किसान परिवार परेशान है। लिहाजा उसे खत्म कराने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। चेतावती भी दी कि यदि एफआईआर नहीं हुआ तो किसानों के साथ समाजवादी पार्टी बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

कहा कि पानी नहीं मिलने से धानापुर क्षेत्र के किसान व्यथित हैं। ऐसे में उनका आक्रोश व्यक्त होना लाजिमी है, लेकिन उसके ऊपर मुकदमा दर्ज होना सरासर गलत है। कहा कि यदि जनता हमें माला-पहनाती है और वोट देकर विजयी बनाती है और जब नाराज होती है तो अपना आक्रोश भी दिखाती है। ऐसे में जनप्रतिनिधि को बुरा नहीं मानना चाहिए। अंत में उन्होंने चंदौली के नवागत एसपी डा. अनिल कुमार से हुई मुलाकात को शानदार बताते हुए उनकी तारिफ भी की।

## एडिशनल एसपी व सीओ ने ऑपरेशन दृष्टि के तहत प्रधान व कोटेदार को किया जागरूक



**चंदौली** अलीनगर थाने में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह व पीडीडीयू नगर क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, प्रधानों व जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में पुलिस अधिकारियों ने अपने गांव व इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर जोर दिया, ताकि घटना के बारे में सुराग मिल सके और संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई हो सके।बताया जा रहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर सीसी कैमरे न होने से किसी भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे अपराधी बेखौफ फरार हो जाते हैं। व सार्वजनिक स्थानों और मार्गों की निगहबानी के लिए एसपी डॉ अनिल कुमार ने आपरेशन दृष्टि शुरू किया है। इसके तहत जिले के गांव,बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों, जन सेवा केंद्र गांव के चौराहे,सड़क किनारे कार्यालयों व आवास के मालिकों की मदद से निगहबानी होगी।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विनय सिंह ने कहा कि गांव के दो तीन रास्ते होते हैं। सीसी कैमरा लगाने से होने वाली चोरी की घटनाओं पर रोक थाम लगेगी। उन्होंने पंचायत भवनों के अलावा गांव के प्रधान व कोटेदार व सुविधा सम्पन्न लोगों से सीसी कैमरा अपने दरवाजे पर लगाने की अपील किया।  वहीं किसी प्रकार की घटना घटित होने पर कानूनी कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इसलिए सरकारी भवनों के अलावा अन्य स्थानों पर भी सीसी कैमरा लगायें।इस दौरान सीओ अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि ऑपरेशन दृष्टि के तहत बाजार और गांव सड़क व चौराहा की होगी निगहबानी के लिए जागरूक किया जा रहा। किसी आपराधिक घटना को अंजाम देकर भागते समय सड़क की तरफ लगे किसी भी कैमरे की जद में आने से बदमाश की पहचान होने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सीसीटीवी कैमरा लगवाया है। उन्हें ऑपरेशन दृष्टि के तहत सम्मानित किया जाएगा।इस मौके पर क्राइम सीओ आशुतोष तिवारी,अलीनगर थाना प्रभारी शेषधर पाण्डेय, विशिष्ट उप निरीक्षक मुकेश तिवारी, उप निरीक्षक प्रेम नारायण सिंह, जावेद सिद्दीकी, ताराचंद,व क्षेत्रीय प्रधान व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू शुक्रवार को सैयद राजा विधायक सुशील सिंह के कृत्य पर हमलावर रहे



**शुभ भास्कर सैयदराजा चंदौली** पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू उन्होंने दानापुर निवासी किसान नमन दुबे के परिजनों से मुलाकात कर सैयद राजा विधायक पर बड़ा आरोप लगाया था कि विधायक किसानों को सिंचाई के लिए पानी तो उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं लेकिन तब किसान पानी की मांग करता है तो उस पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा कर उसे जेल भेजने का काम विधायक सैयद राजा द्वारा किया जा रहा है यह कृत्य भाजपा के दोहरे चरित्र का जीता जागता प्रमाण है किसानों की दोगुनी करने वाले किसानों को ही जेल में भेज रहे हैं यही बताती है कि लोकतंत्र की हत्या कर राजतंत्र को स्थापित किया जा रहा है इस दौरान उन्होंने धानापुर निवासी नमन दुबे के परिजनों से मुलाकात की घटना की जानकारी देते हुए दुख व्यक्त किया इस दौरान पूर्व विधायक को नमन की मां और उनकी दादी दें अपनी व्यवस्था बताई काकी उनका बेटा 3 दिनों तक जेल में रहकर घर लौटा है हम सभी खेती के लिए पानी चाहते थे लेकिन मेरे बेटे को पुलिस ने शांति भंग की आशंका में जेल भेज दिया बताया कि नमन दुबे पर पुलिस ने धारा 353 506 504 में मुकदमा भी पंजीकृत किया है परिवार ने बच्चों की फीस जमा करने के लिए पैसे रखे थे जो नमन दुबे की जमानत में खर्च हो गए अब बच्चों की फीस कैसे जमा हो परिवार इसकी चिंता कर रहा है साथ ही परिवार की महिलाओं ने सैयद राजा विधायक सुशील सिंह से मिलकर उनसे माफी मांगने की बात करी ताकि परिवार के बेटे के ऊपर दर्ज मुकदमों को खत्म किया जा सके हम सभी किसी तरह परिवार चलाने वाले लोग हैं इस पर मनोज सिंह डब्लू ने परिवार से व्यक्तिगत रूप से माफी मांगी साथ ही किसानों ने ऐसा करने से मना किया कि यदि आप की शान है और आप सरकार और विधायक से पानी या सुविधाएं मांगेंगे आप को जेल में डाल दिया जाएगा लिहाजा आप सभी की जो भी समस्याएं हैं वह मेरे व्हाट्सएप नंबर पर भेजें मेरा प्रयास होगा कि किसानों व आम जनक की समस्याएं दूर हो इसके लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया जाएगा

## कमालपुर कस्बे में प्रधान ने लगवाया स्ट्रीट लाइट इमामबाड़ा मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाते बिजली कर्मी



**शुभ भास्कर धीना चंदौली** स्थानी कस्बे में प्रधान सुदामा जयसवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगवाया गया इससे अब गलियों व चट्टी चौराहे पर अंधेरा से छुटकारा मिल जाएगा रात के अंधेरे में ग्रामीणों को आवागमन करने में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था शासन द्वारा गांव की गलियों कस्बा व चट्टी चलाओ पर उजाला के लिए स्ट्रीट लाइट लगवाने के निर्देश जारी किया है ताकि आम जनता को रात के अंधेरे मैं घर बाजार जाने में दिक्कत ना हो सके इसके लिए प्रधान सुदामा जायसवाल ने शुक्रवार को गांव के मुख्य रास्ते गलियों बाजारों व चट्टी चौराहों पर दर्जनों स्ट्रीट लाइट लगवाने के काम किया प्रतिनिधि वकीलु रहमान अपने सहयोगी ग्राम सदस्य मुन्ना अली वह चंदन गोंड के साथ बिजली कर्मियों को लेकर दिनभर बिजली के खंभे व अन्य मुख्य स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगवाने का काम किया इससे कस्बा वासियों को दांत के अंधेरे में आवागमन करने में काफी सहूलियत हो जाएगी प्रधान के इस कार्य से ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे हैं

**शिलान्यास** इस अवसर पर डीडीयू मंडल के 7 स्टेशनों के पुनर्विकास का होगा शिलान्यास

## माननीय प्रधानमंत्री जी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर में 508 स्टेशनों के पूर्ण विकास का करेंगे शिलान्यास



**मानवेंद्र जायसवाल/शुभ भास्कर डीडीयू नगर चंदौली** माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के साथ स्टेशनों गया अनुग्रह नारायण रोड सासाराम भभुआ रोड़ कुंद्रा दुर्गावती तथा चंदौली मझवार स्टेशनों शहीद देश भर में 508 रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास का शिलान्यास किया जाएगा सभी स्टेशनों पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि गढ़ अन्य गणमान्य सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों व आमजन की उपस्थिति रहेगी इसके अलावा इस शिलान्यास कार्यक्रम के क्रम में स्कूली बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता चित्रकारी प्रतियोगिता आदि का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा विदित हो कि रेल मंत्रालय द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना का नाम से स्टेशनों के आधुनिकरण के लिए एक नई नीति तैयार की गई है हमारी भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तीन स्टेशनों पर भविष्य में यात्रियों की सुविधा शुभ माता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार स्टेशन भवन व प्रवेश एवं विकास द्वार फुट ओवर ब्रिज कॉर्नर कोष प्लेटफार्म सर्कुलेटिंग एरिया पार्किंग दिव्यांग सुविधाओं प्रकाश व्यवस्था बैठने की व्यवस्था पेयजल व्यवस्था स्वच्छता व्यवस्था पहुंच पथ संकेत एवं निर्देश बोर्ड ट्रेन डिस्प्ले और उद्घोषणा प्रणाली सुन दिखणादी संबंधी आवश्यक विकास का कार्य किया जाएगा

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर  स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम  बिहार, झारखण्ड मो0-  7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार  सभी  न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।